सूर्योदय 6:19 सूर्यास्त 5:59

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11 न्यू | 19 अधि |
| धर्मशाला | 16 न्यू | 27 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,790.12 |
| निफ्टी | 25,077.65 |

सोना 1,19,249 चांदी 1,48,833

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 7 अक्तूबर 2025 | 22 आश्विन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 280, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### हिमाचल हाईकोर्ट में दो नए जजों ने ली शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में सोमवार को एक गरिमामय समारोह के दौरान जिया लाल भारद्वाज और रोमेश वर्मा ने न्यायाधीश पद की शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश जीएस संधावालिया ने दोनों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। दोनों न्यायाधीशों की नियुक्ति से हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय की न्यायिक दक्षता और न्याय वितरण की प्रक्रिया को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। समारोह में न्यायपालिका के वरिष्ठ सदस्य, अधिवक्ता, न्यायाधीशों के परिजन और कई व्यक्ति उपस्थित रहे।

### सीजेआई गवई पर वकील ने फेंका जूता

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को एक वकील ने सीजेआई बीआर गवई पर हमला करने की कोशिश की। यह घटना उस समय हुई, जब सीजेआई की बेंच एक मामले की सुनवाई कर रही थी। कोर्ट रूम में मौजूद वकीलों ने बताया कि एक वकील ने सीजेआई की तरफ जूता फेंका। हालांकि, जूता उनकी बेंच तक नहीं पहुंच सका। सुरक्षाकर्मियों ने फौरन उसे पकड़ लिया। बाहर जाते वक्त वकील ने नारा लगाया, 'सनातन का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान।' वहीं, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने आरोपी वकील राकेश किशोर कुमार का लायसेंस रद्द कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

### जलपाईगुड़ी में भाजपा सांसद खगेन पर हमला

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में भाजपा सांसद खगेन मुर्मू पर जानलेवा हमला किया है। इसे लेकर भाजपा नेता अमित मालवीय ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'बंगाल में टीएमसी का जंगलराज! उत्तरी मालदा से दो बार सांसद रहे और एक सम्मानित आदिवासी नेता, भाजपा सांसद खगेन मुर्मू पर टीएमसी के गुंडों ने उस समय हमला किया, जब वे जलपाईगुड़ी के दुआर्स क्षेत्र के नागराकाटा में विनाशकारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के बाद राहत और बचाव कार्यों में मदद करने जा रहे थे। (अनंत ज्ञान)

### वांगचुक केस: कोर्ट ने केंद्र को भेजा नोटिस

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को जोधपुर जेल में बंद सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक से जुड़ी हेबियस कार्पस (बंदी प्रत्यक्षीकरण) की याचिका पर सुनवाई हुई। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी करके सोनम वांगचुक की पत्नी की याचिका पर जवाब मांगा है। वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो की याचिका में पति की एनएसए के तहत गिरफ्तारी को चुनौती दी गई थी। साथ ही उनकी तत्काल रिहाई की मांग की गई थी। मामले की सुनवाई 14 अक्तूबर तक टल गई है। (अनंत ज्ञान)


## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- अमरोह- कुठेड़ा के ग्रामीणों ने नए पटवारखाने का किया विरोध -पेज 2
- निजी शिक्षण संस्थानों में डीएलएड की भरी जाएंगी 718 रिक्त सीटें -पेज 5
- हिमाचल की संस्कृति व खेलों का आपस में गहरा नाता: अग्निहोत्री -पेज 7
- धर्मपुर बस स्टैंड की खातिर तोड़ डाला कानून -पेज 9
- इंसान की भांति देवताओं की भी आपस में बंधी है रिश्तों की डोर -पेज 11


# बर्फबारी-बारिश से बढ़ीं दुश्वारियां

## राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश से गिरा तापमान

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**शिमला।** हिमाचल में पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश से तापमान में भारी गिरावट आ गई है। लाहौल-स्पीति, कुल्लू और चंबा के ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी हो रही है। बर्फबारी के बाद सड़क पर फिसलन बढ़ गई है। अटल टनल और सिस्सू के बीच जाम लग गया है। इससे 100 से ज्यादा गाड़ियां फंस गई हैं। बर्फबारी के कारण कोकसर-पलचान (रोहतांग पास), कोकसर-लोसर (कुंजम टॉप) और चंद्रताल सड़क बंद कर दी गई है। वहीं, चंबा के मणिमहेश, कुगती व होली में दो सेंटीमीटर तक बर्फबारी हुई है। उधर, प्रदेश के निचले और मध्यम ऊंचाई वाले इलाकों में मूसलाधार बारिश हो रही है, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मनाली का अधिकतम तापमान 7.8 डिग्री तक गिर गया है। यहां तापमान 15.6 डिग्री पहुंच गया है। केलांग का न्यूनतम तापमान 0.1 डिग्री सेल्सियस रह गया है। चंबा के डलहौजी के न्यूनतम तापमान में 6.3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।

**अटल टनल और सिस्सू के बीच लगा जाम, 100 गाड़ियां फंसीं**

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, 7 अक्तूबर को कुछ स्थानों पर भारी बारिश का येलो अलर्ट है। 8 अक्तूबर को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। इस दौरान उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी होगी। 9 अक्तूबर से पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने के आसार हैं। सोमवार को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी व लाहौल-स्पीति जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट और जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया था।

### अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय गुप्ता के सर्दियों से पहले सभी कार्य सुनिश्चित करने के आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने सोमवार को शीतकालीन मौसम से पूर्व की तैयारियों को लेकर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में सड़कों की मरम्मत, बर्फ हटाने की योजनाओं और आवश्यक सेवाओं की निरंतरता पर विशेष चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि सभी विभाग समय रहते तैयारियों को पूरा करें, ताकि सर्दियों में आम जनता और पर्यटकों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अधिकारियों को सर्दी शुरू होने से पहले सभी संवेदनशील क्षेत्रों में समुचित इंतज़ाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को किरतपुर-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग के सभी हिस्सों में कम से कम दो लेन हर समय खुला रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान क्षतिग्रस्त हुए मार्गों की मरम्मत और पुनःबहाली कार्यों में और तेजी लाई जाए, ताकि 120 प्रभावित सड़कों में से अधिकतर इस माह के अंत तक बहाल हो सकें। एनएचएआई अधिकारियों ने अवगत करवाया कि भारी वर्षा के बावजूद अधिकांश मार्गों पर यातायात को दो लेन में सुचारु रखा गया है। लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. अभिषेक जैन ने बताया कि विभाग पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए नई सड़कों के निर्माण की बजाय मौजूदा सड़कों को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग ने तकनीकी सहायता के लिए आईआईटी रोपड़ से साझेदारी की है, जिससे कार्य में दक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता बढ़ेगी। साथ ही, जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों के मद्देनजर जलवायु-प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे के विकास पर भी बल दिया जा रहा है।

### इस बार तीन वैज्ञानिकों को मिला मेडिसिन का नोबेल



मैरी ई. ब्रंकॉ | फ्रेड राम्सडेल | शिमोन साकागुची

**एजेंसी, स्कॉटहोम**

साल 2025 का मेडिसिन नोबेल प्राइज मैरी ई. ब्रंकॉ, फ्रेड राम्सडेल और शिमोन साकागुची को मिला है। इन्हें यह प्राइज पेरीफेरल इम्यून टॉलरेंस के क्षेत्र में किए गए रिसर्च के लिए दिया गया है। इसमें उन्होंने खोज की है कि शरीर के शक्तिशाली इम्यून सिस्टम को कैसे कंट्रोल किया जाता है, ताकि यह गलती से हमारे अपने अंगों पर हमला न करे। दरअसल, हमारा इम्यून सिस्टम हर दिन हजारों-लाखों सूक्ष्मजीवों से हमारी रक्षा करता है। ये सभी सूक्ष्मजीव अलग-अलग दिखते हैं। कई ने तो अपने आप को मानव कोशिकाओं जैसा दिखाने की क्षमता विकसित कर ली है, जिससे इम्यून सिस्टम को यह पहचानना मुश्किल हो जाता है कि हमला किस पर करना है व किसकी रक्षा करनी है। (अनंत ज्ञान)

#### इम्यून सिस्टम के रेगुलेटरी टी सेल्स की पहचान की

**ब्रंकॉ,** राम्सडेल और साकागुची ने इम्यून सिस्टम के 'सुरक्षा गार्ड' यानी रेगुलेटरी टी सेल्स की पहचान की, जो यह सुनिश्चित करती हैं कि इम्यून सेल हमारे अपने शरीर पर हमला न करें। इसके आधार पर कैंसर और ऑटोइम्यून रोगों के इलाज खोजे जा रहे हैं। इसके अलावा इन खोजों की मदद से ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन (अंग प्रत्यारोपण) में भी मदद मिल रही है। इसके अलावा कई इलाज अब क्लिनिकल ट्रायल के दौर से गुजर रहे हैं। इन तीनों को 10 दिसंबर को स्टॉकहोम में 10.3 करोड़ रुपए, गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट इनाम के तौर पर दिया जाएगा।

# बिहार में छठ के बाद 2 फेज में होंगे चुनाव

## 6 और 11 नवंबर को वोटिंग, 14 नवंबर को आएंगे नतीजे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर 2 फेज में वोटिंग होगी। मतदान 6 और 11 नवंबर को और नतीजे 14 नवंबर को आएंगे। चुनाव आयोग ने सोमवार शाम 4 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। चुनाव के ऐलान से काउंटिंग तक की प्रक्रिया 40 दिन चलेगी। पहले फेज की वोटिंग छठ के 8 दिन बाद होगी। सभी राजनीतिक दलों ने वोटिंग की तारीखें दिवाली और छठ के बाद रखने की अपील की थी। 2010 में इलेक्शन प्रोसेस 61 दिन, 2015 में 60 दिन और 2020 में 47 दिन चली थी। इस तरह पिछले 15 साल में इस बार चुनाव सबसे कम अवधि में पूरे कराए जाएंगे।

राज्य में 243 सीटें हैं, जिनमें करीब 7.42 करोड़ वोटर हैं। इनमें 100 साल ऊपर के 14 हजार वोटर शामिल हैं। पोलिंग बूथ जाने में असमर्थ लोग फॉर्म 12डी भरकर घर से वोट डाल सकेंगे। राज्य में 14 लाख लोग पहली बार वोट डालेंगे। इस बार वोटर बूथ तक मोबाइल ले जा सकेंगे। (अनंत ज्ञान)



**राज्य में कुल 7.42 करोड़ मतदाता, 14 लाख पहली बार करेंगे वोटिंग**

### राज्य में 40 साल बाद होंगे 2 फेज में चुनाव

**बिहार** में 40 साल बाद दो फेज में चुनाव होने जा रहे हैं। इससे पहले 1985 में चुनाव 2 फेज में हुए थे। भाजपा और आरजेडी ने 2 फेज में चुनाव कराने की मांग की थी। जेडीयू ने एक फेज में चुनाव कराने को कहा था। पिछले चुनाव यानी 2020 में 3 फेज में 20 अक्तूबर से 7 नवंबर के बीच वोटिंग हुई थी। 10 नवंबर को नतीजे घोषित हुए थे। इससे पहले 2015 में 5 फेज में 12 अक्तूबर से 5 नवंबर के बीच वोटिंग और 8 नवंबर को नतीजे आए थे।

### पटना में दौड़ी मेट्रो, सीएम ने दिखाई हरी झंडी

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के ऐलान से पहले पटना मेट्रो की शुरुआत हो गई है। सोमवार को सीएम नीतीश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो से सफर भी किया। वह जीरोमाइल होते हुए भूतनाथ तक गए।

### उपचुनाव: 7 राज्यों में 11 नवंबर को वोटिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 7 राज्यों की 8 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का ऐलान कर दिया है। इन सीटों पर 11 नवंबर को वोट डाले जाएंगे, 14 नवंबर को नतीजे आएंगे। जम्मू-कश्मीर में बडगाम और नगरोटा, राजस्थान में अंता, झारखंड में घाटसिला, तेलंगाना की जुबली हिल्स, पंजाब की तरनतारन, मिजोरम की डंपा और ओडिशा की नुआपाडा विधानसभा सीट पर चुनाव होना हैं। जम्मू और कश्मीर में दो विधानसभा सीटें बडगाम और नगरोटा अक्तूबर, 2024 से खाली हैं। 2024 के विधानसभा चुनावों के तुरंत बाद बडगाम सीट खाली हो गई थी, जब मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गंदेरबल सीट को अपने पास रखने का फैसला किया था। यह सीट 21 अक्तूबर, 2024 से खाली है। दूसरी ओर, नगरोटा सीट विधायक देवेंद्र सिंह राणा के निधन के बाद 31 अक्तूबर, 2024 को खाली हो गई थी। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल कांग्रेस में फिर उथल-पुथल

## दिल्ली दरबार में सीएम की मुलाकातें, अध्यक्ष चयन पर माथापच्ची जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल कांग्रेस एक बार फिर असमंजस में है। सरकार और संगठन के बीच तालमेल की कमी अब खुलकर सामने आने लगी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का दिल्ली दौरा इन्हीं टूटे तारों को जोड़ने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है, लेकिन नतीजा फिलहाल धुंध में है। हिमाचल प्रदेश में पिछले 11 महीनों से कांग्रेस संगठन और ढांचे के चल रहा है, जो पार्टी की अंदरूनी कमजोरी को उजागर कर रहा है। सुक्खू बीती शाम दिल्ली पहुंचे, पर बड़े नेता मौजूद नहीं होने के चलते चर्चा अधूरी रह गई। उनका यह दौरा गोपनीय रखा गया, जिससे राजनीतिक हलकों में अटकलों का बाजार गरम है।

**गोपनीय दौरे से अटकलों का बाजार गर्म**

### ये नाम हैं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की दौड़ में

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर, कुलदीप राठौर, आशीष बुटेल और विनय कुमार के नाम अध्यक्ष पद की दौड़ में हैं, लेकिन किसी पर सहमति नहीं बन पा रही। कांग्रेस के भीतर यह असंतुलन सरकार की कार्यशैली और संगठन की निष्क्रियता दोनों पर सवाल खड़ा कर रहा है। अब जबकि पंचायत चुनाव सिर पर हैं, प्रदेश कांग्रेस के पास न स्पष्ट नेतृत्व है, न मजबूत संगठन। ऐसे में सबकी निगाहें अब सुक्खू के इस दिल्ली दौरे पर टिकी हैं। क्या वह संगठन में नई जान फूंक पाएंगे या हिमाचल कांग्रेस यूं ही दिशाविहीन बनी रहेगी।

### कांग्रेस हाईकमान पहले बनाएगा नया अध्यक्ष, उसके बाद संगठन!

**सूत्रों** की मानें तो दिल्ली में मीटिंग में उपरोक्त सब नामों को लेकर चर्चा होगी और इसके बाद नए अध्यक्ष के नाम का ऐलान हो सकता है। कांग्रेस हाईकमान पहले अध्यक्ष बनाएगा, इसके बाद संगठन बनाया जाएगा। फिलहाल प्रदेश में इकलौती पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ही हैं। कांग्रेस का पूरा संगठन बीते साल 6 नवंबर को हाईकमान ने भंग कर दिया था।

# केसीसी बैंक में बनेगी नई एचआर नीति: एमडी

## बोले- हर अधिकारी के लिए भूमिका और जवाबदेही तय करेगी यह पॉलिसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

केसीसी बैंक में नई एचआर नीति तैयार की जाएगी, जो नियमों और प्रक्रियाओं को स्पष्ट करेगी और हर अधिकारी के लिए भूमिका और जवाबदेही तय करेगी। वहीं, बैंक मुख्यालय में एक नामित सेल स्थापित किया जाएगा, ताकि हितधारकों के साथ दोतरफा और पारदर्शी संचार सुनिश्चित किया जा सके। यह बात केसीसी बैंक के प्रबंध निदेशक जफर इकबाल ने सोमवार को बैंक मुख्यालय में प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर बोर्ड को निलंबित किए जाने के बाद, बैंक को सहकारी बैंकों में सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए कठोर सुधार लागू किए जा रहे हैं।



बैंक मुख्यालय में प्रेस वार्ता करते केसीसी बैंक के प्रबंध निदेशक जफर इकबाल।

मार्च 2026 तक सकल एनपीए को नाबार्ड के मानक यानी 10 प्रतिशत से नीचे लाने का लक्ष्य रखा गया है। लंबित पड़ी प्रमुख पदोन्नति और भर्ती प्रक्रिया को दो माह में शुरू किया जाएगा। बैंक का शुद्ध एनपीए, जोकि 31 मार्च 2022 को 15 प्रतिशत था, अब घटकर 4.38 प्रतिशत पर आ गया है। यह प्रदर्शन नाबार्ड के 5 प्रतिशत से नीचे शुद्ध एनपीए रखने के दिशा-निर्देश का सफलतापूर्वक पालन करता है। सकल एनपीए में गिरावट दर्ज की गई है, जोकि 31 मार्च 2022 को लगभग 30 प्रतिशत था, जो अब घटकर 19 प्रतिशत हो गया है। बैंक ने 31 मार्च, 2026 तक सकल एनपीए को नाबार्ड के मानक यानी 10 प्रतिशत से नीचे लाने का लक्ष्य रखा है । बैंक ने 809 करोड़ रुपए के कुल एनपीए के विरुद्ध 651 करोड़ रुपए का प्रावधान पहले ही किया हुआ है, जो भविष्य की किसी भी संभावित हानि को अवशोषित करने की बैंक की क्षमता को दर्शाता है।

### जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल में लगी आग, 8 मरीजों की मौत

**एजेंसी, जयपुर।** जयपुर के सवाई मान सिंह (एसएमएस) हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर के आईसीयू में रविवार देर रात आग लग गई। हादसे में 8 मरीजों की मौत हो गई। इनमें 3 महिलाएं शामिल हैं। रात 11 बजकर 20 मिनट पर यह आग ट्रॉमा सेंटर के न्यूरो आईसीयू वार्ड के स्टोर में लगी। यहां पेपर, आईसीयू का सामान और ब्लड सैंपलर ट्यूब रखे थे। ट्रॉमा सेंटर के नोडल ऑफिसर और सीनियर डॉक्टर ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है। हादसे के समय आईसीयू में 11 मरीज थे। उसके बगल वाले आईसीयू में 13 मरीज थे। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली में 18 साल की मेडिकल स्टूडेंट से एक महीने तक रेप

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली में एक 18 साल की एमबीबीएस स्टूडेंट से एक महीने तक रेप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने शुक्रवार को एफआईआर दर्ज कराई, जिसकी जानकारी अब सामने आई है। पुलिस के मुताबिक, 20 साल के एक युवक ने उसे दिल्ली के आदर्श नगर स्थित एक होटल में पार्टी के बहाने बुलाया था। वहां उसके दो दोस्त भी थे। तीनों ने उसकी ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिला दिया। युवती के बेहोश होने पर मुख्य आरोपी ने उसका रेप किया, जबकि अन्य दो युवकों ने इसे रिकॉर्ड किया। पीड़ित के मुताबिक, मुख्य आरोपी के दोस्तों ने भी उसका यौन उत्पीड़न किया। (अनंत ज्ञान)






**सुरक्षा** एक और युद्धपोत भारतीय नौसेना में शामिल, निर्माण में उपयोग 80% सामान भारतीय

# समंदर में दुश्मन की पनडुब्बियों को तबाह करेगा 'आंद्रोत'

**एजेंसी, विशाखापट्टनम**

भारतीय नौसेना सोमवार को अपने दूसरे एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट आईएनएस आंद्रोत को फ्लीट में शामिल किया। यह समारोह विशाखापट्टनम नौसैनिक डॉकयार्ड में होगा। इसकी अध्यक्षता वाइस एडमिरल राजेश पेंढरकर, ईस्टर्न नेवल कमांड के चीफ करेंगे। आईएनएस आंद्रोत का निर्माण भारतीय शिपयार्ड कंपनी कोलकाता की गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स ने किया है। इसमें निर्माण में 80% से ज्यादा स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया गया है।

इस जहाज से नौसेना की पनडुब्बी हमला रोकने की क्षमता मजबूत होगी। सबसे ज्यादा फायदा तटीय इलाकों में होगा, क्योंकि इसे कम पानी में एक्शन लेने के लिए डिजाइन किया गया है। आंद्रोत नाम लक्षद्वीप के सबसे बड़े द्वीप आंद्रोत से लिया गया है। यह द्वीप अपनी खूबसूरती और सांस्कृतिक महत्व के लिए भी जाना जाता है। बीते कुछ समय में नौसेना ने कई एडवांस जहाज अपनी फ्लीट में शामिल किए हैं। इनमें अर्नाला, निस्तार, उदयगिरि, नीलगिरि शामिल हैं। ये सभी जहाज देश की 'आत्मनिर्भर भारत' की भावना को दर्शाते हैं, जिनमें ज्यादातर चीजें, डिजाइन और तकनीक भारत में ही बनाई गई हैं।



गौर रहे कि इंडियन नेवी को इस साल 26 अगस्त को दो नए युद्धपोत आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि मिले थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कमीशनिंग सेरेमनी में कहा था कि नौसेना ने स्वदेशी एफ-35 युद्धपोत कमीशन किया है। एक देश के पास उड़ने वाला एफ-35 है। ये पूरी तरह से भारत में बना है। दोनों युद्धपोत इस तरह डिजाइन किए गए हैं कि ये दुश्मन के रडार, इंफ्रारेड और वॉयस सेंसर से बचे रहेंगे। इनकी तैनाती इंडो-पेसिफिक क्षेत्र में होगी। (अनंत ज्ञान)

### 2035 तक 175 जहाजों की नौसेना बनाना है लक्ष्य

**भारतीय** नौसेना के पास वर्तमान में कुल 20 पनडुब्बियां हैं। इनमें 2 परमाणु-संचालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बियां, एक परमाणु-संचालित अटैकर पनडुब्बी, 17 ट्रेडिशनल डीजल-इलेक्ट्रिक अटैकर पनडुब्बियां हैं। 13 विध्वंसक जहाज हैं। इनके अलावा 15 फ्रिगेट्स, 18 कॉर्वेट्स, एक उभयचर परिवहन डॉक, 4 टैंक लैंडिंग जहाज, 8 लैंडिंग क्राफ्ट यूटिलिटी, एक माइन काउंटरमेजर जहाज और 30 गश्ती जहाज हैं। भारतीय नौसेना का लक्ष्य 2035 तक 175 जहाजों की नौसेना बनाना है, जिसमें 50 जहाज वर्तमान में निर्माणाधीन हैं। 2025 तक, भारतीय नौसेना के पास लगभग 135+ युद्धपोत सक्रिय सेवा में हैं। इनमें विभिन्न प्रकार के जहाज शामिल हैं। वहीं, आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत समेत 2 मॉडर्न विमानवाहक पोत हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### व्यक्ति से 1.002 किलोग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, भोटा।** भोटा पुलिस ने अग्घार में सेवन स्टार स्कूल के पास एक व्यक्ति से 1.002 किलोग्राम चरस बरामद की है। आरोपी का नाम मनीष कुमार पुत्र चंचल सिंह उम्र 39 वर्ष निवासी गांव चंगर रोपा डाकघर नाल्टी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस सहायता कक्ष भोटा के हेड कांस्टेबल अनिल चंदेल अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान सेवन स्टार स्कूल की तरफ से पैदल आ रहे एक व्यक्ति के ऊपर पुलिस की नजर पड़ी। पुलिस ने उक्त व्यक्ति को शक के आधार पर रोका और उसकी तलाशी ली तो आरोपी के बैग से पुलिस को चरस की 1.002 किलोग्राम मात्रा बरामद की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### गलोड़ में 8 और 10 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** विद्युत उपमंडल गलोड़ के अंतर्गत 33-11 केवी के तहत आने वाले फाहल फीडर पर पेड़ों की टहनियों की छंटाई व मरम्मत कार्यों के चलते इस एरिया के अंतर्गत आने वाले गांव बुधवीं, गुरियाह, खास गलोड़, हड़ेटा, मंडियाली, भालू आदि गांवों में दिनांक 10 अक्टूबर को सुबह 9 से लेकर शाम 5 बजे तक और डडोह झरमाणी मरगुल टिहरी फाइल भतनेड़ी कोटलु फारसी की बिजली 8 अक्टूबर को पूर्ण रूप से बंद रहेगी। सहायक अभियंता शिवम डोगरा विद्युत उपमंडल गलोड़ ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### भोरंज क्षेत्र में 9 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के विद्युत उपमंडल के तहत 9 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक भोरंज, ढो, डेरा परोल, लुदर और एक्सप्रेस फीडर क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह विद्युत आपूर्ति बंदी 11 केवी फीडरों पर रखरखाव एवं मरम्मत कार्य के कारण की जा रही है। इस कार्य का उद्देश्य क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति को बेहतर और सुचारू बनाना है। एसडीओ वीरेंद्र कुमार ने बताया कि अगर मौसम खराब रहा या कोई अन्य बाधा आई तो यह कार्य 10 अक्टूबर को पूरा किया जाएगा। विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से इस दौरान सहयोग की अपील की है और असुविधा के लिए खेद जताया है।

### ददंवीं समताणा में कल लगेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** 33केवी/ 11केवी विद्युत उपकेंद्र बिझड़ी कोटला के अंतर्गत 11 केवी धंगोटा फीटर के अधीन विद्युत लाइन आवश्यक मुरम्मत रखरखाव के चलते 8 अक्टूबर को लाइन के नजदीक पेड़ों की टहनियों की कांट छांट के चलते ग्राम पंचायतों दरब्योड़ा, ददंवीं समताणा, बरोटी, पपलोहल कठियाणा जनैहण, बैल आदि में विद्युत सप्लाई सुबह 9:00 बजे से लेकर 5:00 बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता ई रामेश बधण ने दी।

### हमीरपुर पुलिस के 6 कर्मी बने उप निरीक्षक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर में पुलिस लाइन में आयोजित अलंकरण समारोह में पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने छह पुलिस कर्मियों को उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति मिलने पर स्टार लगाकर सम्मानित किया। पदोन्नत अधिकारियों में राजमल, राजेन्द्र कुमार, संजीव सिंह, राज कुमार, अरविंद कुमार और विनय कुमार शामिल हैं। इस अवसर पर एएसपी राजेश कुमार, एएसपी रेणु शर्मा और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### एक्सीलेंस अवार्ड ऑफ इंडिया से सम्मानित राजन

**संजीव, अनंत ज्ञान, भोटा।** हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की पंचायत भगोटू के राजन कुमार को सामाजिक सेवा और दिव्यांग सशक्तिकरण में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित एक्सीलेंस अवार्ड ऑफ इंडिया 2025 से सम्मानित किया गया। 100 प्रतिशत दिव्यांग होते हुए भी वे समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं और दिव्यांगों के हितों के लिए निरंतर आवाज उठाते रहे हैं। यह सम्मान 5 अक्टूबर को पालमपुर के एक निजी पैलेस में आयोजित भव्य समारोह में बॉलीवुड स्टार दिशांत गुलिया और पंजाबी सिंगर अब्राहम ने प्रदान किया। कार्यक्रम का आयोजन वर्सेटाईल जगगज एंटरटेनमेंट ने किया, जिसमें जग्गी औलख और ब्रांड एंबेसडर सोनाली शर्मा की टीम ने इसे यादगार बनाया। राजन कुमार ने कहा कि यह पुरस्कार केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि उन सभी दिव्यांग साथियों की जीत है जो संघर्ष के बावजूद हार नहीं मानते। यह सम्मान उन्हें समाज के लिए और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देता है।

### नगर परिषद के चुनावों को लेकर ड्राफ्ट तैयार

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** नगर परिषद सुजानपुर में नगर परिषद के होने वाले चुनाव हेतु मतदाता सूची का ड्राफ्ट तैयार हो चुका है। जो कि जनता के अवलोकनार्थ हेतु नगर परिषद सुजानपुर कार्यालय में उपलब्ध है। उप मंडल अधिकारी नागरिक विकास शुक्ला ने बताया कि कोई भी मतदाता अपना नाम उस सूची में चेक कर सकता है और किसी भी प्रकार की दुरुस्ती के लिए अपना आक्षेप और आपत्ति नगर पालिका चुनाव रूल्स 2015 के तहत फॉर्म न 4, 5, 6 में रिवाइजिंग ऑफिसर के पास 17 अक्टूबर तक दे सकता है।

### बीएड व डीएलएड के नए सत्र का आगाज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में बीएड व डीएलएड के नए सत्र 2025-27 का आगाज किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना, कुलगीत गायन तथा धार्मिक भजन गाकर छात्रों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज राजेश्वरी शिक्षा सोसायटी के सेक्रेटरी कुलबीर सिंह रहे। उन्होंने प्रशिक्षुओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा कॉलेज प्राचार्य डॉ राज कुमार धीमान ने कॉलेज प्रबंधन कमेटी के चेयरमैन मनजीत सिंह, सेक्रेटरी कुलबीर सिंह, सम्पूर्ण स्टॉफ तथा छात्रों का स्वागत व धन्यवाद किया। इस उपलक्ष्य पर कॉलेज प्राचार्य डॉ राज कुमार धीमान, बीएड, डीएलएड, बीए की छात्रों सहित संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा।

### खेलों से होता शारीरिक व मानसिक विकासः सुरेश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** छात्राओं की अंडर-19 जिला स्तरीय प्रतियोगिता सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गौना-करौर में आरंभ हो गई। भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने इस प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस प्रतियोगिता में 16 विद्यालयों की 157 छात्राएं हॉकी, बास्केटबॉल और हैंडबॉल की तीन मुख्य स्पर्धाओं में भाग ले रही हैं। इस अवसर पर आयोजन समिति और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं और विशेषकर विद्यार्थी जीवन में खेलकूद अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। खेलों से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी विकसित होता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से इस प्रतियोगिता में उच्च खेल भावना के साथ भाग लेने की अपील की।

### धनेटा में बालिकाओं की खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धनेटा में जिला स्तरीय बालिकाओं की खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन शुरू हुआ। मुख्य अतिथि सुनील दत्त बिट्टू ने सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिताओं का विधिवत उद्घाटन किया। इस प्रतियोगिता में छह खंडों से लगभग 280 छात्राएं कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन आदि खेलों में भाग ले रही हैं। प्रतियोगिताओं का संचालन प्रमुख अध्यापक राजेश कुमार सहित अन्य पर्यवेक्षकों और कोचों द्वारा किया जा रहा है। मुख्य अतिथि ने नादौन में बन रहे नॉर्थ इंडिया के सबसे बड़े इनडोर स्टेडियम का जिक्र करते हुए बच्चों को खेलने के नए अवसर मिलने की बात कही और खेल भावना से खेलने का संदेश दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का चयन 14 से 18 अक्टूबर तक चैपाल में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए किया जाएगा। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और खेल विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### 25 स्कूलों की 160 छात्राएं दिखाएंगी दमखम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डिडवीं में छात्राओं की अंडर-19 जिला स्तरीय इंडोर खेल प्रतियोगिता का सोमवार को शुभारंभ हुआ। हिमाचल प्रदेश नशा निवारण बोर्ड के संयोजक एवं सलाहकार नरेश ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस प्रतियोगिता में जिले के 25 विद्यालयों की लगभग 160 छात्राएं जूडो, बॉक्सिंग, रेसलिंग, ताइक्वांडो, भारोत्तोलन, टेबल टेनिस सहित नौ इंडोर खेलों में भाग ले रही हैं। मुख्य अतिथि नरेश ठाकुर ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और प्रदेश सरकार द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु डाइट मनी में वृद्धि, नादौन में इंडोर स्टेडियम निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इससे पूर्व, प्रधानाचार्य एवं आयोजन सचिव शैली शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उद्घाटन समारोह में अनेक गणमान्य लोग व खेल समन्वयक उपस्थित रहे।

# अमरोह और कुठेड़ा के ग्रामीणों ने नए पटवारखाने के स्थान का किया विरोध

## प्रशासन की अनदेखी से भड़का ग्रामीणों का गुस्सा, धरना-प्रदर्शन की दी चेतावनी

**एके शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गलोड़।** गलोड़ तहसील के अंतर्गत अमरोह और कुठेड़ा गांव के लोग कड़साई में बनाए गए नए पटवारखाने के स्थान के विरोध में एक बार फिर सड़कों पर आ गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन ने उनकी मांगों को अनदेखा कर दिया है और उन्हें बिना सूचित किए, बिना स्थानीय पंचायत सरेड़ी की सहमति और अनापत्ति प्रमाण पत्र के उनके गांव को कड़साई पटवारखाने में जोड़ दिया है।

ग्रामीणों का कहना है कि कड़साई गांव उन्हें काफी दूर है और वहां पहुंचना विशेषकर महिलाओं के लिए जंगल के रास्ते के कारण कठिन है। वहीं, उनका पंचायत घर, बैंक, मुख्य बस अड्डा, दुकानें और अन्य आवश्यक सुविधाएं सरेड़ी में ही उपलब्ध हैं, इसलिए पटवारखाने का स्थान बदलना उनकी



अमरोह और कुठेड़ा गांव के निवासियों ने प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया।

रोजमर्रा की जिंदगी पर विपरीत प्रभाव डाल रहा है।

अमरोह-कुठेड़ा के लोगों ने सोमवार को अपने गांव में एक बैठक कर जिला प्रशासन और सरकार के खिलाफ गहरा रोष जताया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे धरना प्रदर्शन करेंगे और इस आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन और सरकार पर होगी।

इस विरोध के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि कुछ लोग विरोध को दबाने के लिए लोगों के हस्ताक्षर करवा रहे

**बिना पंचायत की सहमति के कड़साई पटवारखाने में जोड़ा गया गांव**

हैं, साथ ही उन्हें लालच और डर दिखाकर गुमराह किया जा रहा है। ग्रामीणों में कमल जीत, तिलक राज, किशोरी, हंस राज, जीत राम, सरन दास सहित कई अन्य ने प्रशासन से शीघ्र समस्या का समाधान करने की अपील की। इस मामले में जिलाधीश हमीरपुर अमरजीत सिंह ने कहा कि दो गांवों के लोग उनसे मिले हैं और उन्होंने इस मुद्दे पर सभी पहलुओं पर विचार कर आगामी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। अमरोह गांव के पूर्व प्रधान विद्या प्रकाश ने कहा कि सरकार का यह अन्यायपूर्ण व्यवहार किसी भी ग्रामीण के लिए स्वीकार्य नहीं है और वे पूर्ण रूप से इसका विरोध करेंगे।

# दलितों पर अत्याचार के खिलाफ गांधी चौक में किया धरना-प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की हमीरपुर जिला कमेटी ने प्रदेश में दलितों पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में गांधी चौक पर धरना प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन राज्य कमेटी के आह्वान पर किया गया, जिसमें सीटू पदाधिकारियों ने जिलाधीश के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा और दलितों पर बढ़ते हमलों की निंदा करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की।

धरने में शिमला के चिड़गांव के जंगला गांव की घटना का उल्लेख किया गया, जहां एक 12 वर्षीय दलित बालक को उच्च जाति की महिला के घर में प्रवेश करने पर अस्तबल में बंद

**सीटू जिला कमेटी ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन**

किया गया, जिसके चलते उसने आत्महत्या कर ली। कुल्लू की सेंज घाटी में एक दलित महिला से बलात्कार कर शव को क्षत-विक्षत करने और दशहरे के दौरान एक अधिकारी के साथ मारपीट जैसी घटनाओं पर भी चिंता जताई गई। बड़सर में दलित के अंतिम संस्कार को लेकर हुए विवाद का भी हवाला दिया गया। धरने में डॉ. कश्मीर सिंह, जोगिंदर कुमार, अजय शर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और जातीय हिंसा में शामिल दोषियों को सजा दिलाने की मांग की।

# बड़सर की राजनीति में परिवारवाद को कोई जगह नहीं

## पूर्व विधायकों के परिवार राजनीति से दूर, पेशेवर क्षेत्रों में दिखा रहे दम

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** देवभूमि हिमाचल प्रदेश में परिवारवाद की राजनीति के कई उदाहरण हैं। परिवारवाद में भी अगली पीढ़ी को योग्यताओं के बल पर आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करने पड़ते हैं हमीरपुर जिला की राजनीति में परिवार वाद में ठाकुर जगदेव चंद के बेटा, बहू, प्रेम कुमार धूमल के पुत्र अनुराग सिंह ठाकुर, ईश्वर दास धीमान के बेटे अनिल धीमान के उदाहरण प्रमुख हैं, परंतु बडसर की राजनीति की बात करें तो राजनेताओं के परिवार में अगली पीढ़ी को विरासत को संभालना रास नहीं आया है। बीडी लखनपाल, मनजीत सिंह डोगरा पंडित राम रतन शर्मा, बलदेव शर्मा पूर्व विधायकों के परिवारों में राजनीति में कोई आगे नहीं आया है।

ऐसा नहीं है कि इन परिवारों में राजनीति में आगे आने के लिए अगली पीढ़ी में योग्यताओं की कमी हो, परंतु परिवारों की अगली पीढ़ी राजनीति में आने की जगह अपने हिसाब से आगे बढ़ने में विश्वास रखती है। बीडी लखनपाल के बेटे अपने व्यवसाय को

**योग्यता के बावजूद राजनीतिक से दूरी बना रही है युवा पीढ़ी**

आगे बढ़ा रहे हैं तो मनजीत सिंह डोगरा के बेटे विदेश में रहकर अपना जीवन व्यतीत विकास कर रहे हैं।

पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा की धर्मपत्नी पंचायत प्रधान से लेकर बीडीसी तथा जिला परिषद के चुनाव में जीत का परचम लहरा चुकी है। बड़सर में विधानसभा का चुनाव लड़ा है, परंतु जीत दर्ज नहीं करवा पाई।

इसी विधानसभा क्षेत्र में राजेंद्र जार तथा उनकी धर्मपत्नी विद्या जार दोनों ने विधानसभा के चुनाव लड़े, परंतु किसी के भी हिस्से जीत नहीं आ पाई। राजेंद्र जार के दामाद वर्तमान में आशीष शर्मा हमीरपुर विधानसभा सीट पर जीत का परचम लहरा चुके हैं। वर्तमान में भाजपा के विधायक हैं तथा पूर्व भारतीय जनता पार्टी तथा कांग्रेस दोनों दलों को राजनीतिक हार का स्वाद चखा चुके हैं। पूर्व विधायक राम रतन शर्मा के दो बेटे तथा बहुएं भी राजनीति से दूरी बनाकर शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान दे रहे हैं। तीन बार भारतीय जनता पार्टी के विधायक रहे बलदेव शर्मा ने राजनीति में अपनी धर्मपत्नी को आगे करने का प्रयास किया है उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की टिकट पर चुनाव भी लड़ा, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की गुटबाजी के कारण उन्हें चुनाव में सफलता नहीं मिल पाई। पूर्व विधायक शर्मा के बड़े बेटे बिजनेस में तथा छोटा बेटा विदेश में सेवाएं दे रहा हैं। शर्मा के परिवार के अलावा किसी ने भी राजनीति में अपना भाग्य नहीं आजमाया। विधायक इंद्र दत्त लखनपाल की धर्मपत्नी शिमला में काउंसलर नगर निगम की रह चुकी हैं। बड़सर की राजनीति में पूर्व में विधायकों के बेटे राजनीतिक विरासत को आगे ले जाने में आगे नहीं आए हैं।

विधायक इंद्रदत लखनपाल के बेटे भी शिमला में वकालत का कार्य कर रहे हैं। आगामी राजनीति किस तरफ करवट लेती है देखने वाली बात है, लेकिन वर्तमान परिदृश्य में अगली पीढ़ी इस विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक क्षेत्र में आगे नहीं आई है।

# हिमुडा डायरेक्टर राजेश के प्रयास से आईटीआई बणी में विकास होगा तेज



बारिश के बीच निरीक्षण कर हिमुडा टीम ने जल्द शुरू होने का दिया संकेत।

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** हिमुडा के डायरेक्टर एवं इंजीनियर राजेश बन्याल की सकारात्मक पहल से आईटीआई बणी का हाल जल्द बदलेगा। लगभग 17 लाख रुपये की धनराशि आईटीआई की आवश्यक मरम्मत और सुधार में खर्च की जाएगी, जिससे वर्षों से रुके विकास कार्यों को गति मिलेगी।

4 अक्टूबर को आयोजित दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राजेश बन्याल ने आईटीआई के प्रिंसिपल राजेश शर्मा की मांग पर इस फंड को शीघ्र खर्च करने का आश्वासन दिया। सोमवार को भारी बारिश के बावजूद उन्होंने एसडीओ मनीष कुमार

**17 लाख रुपए खर्च कर सुधारा जाएगा आईटीआई का बुनियादी ढांचा**

और जेई के साथ मौके पर जाकर बी ब्लॉक का निरीक्षण किया। बन्याल ने बताया कि कैंपस के साथ बहने वाले नाले को चैनेलाइज किया जाएगा, पेपर ब्लॉक की मरम्मत की जाएगी और बच्चों के टॉयलेट का जीर्णोद्धार भी किया जाएगा। बन्याल क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रशासनिक अधिकारियों संग मिलकर योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में जुटे हुए हैं। निरीक्षण के बाद उन्होंने कार्य शीघ्र शुरू करने के संकेत भी दिए हैं।

# जेबीटी अभ्यर्थियों को आवेदन में त्रुटि सुधारने का मिला मौका

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज्य चयन आयोग हमीरपुर ने जूनियर बेसिक टीचर (जेबीटी) के पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को अपने ऑनलाइन भर्ती आवेदन (ओआरए) फॉर्म में त्रुटि सुधारने का अवसर दिया है। आयोग के सचिव विक्रम महाजन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सुधार विंडो 9 अक्तूबर से 15 अक्तूबर 2025 की रात 11:59 बजे तक खुली रहेगी। अभ्यर्थी एचपीआरसीए की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपने आवेदन क्रमांक और ओटीआर (वन टाइम रजिस्ट्रेशन) प्रोफाइल को सत्यापित कर सुधार प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं। सुधार सुविधा केवल निर्धारित शुल्क जमा करने के बाद ही सक्रिय होगी। शुल्क के बाद ही संशोधित ओआरए फॉर्म में आवश्यक बदलाव कर आवेदन पुनः सबमिट करना होगा। अगर अभ्यर्थी सुधार के बाद फॉर्म सबमिट नहीं करता है, तो पहले से जमा फॉर्म को ही मान्य माना जाएगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि सुधार की जिम्मेदारी पूरी तरह से अभ्यर्थी की होगी और समयसीमा के बाद किसी भी बदलाव की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# देशभर के शिक्षाविदों ने व्यक्तित्व विकास में मानवीय मूल्यों की भूमिका पर चर्चा की



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

डीडीएम साईं कॉलेज, कल्लर-नादौन तथा श्री सत्य साई सेवा संगठन हिमाचल के संयुक्त तत्वावधान में मानवीय मूल्य, शैक्षिक और मानवीय उत्कृष्टता के लिए दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें देशभर के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और सत्य साई परिवार के सदस्यों ने भाग लिया। प्रोफेसर योगिंदर वर्मा ने उद्घाटन किया और व्यक्तित्व विकास में बौद्धिक उत्कृष्टता के साथ मानवीय गुणों के समन्वय पर जोर दिया।

संगोष्ठी में 85 शोध प्रस्तुतियां दी गईं और विभिन्न पैनल सत्रों में शिक्षा, चरित्र निर्माण, सेवा कार्य तथा पाठ्यक्रम में मानवीय मूल्यों के समावेशन पर विचार-विमर्श हुआ।

**मानवीय मूल्य व शैक्षिक उत्कृष्टता पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न**

**श्री सत्य साई सेवा संगठन हिमाचल के तत्वावधान में संगोष्ठी का आयोजन**

संगठन के सदस्य सेवा कार्यक्रमों जैसे आपदा प्रबंधन, चिकित्सा शिविर और युवाओं के नेतृत्व विकास पर भी चर्चा की। संगोष्ठी में श्री सत्य साई वेलनेस सेंटर का उद्घाटन हुआ और आपातकालीन जीवन रक्षक तकनीकों पर प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यक्रम का समापन सत्य साई बाबा की आरती और सामूहिक प्रार्थना से हुआ।

# करियर प्वाइंट विवि के डॉ. संजीव का आविष्कार पेटेंट जर्नल में प्रकाशित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय, हमीरपुर ने शोध और नवाचार के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। विश्वविद्यालय के लॉ विभाग के डॉ. संजीव कुमार द्वारा विकसित तकनीकी प्रणाली टेक्निकल सिस्टम फॉर ऑटोमेटेड लीगल राइट डिसेमिनेट टू इलिटरेट पॉपुलेशन यूजिंग वॉइस एंड एनेबल्ड कम्प्यूटिंग को हाल ही में पेटेंट जर्नल में प्रकाशित किया गया है। यह प्रणाली विशेष रूप से उन अशिक्षित समुदायों के लिए तैयार की गई है, जिन्हें कानूनी अधिकारों की जानकारी समझने में कठिनाई होती है। यह सिस्टम वॉयस-एनेबल्ड एज कंप्यूटिंग तकनीक पर आधारित है, जो स्थानीय भाषाओं में आवाज के माध्यम से जरूरी कानूनी जानकारी प्रदान करेगा। इससे ग्रामीण व अशिक्षित वर्ग बिना दस्तावेज पढ़े अपने अधिकारों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। डायरेक्टर रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. कुलदीप कुमार ने कहा कि विवि का प्रयास है कि शोध और तकनीक को समाज की ज़रूरतों से जोड़ा जाए। उन्होंने बताया कि यह पेटेंट कानूनी साक्षरता बढ़ाने और न्याय तक पहुंच को आसान बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। गौरतलब है कि करियर प्वाइंट विवि के आईपीआर सेल ने इस वर्ष शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक कार्यशाला आयोजित की थी। इसमें 40 प्रतिभागियों को पेटेंट ड्राफ्टिंग और फाइलिंग की ट्रेनिंग दी गई। कार्यशाला के दौरान 10 पेटेंट फाइल किए गए थे, जिनमें से यह पहला पेटेंट प्रकाशित हुआ है। विश्वविद्यालय ने जून 2026 तक 100 पेटेंट फाइल करने का लक्ष्य रखा है।

# उत्कृष्ट शिक्षकों को प्रो. आरसी व सीपी लखनपाल ने किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिम अकादमी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के अंतर्गत हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर व हीरा नगर में सत्र 2024-25 में विशिष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए शिक्षक सम्मान दिवस का आयोजन अत्यंत गरिमापूर्ण वातावरण में किया गया। यह कार्यक्रम न केवल संस्थान बल्कि पूरे शिक्षण समुदाय के लिए गौरवपूर्ण क्षण रहा।

समारोह में हिम अकादमी के अध्यक्ष प्रो. आर.सी. लखनपाल, उपाध्यक्ष सी.पी. लखनपाल, निदेशक इंजीनियर पंकज लखनपाल, प्राचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा, शशि बाला, अश्विनी कुमार, कंचन लखनपाल सहित सभी शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

सम्मानित शिक्षकों में मधु शर्मा, दीप्ति ठाकुर, आरती ठाकुर, शिल्पा ठाकुर, अभिषेक, दीपा शर्मा, शिप्रा वालिया, पारुल सोंधी और अंजना कुमारी

**हिम अकादमी में शिक्षक सम्मान दिवस धूमधाम से संपन्न**

शामिल रहीं। इन सभी को सम्मान-पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में निदेशक पंकज लखनपाल ने कहा कि शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए समर्पण, नवाचार और टीमवर्क आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकों से हिम अकादमी के शैक्षिक स्तर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

डॉ. हिमांशु शर्मा ने शिक्षकों की मेहनत की सराहना करते हुए भविष्य में पुरस्कार चयन मानदंडों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन सविता शर्मा और पारुल सोंधी ने प्रभावशाली ढंग से किया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन हुआ, जिससे पूरे शिक्षण समुदाय में नई ऊर्जा का संचार हुआ।

**परेशानी** 10 महीने बाद भी बढ़ार से झनिक्र वाया कैहरवीं सड़क नहीं हुई पक्की

# सड़क की टारिंग में बारिश ने डाला खलल

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** उपमंडल भोरंज के तहत बढ़ार से झनिक्र वाया कैहरवीं सड़क एफडीआर फुल डेप्थ रिक्लेमेशन तकनीक से बनाई जा रही है। बरसात के कारण इस सड़क की टारिंग का कार्य रोक दिया गया था। अब फिर से इस सड़क का कार्य 30 सितंबर से शुरू किया था, लेकिन अभी तक 300 मीटर ही टारिंग हो पाई है। पिछले दो दिन की बारिश ने टारिंग के कार्य को रोकने पर मजबूर कर दिया है।

बता दें कि इस सड़क का कार्य शुरू किए हुए 10 महीने हो गए हैं, लेकिन अभी तक पूरी तरह से तैयार होने में डेढ से दो महीन का समय लगेगा। हालांकि विभाग ने दावा किया था कि इस 9 किलोमीटर सड़क को 29 जून तक हर हालत में टारिंग कर पक्का कर देंगे, लेकिन बारिश की वजह से टारिंग का कार्य शुरू ही नहीं हो पाया। लोगों का कहना है कि एफडीआर तकनीक लोगों के लिए



बढ़ार से झनिक्र सड़क पर बारिश के कारण जमा पानी से बने गड्ढे।

किसी मुसीबत से कम नहीं है। सड़क की खराब हालत के कारण घर तक पहुंचना मुश्किल हो गया है पहले सड़क उखाड़ने से कई दिन तक सड़क बंद रही अब टारिंग करने के लिए सड़क को बंद किया गया है।

लोगों का कहना है कि अभी भी इसके पक्के होने के आसार नहीं लग रहे हैं। यही नहीं बस्सी से तताहर सड़क भी इसी तकनीक से बनाई जा रही है। इस सड़क पर अभी तक टारिंग का कार्य शुरू नहीं किया गया है। इस क्षेत्र के लोग भी सड़क की हालत को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन विभाग सड़क की टारिंग का कार्य शुरू नहीं कर रहा है। सड़क की खराब हालत का सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों के साथ छोटे चैपहिया वाहनों को हो रही है। गौर रहे भोरंज उपमंडल में इस तरह की दो सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। हालांकि इस तरह सड़क के निर्माण में पैसा और समय अधिक लग रहे हैं और यह कितने समय तक खराब नहीं होगी। इसके बारे में अभी सड़क के पक्का होने के बाद ही पता चलेगा।

इस बारे में लोक निर्माण विभाग के अधीशाषी अभियंता केके भारद्वाज ने बताया कि बढार से झनिकर सड़क पर टारिंग का कार्य तो शुरू कर दिया है, लेकिन अभी तक 300 मीटर ही टारिंग हो पाई है। उन्होंने बताया कि दो दिन से बारिश से टारिंग के कार्य में बाधा बन गई है। उन्होंने बताया कि इस सड़क पर टारिंग का कार्य पूरा करने के लिए एक से डेढ माह का समय लगेगा।

# कांगड़ा-चंबा संस्कृति उत्सव में हिमाचली विरासत और युवा ऊर्जा का संगम : राजीव



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को संजोने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से इवेंट गुरु प्रालि द्वारा प्रस्तुत कांगड़ा-चंबा संस्कृति उत्सव-2025 का आयोजन अत्यंत उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केसीसी) हिमाचल प्रदेश के प्रदेश चेयरमैन राजीव राणा ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोक कलाकारों, सांस्कृतिक समूहों और युवा प्रतिभाओं ने पारंपरिक नृत्य, गीत और लोक परिधानों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा वातावरण हिमाचली रंगों से रग गया।

इस अवसर पर राजीव राणा ने कहा कि हिमाचल की संस्कृति केवल परंपरा नहीं, यह हमारी आत्मा व अस्मिता का प्रतीक है। राजनीति तभी सार्थक होती है जब उसमें संस्कृति की चेतना जीवित रहे। संस्कृति से ही समाज में एकता, संतुलन और दिशा का जन्म होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे उत्सव न केवल लोक कलाओं को प्रोत्साहन देते हैं, बल्कि प्रदेश की सामाजिक और राजनीतिक सोच को भी नई प्रेरणा प्रदान करते हैं। राणा ने कहा कि कांगड़ा और चंबा की लोक परंपराओं में हिमाचल की असली पहचान बसती है कार्यक्रम में इवेंट गुरु के संस्थापक पंडित विशाल शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक कार्यकर्ता और कलाकार उपस्थित रहे।

# हिमाचली सेब की अनदेखी पर उठे सवाल

## सेब उत्पादन बढ़ा, पर बागवान फिर भी लुटे, दाम हुए धड़ाम, उम्मीदें एक बार फिर टूटीं

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** पहली ठंडी हवा जब बागानों में आई, तो लाल फलों ने पहाड़ की पीठ पर जैसे चाँद की तरह चमक बिखेरी। हर टहनी पसीने और वर्षों की उम्मीद लेकर झुकती दिखी। बागवान ने हाथ में टोकरी संभाली और सोच ली कि इस बार मेहनत रंग लाएगी। पर बाजार ने उस चमक को नाप कर तय किया कि मूल्य किसके हिस्से में आएंगे। मौसम ने चोट जरूर की, पर असली चोट उस व्यवस्था ने पहुंचाई जिसने बागवान की उम्मीदों को समय पर नहीं संभाला। इस बार का सेब सीजन इसलिए केवल फसल का लेखा–जोखा नहीं है, बल्कि एक परख है कि कितनी काटती है सरकारी सुस्ती और बाजार की मनमानी मिलकर, एक बागवान की कमर। जब वह टूट कर बिखर जाती हैं।

इसी तर्ज पर राज्य में अभी तक कुल 2,59,16,410 पेटी सेब का कारोबार दर्ज हुआ है। एमआईएस के तहत सरकार ने अब तक 82,000 मीट्रिक टन सेब खरीद लिए हैं। मंडियों में कारोबार लगभग 1,24,30,000 पेटी हुआ जबकि मंडियों के बाहर करीब 1,34,86,000 पेटी का कारोबार दर्ज है। तुलना के लिए, पिछले वर्ष 3 अक्तूबर 2024 तक कुल कारोबार 1,80,52,338 पेटी रहा था। वर्ष दर वर्ष यह वृद्धि 7,864,072 पेटियों के बराबर है, जो लगभग 43.56 प्रतिशत का उछाल बताती है। यानी उत्पादन और आवक में स्पष्ट वृद्धि रही, पर इसे बाजार के फायदे में तब्दील नहीं कराया जा सका। दामों की बात करें तो पिछले साल औसतन पेटी को लगभग 1,500 रुपये मिले थे। इस साल औसतन दाम 1,200 से 1,300 रुपये के बीच दर्ज हुए। यदि औसतन गिरावट 200 रुपये प्रति पेटी मानी जाए तो 2,59,16,410 पेटियों पर इसका वित्तीय असर लगभग 5,183,28,2000 रुपये यानी करीब 518.33 करोड़ रुपये बनता है। अगर गिरावट 300 रुपये प्रति पेटी मानी जाए तो नुकसान लगभग 7,774,92,3000 रुपये यानी करीब 777.49 करोड़ रुपये तक पहुंचता है। इन संख्याओं का मतलब यह है कि उत्पादन बढ़ने के बावजूद बागवानों को सीधा आर्थिक आघात सहना पड़ा।

बागवानों और किसान संगठनों का आरोप है कि एमआईएस खरीद केंद्र समय पर खुले होते तो सी–ग्रेड या कच्चे सेब मंडियों में आने से रोका जा सकता था। देरी से खुलने वाले केंद्र बाजार में अधजली फसल की आवक का कारण बने और दामों को नीचे धकेला। भारी बारिश और सड़क बाधाओं के बीच परिवहन व्यवस्था कमजोर पड़ी। ठंडे भंडारण और समयबद्ध लोजिस्टिक्स की कमी ने भी गुणवत्ता प्रभावित की, जिससे बाज़ार में कम कीमतों का दबाव बढ़ा। यहाँ न केवल आपदा प्रबंधन की कमी दिखी, बल्कि अभियान स्तर पर ठोस त्वरित उपायों का अभाव भी रहा।

यूनिवर्सल कार्टन जैसी पहलें कागज पर तो दिखाई दीं, पर बिचौलियों की मनमानी पर रोक लगाने और खुले, पारदर्शी बोली तंत्र को लागू करने में ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दी। परिणाम यह हुआ कि मंडी–बोली में असमंजस बना रहा और असामान्य रूप से कीमतें दबती रहीं।

सरकार के दावों के बावजूद इस सीजन में मूल्य–सहायता या निपटान–नीतियों का ऐसा व्यवहारिक और समयबद्ध प्रवर्तन नहीं दिखा जो बागवानों को गिरते दामों से बचा पाता। अगर वास्तविक समय में खरीदी, मोबाइल क्रय केंद्र और सड़क अवरुद्ध होने पर वैकल्पिक व्यवस्था होती तो नुकसान कम हो सकता था।

### बाजार पर नियंत्रण का रहा घोर अभाव


**जब** उत्पादन बढ़ रहा था, तो नीतिगत प्रवर्तन, मंडी निगरानी और बिचौलियों पर नियंत्रण को तेजी से लागू करना चाहिए था। इन कदमों की कमी ने बागवानों की शक्ति कम की और बाजार को अनियंत्रित छोड़ दिया। लिहाजा एक बार फिर बागवान लुटा दिखा। शोषित होता रहा, मगध सरकार कारगर कदम उठाने में बिल्कुल नाकाम दिखी

### बिचौलियों पर सख्ती दिखाने में नाकाम रही सरकार

इस सीजन ने बताया कि हिमाचल का बागवान मेहनत में पीछे नहीं रहा। वह उत्पादन बढ़ाकर दिखा चुका है। सवाल यह है कि क्या सरकार अपने दावों के अनुरूप समय पर और पारदर्शी खरीद-प्रणाली, मजबूत लॉजिस्टिक्स, मंडी-बिक्री निगरानी और बिचौलियों पर सख्ती लागू करेगी, ताकि अगली बार लाल सेब की चमक बागवान के बैंक खाते तक पहुंचे। बिना इस बदलाव के उत्पादन के बड़े आँकड़े सिर्फ आँकड़े रहकर रह जाएंगे, और मेहनत की कीमत बागवान अभी भी चुकाते रहेंगे।

# प्रभावी शासन और जनसहभागिता से हिमाचल में वन क्षेत्र अब 28% हुआ : मुख्यमंत्री सुक्खू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



- जनसहभागिता और पौधरोपण अभियानों से मिली हरित सफलता
- वन संसाधनों से ग्रामीणों को लाभ, पारिस्थितिक संतुलन में सुधार


मुख्यमंत्री ने बताया कि भारतीय वन सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2003 में हिमाचल का कुल वन क्षेत्र 25.73 प्रतिशत था, जो अब 28 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इसी अवधि में वृक्ष क्षेत्र भी 491 वर्ग किलोमीटर से बढ़कर 855 वर्ग किलोमीटर हो गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि सरकार की योजनाओं, व्यापक पौधरोपण अभियानों और स्थानीय समुदायों, महिला मंडलों व स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी से संभव हुई है। इन संस्थाओं को पांच हेक्टेयर तक के बंजर या क्षतिग्रस्त वन क्षेत्र को विकसित करने की जिम्मेदारी दी गई है, जिसके लिए प्रति हेक्टेयर 1.20 लाख रुपये तक की सहायता राशि उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार स्थानीय प्रजातियों के पुनर्स्थापन, उन्नत नर्सरी तकनीकों और जलागम आधारित भूमि प्रबंधन पर केंद्रित है। इससे वनस्पति घनत्व और जैव विविधता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। संयुक्त वन प्रबंधन और नई भागीदारी आधारित पुनर्स्थापन योजनाओं से ग्रामीणों को वन संसाधनों का स्वामित्व और आर्थिक लाभ दोनों प्राप्त हुए हैं। इससे पारिस्थितिक सुरक्षा के साथ–साथ आजीविका के नए अवसर भी सृजित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल के वन न केवल जलागम क्षेत्रों का निर्माण करते हैं, बल्कि उत्तरी भारत की प्रमुख नदियों को जल प्रदान करते हैं। ये क्षेत्र कृषि उत्पादकता बनाए रखते हैं, जलवायु नियंत्रित करते हैं और प्रदेश की सांस्कृतिक व आध्यात्मिक परंपराओं को भी सशक्त करते हैं। उन्होंने बताया कि हिमाचल की यह उपलब्धि वैज्ञानिक वन प्रबंधन और नीति–निष्ठा का परिणाम है। राज्य का ध्यान जैव विविधता संरक्षण, जलवायु अनुकूल पारिस्थितिकी और ग्रीन इंडिया मिशन के तहत राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं की दिशा में सतत बना हुआ है।

# सरकारी भवन के लिए भूमि दान पर लगेगी नाम पट्टिका: अनिरुद्ध सिंह

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

- पंचायती राज मंत्री ने नाला में पंचायत घर का लोकार्पण और चियोग में तीन लिंक सड़कों का किया शिलान्यास



ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने कुसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के तीन दिवसीय प्रवास की शुरुआत चियोग, देहना, कडरब और नाला पंचायतों से की। उन्होंने जनसभाओं में लाखों रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान मंत्री ने कहा कि प्रदेश भर में ग्रामीण विकास विभाग के तहत बनने वाले भवनों के लिए जो व्यक्ति भूमि दान करेंगे, उनके नाम की पट्टिका उसी भवन में लगाई जाएगी। इस निर्णय की अधिसूचना जल्द जारी होगी।

मशोबरा खंड के नाला पंचायत घर के लोकार्पण के अवसर पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि इस भवन के निर्माण पर 33 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। इसमें चार कमरे, दो शौचालय और एक सभागार बनाया गया है। इस पंचायत घर के लिए स्थानीय निवासी भूप राम ने आठ बिस्वा भूमि दान की, जिनका मंत्री ने मंच पर सम्मान किया।

### चियोग व देहना में विकास कार्यों की सौगात

**चियोग** में मंत्री ने कहा कि पंचायत घर के निर्माणाधीन कार्य को पूरा करने के लिए 40 लाख रुपए दिए जाएंगे। इसके अलावा चियोग बाजार से गांव तक सड़क की मेटलिंग कार्य तुरंत शुरू करने के निर्देश दिए।

# विकास की राह अब मजबूत नींव पर होगी : रोहित ठाकुर

## आपदा से सीख लेकर गढ़ेंगे अब नया हिमाचल, शिक्षा मंत्री ने की जुब्बल–कोटखाई विधानसभा की विभागीय समीक्षा

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** पहाड़ों में बरसात के हर बादल ने इस बार जैसे विकास की दिशा को टटोलने की चुनौती दे डाली। सड़कें टूटीं, संपर्क मार्ग बिखरे, लेकिन जहां प्रकृति ने परखा, वहीं से एक नई दृष्टि ने जन्म लिया। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जुब्बल–कोटखाई विधानसभा की लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक में यही बात रेखांकित की। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भविष्य के निर्माण को अब हमें ऐसी तकनीक और सोच से गणना होगा जो आपदाओं के सामने भी अडिग रहे।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 और 2025 की भीषण बरसात और बादल फटने की घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पारंपरिक निर्माण पद्धतियों से आगे बढ़ना ही समय की मांग है। इस वर्ष विभाग को रोहड़ू क्षेत्र के 14 वृत्तों और दो राष्ट्रीय राजमार्गों में लगभग 167 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है, जिसमें जुब्बल मंडल में 53 करोड़, कोटखाई में 50 करोड़, रोहड़ू में 24 करोड़, राष्ट्रीय राजमार्ग 705 में 35 करोड़ और एनएच 707 में पांच करोड़ रुपये की क्षति दर्ज की गई।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस वर्ष की आपदा ने सेब सीजन को भी गंभीर चुनौती दी। बागवानों के लिए जब संपर्क मार्ग टूट गए, तब लोक निर्माण विभाग ने कठिन परिस्थितियों में भी दिन–रात काम कर राहत दी। उन्होंने विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी निष्ठा ने हजारों बागवानों को नुकसान से बचाया। उन्होंने बताया कि छोटे वाहनों के लिए सभी मार्ग बहाल हो चुके हैं, जबकि 14 छोटी–बड़ी सड़कों को दीपावली तक बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए भी सुचारु कर दिया जाएगा। मंत्री ने निर्देश दिए कि जहां भू–स्खलन बार–बार हो रहा है, वहां स्थायी सम्पर्क मार्गो के लिए बैली पुलों की स्थापना जैसे विकल्प अपनाए जाएं, ताकि भविष्य की आपदाओं में यातायात प्रभावित न हो।

### 15 नवंबर तक निविदाएं जारी करने के निर्देश

**रोहित** ठाकुर ने विभाग को आपदा पूर्व आवश्यकता आकलन के तहत सभी कार्यो की निविदाएं 15 नवम्बर, से पहले जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां घरों या संपत्तियों को खतरा बना हुआ है, वहां राहत कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि हर उस स्थान को चिन्हित किया जाए जहां भूमि खिसकने या मलबा गिरने की संभावना बनी रहती है, ताकि मानव जीवन और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। शिक्षा मंत्री ने निर्माणाधीन शिक्षा, स्वास्थ्य, सामुदायिक भवनों और संस्थानों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए ताकि जनता को परियोजनाओं का लाभ शीघ्र मिल सके।



### शिक्षा मंत्री ने हर परियोजना को प्राथमिकता देने का किया आह्वान

**रोहित** ठाकुर ने कहा कि आपदा के कारण वित्तीय संसाधनों पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है, लेकिन सरकार जनता की आवश्यकताओं को सर्वोपरि मानते हुए हर योजना के लिए पर्याप्त धन उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा–विकास कोई ठहराव नहीं जानता, बस आवश्यकता है कि हम उसे सही दिशा दें। बैठक में बहाली कार्यो, नाबार्ड और पीएमजीएसवाई-3 की परियोजनाओं, विश्व बैंक की योजनाओं तथा शिक्षा विभाग से संबंधित निर्माण कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई।

# टैंकर से टकराई बाइक महिला टूरिस्ट की मौत



ज्यूरी में पेट्रोल पंप के पास खड़े इसी ट्रक से टकराया बाइक।

अनंत ज्ञान, रामपुर

शिमला जिला के रामपुर में सोमवार को बाइक और टैंकर में टक्कर से मुंबई की महिला पर्यटक की मौत हो गई। दरअसल, महाराष्ट्र के कुछ टूरिस्ट शिमला से किन्नौर घूमने जा रहे थे। इस दौरान रामपुर से आगे ज्यूरी में एक बाइक टैंकर से टकरा गई।

हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा उसका भाई गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। यह हादसा आज सुबह 11 बजे के करीब हुआ। सूचना के अनुसार, मुंबई से 6 बाइकर्स और 2 गाड़ियों में कुछ लोग किन्नौर घूमने जा रहे थे। तब इनकी एक बाइक तेल से भरे टैंकर से टकराई। हादसे में मृत महिला की पहचान रचना सोनाली (44) पत्नी जवाहर सोनाली निवासी ग्रेटर मुंबई के तौर पर हुई है। उसके भाई चिराग कैनिमा को काफी चोटें आई है। उसका खनेरी अस्पताल में उपचार चल रहा है।बताया जा रहा है कि महिला का पति भी उनके साथ घूमने गया था, मगर वह दूसरी बाइक पर सवार था। पुलिस ने महिला का शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए खनेरी अस्पताल भेज दिया है। इसके बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

# विद्यार्थियों ने पेश किए आपदा रोधी नवाचारी मॉडल, बढ़ाई जागरूकता

## शिमला में सुरक्षित निर्माण पर जिला स्तरीय मॉडल प्रतियोगिता आयोजित, एडीएम ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

शिमला के बचत भवन में सोमवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण शिमला की ओर से अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर समर्थ 2025 अभियान के तहत सुरक्षित निर्माण पद्धतियों पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (प्रोटोकॉल) ज्योति राणा ने की।

इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सुरक्षित निर्माण तकनीकों पर अपने मॉडल और विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार के माध्यम से ऐसे मॉडल बनाए जो भूकंप, भूस्खलन या अन्य आपदाओं के समय संरचनात्मक स्थिरता बनाए रखने में सहायक हो सकते हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आपदा प्रबंधन, सुरक्षा उपायों और सुरक्षित निर्माण की समझ को मजबूत करना था।

प्रतियोगिता दो वर्गों माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर में आयोजित की गई। माध्यमिक स्तर पर आराधना पब्लिक स्कूल रोहड़ू ने प्रथम स्थान और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोर्टमोर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उच्चतर माध्यमिक स्तर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टिक्कर प्रथम, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लक्कड़ बाजार द्वितीय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जांगला तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला माहोरी, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्नी और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रोहड़ू के विद्यार्थियों ने भी अपने मॉडल प्रस्तुत किए। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिला शिमला का प्रतिनिधित्व करेंगे।



शिमला में सुरक्षित निर्माण पर जिला स्तरीय मॉडल प्रतियोगिता आयोजित की गई, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ज्योति राणा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

- आराधना, टिक्कर स्कूल के छात्र राज्य स्तरीय स्पर्धा में करेंगे प्रतिनिधित्व

# सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के लिए कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय शिमला द्वारा एसआईएस इंडिया लिमिटेड, झबोला जिला बिलासपुर के लिए सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर सिक्योरिटी के पदों हेतु कैंपस इंटरव्यू आयोजित किए जा रहे हैं। क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि इन पदों के लिए उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम दसवीं पास 10वीं फेल भी पात्र होनी चाहिए तथा आयु सीमा 19 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। केवल पुरुष उम्मीदवार ही इन पदों के लिए पात्र हैं, जिनकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर और वजन 52 से 95 किलोग्राम के बीच हो। उन्होंने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार अपने सभी दस्तावेज़ों और रिज्यूम सहित 08 अक्टूबर को रामपुर, 9 अक्तूबर को कुमारसैन, 13 अक्टूबर को जुब्बल, 15 अक्टूबर को चौपाल और 16 अक्तूबर को ठियोग उप–रोजगार कार्यालय में प्रातः 11 बजे उपस्थित हों। अभ्यर्थियों का रोजगार कार्यालय में ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है।

# मंडियों के पुनर्स्थापन को लेकर बैठक आयोजित, डीसी ने एक हफ्ते में उपयुक्त भूमि का चयन करने के दिए निर्देश



उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप बैठक में मंडियों के पुनर्स्थापन संबंधी प्रस्ताव पर दिशा–निर्देश देते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।

- यातायात दबाव कम करने व व्यापारिक सुविधाओं के लिए पहल

**उपायुक्त** शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आज शिमला सब्जी मंडी, लकड़ी मंडी और अन्य वाणिज्यिक गतिविधियों के पुनर्स्थापन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और संबंधित एजेंसियों ने भाग लिया। इस दौरान शिमला शहर में बढ़ते यातायात दबाव, सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार और व्यापारिक गतिविधियों की सुगमता को ध्यान में रखते हुए संभावित स्थलों पर विस्तृत चर्चा की गई।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक पहलुओं का सर्वेक्षण कर एक व्यवहारिक और चरणबद्ध प्रस्ताव तैयार किया जाए, ताकि मंडियों का पुनर्स्थापन सुनियोजित तरीके से किया जा सके। उन्होंने कहा कि शहर में भीड़भाड़ को कम करने और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए वाणिज्यिक गतिविधियों को शहर से बाहर स्थानांतरित करना समय की मांग है। संबंधित विभागों को एक सप्ताह के भीतर उपयुक्त भूमि का चयन कर विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए।

**तैयारी** 17 तक दावे और आपत्तियां होंगी दर्ज, नगर निगम, तहसील व एसडीएम कार्यालयों में उपलब्ध होंगी सूचियां

# शिमला नगर निगम के वार्डों की मतदाता सूची जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

नगर निगम शिमला के वार्ड संख्या 06, 07, 09, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 29, 30, 31 और 32 की मतदाता सूची हिमाचल प्रदेश नगर निकाय चुनाव नियम, 2015 के तहत तैयार कर ली गई है। निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (नगर निगम) सह उपमंडलाधिकारी (नागरिक) शिमला ग्रामीण मंजीत शर्मा ने बताया कि इन सूचियों की प्रतियाँ निरीक्षण के लिए नगर निगम शिमला कार्यालय, तहसील शिमला ग्रामीण कार्यालय तथा एसडीएम (नागरिक) शिमला ग्रामीण कार्यालय में कार्यालय समय के दौरान उपलब्ध करवा दी गई हैं।

उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या किसी प्रविष्टि में संशोधन करवाने की आवश्यकता हो, तो वह 08 अक्टूबर से 17 अक्टूबर, 2025 तक प्रपत्र संख्या 4, 5 और 6 में दावा या आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। संबंधित पुनरीक्षण प्राधिकारी तहसीलदार शिमला ग्रामीण (वार्ड संख्या 9, 27, 30, 21, 20, 25, 23 तथा नायब तहसीलदार शिमला ग्रामीण (वार्ड संख्या 32, 26, 31, 24, 22, 6, 29, 7 को आवेदन भेजे जा सकते हैं।

मंजीत शर्मा ने बताया कि दावे या आपत्तियां व्यक्तिगत रूप से, अभिकर्ता के माध्यम से अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भी प्रस्तुत की जा सकती हैं, ताकि वे निर्धारित तिथि तक पुनरीक्षण प्राधिकारी के कार्यालय में पहुंच जाएं।

### ठियोग नप के वार्ड 1 से 6 तक के मतदाताओं के लिए सूची जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के अनुसार नगर परिषद ठियोग की प्रारूप निर्वाचक नामावली प्रकाशित कर दी गई है। यह जानकारी उपमंडलाधिकारी (ना.) ठियोग सह निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी डॉ. शशांक गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश नगरपालिका निर्वाचन नियम, 2015 के तहत तैयार की गई यह नामावली वार्ड संख्या 1 जनोग घाट, वार्ड संख्या 2 प्रेमघाट, वार्ड संख्या 3 नया बाजार, वार्ड संख्या 4 राम बाजार, वार्ड संख्या 5 शाली बाजार कृष्णा गली और वार्ड संख्या 6 छैदला के मतदाताओं के लिए तैयार की गई है। इस मसौदा मतदाता सूची की प्रति उपमंडलाधिकारी (ना.) ठियोग, नगर परिषद ठियोग तथा तहसीलदार ठियोग के कार्यालय में कार्यालय समय के दौरान निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।



डॉ. गुप्ता ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन के लिए दावा या आपत्ति दर्ज करनी हो, तो वह निर्धारित फार्म संख्या 4, 5 या 6 में आवेदन कर सकता है। यह प्रक्रिया 17 अक्तूबर, 2025 तक पूरी की जा सकती है। सभी दावे और आपत्तियाँ तहसीलदार ठियोग, जो संशोधन प्राधिकारी हैं, के नाम संबोधित की जाएंगी। इन्हें व्यक्तिगत रूप से, अभिकर्ता के माध्यम से या पंजीकृत डाक द्वारा भेजा जा सकता है।

### नगर पंचायत जुब्बल वार्ड संख्या 1 से 7 की मतदाता सूची प्रकाशित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नगर पंचायत जुब्बल के वार्ड संख्या 01 से 07 की मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशित कर दिया गया है। पुनरीक्षण प्राधिकारी-सह-नायब तहसीलदार कंवर युद्धभय सिंह जुब्बल ने बताया कि हिमाचल प्रदेश नगरपालिका चुनाव के तहत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन संबंधी दावे एवं आपत्तियां 8 अक्तूबर से 17 अक्तूबर 2025 तक स्वीकार की जाएंगी। उन्होंने कहा कि संबंधित व्यक्ति अपने दावे या आपत्तियां पुनरीक्षण प्राधिकारी-सह-नायब तहसीलदार जुब्बल के नाम संबोधित कर सकते हैं। यह आवेदन व्यक्तिगत रूप से, अभिकर्ता के माध्यम से या पंजीकृत डाक द्वारा भेजे जा सकते हैं, ताकि निर्धारित तिथि से पहले कार्यालय में प्राप्त हो जाएं।



संतान की लंबी उम्र, उन्नति और खुशहाली के लिए महिलाओं की ओर से रखे जाने वाला अहोई अष्टमी व्रत इस वर्ष 13 अक्तूबर को है। यह व्रत विशेष रूप से माताओं की ओर से किया जाता है, जिनकी मान्यता है कि इस दिन उपवास और पूजा करने से उनकी संतान का जीवन समृद्ध और सुरक्षित रहता है। जो महिलाएं निःसंतान हैं, वे भी इस दिन संतान प्राप्ति की कामना से व्रत रखती हैं।



विभा शर्मा, ज्योतिषाचार्य जोगिंद्रनगर

# अहोई अष्टमी : संतान की लंबी उम्र व खुशहाली के लिए रखा जाएगा व्रत

## व्रत का महत्व

**अहोई** अष्टमी का व्रत माताओं की ओर से अपने बच्चों की लंबी उम्र और सुख-शांति की प्रार्थना के लिए किया जाता है। मान्यता है कि इस दिन विधिपूर्वक व्रत करने से संतान की उम्र लंबी होती है और वह हर प्रकार की बाधाओं से सुरक्षित रहती है। जो महिलाएं संतान प्राप्ति की इच्छा रखती हैं, उनके लिए यह व्रत विशेष फलदायी माना जाता है। इसके अलावा इस व्रत का पालन करने से परिवार में शांति और समृद्धि आती है।

## पूजा विधि,परंपराएं

**अहोई** अष्टमी की पूजा विशेष रूप से माता अहोई की होती है, जिन्हें संतान की संरक्षिका देवी माना जाता है। व्रती महिलाएं प्रातः स्नान करके व्रत का संकल्प लेती हैं और पूरे दिन उपवास रखती हैं। संध्या के समय पूजा की जाती है, जिसमें माता अहोई की प्रतिमा या चित्र के सामने दीप जलाकर पूजा की जाती है।

## पूजा विधि के प्रमुख चरण

*1. **भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा** : इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करना अत्यंत शुभ माना जाता है।*
*2. **दूध-भात का भोग** : व्रत के दौरान दूध और भात का भोग देवी को अर्पित किया जाता है।*
*3. **पीपल के पेड़ की पूजा** : संध्या समय महिलाएं पीपल के पेड़ के नीचे दीप जलाती हैं, जो पारंपरिक रूप से शुभ और समृद्धि का प्रतीक है।*
*4. **सिंदूर और श्रृंगार अर्पण** : देवी पार्वती को सिंदूर और श्रृंगार का सामान अर्पित करने से वैवाहिक जीवन में सुख और शांति बनी रहती है।*
*5. **चांदी के मोतियों का धागा** : संतान प्राप्ति की इच्छा रखने वाली महिलाएं इस दिन चांदी के 9 मोतियों को लाल धागे में पिरोकर माता अहोई को अर्पित करती हैं, जिसे संतान सुख प्राप्त करने का विशेष उपाय माना जाता है।*

## व्रत खोलने की प्रक्रिया

**अहोई** अष्टमी का व्रत तारे देखकर खोला जाता है। इस दिन व्रती महिलाएं सूर्योदय से लेकर तारों के दिखने तक निर्जल या केवल जल ग्रहण कर व्रत रखती हैं। तारे दिखने पर चंद्रमा की दिशा में जल अर्पित कर व्रत खोला जाता है, और फिर प्रसाद ग्रहण किया जाता है।

## कथा और मान्यता

**अहोई** अष्टमी से जुड़ी एक पुरानी कथा है कि एक स्त्री ने अज्ञानवश जंगल में एक शेरनी के शावक को पत्थर मार दिया था, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। शेरनी ने क्रोधित होकर उसे श्राप दिया कि उसकी संतान भी मर जाएगी। स्त्री ने अपने अपराध के प्रायश्चित के लिए माता अहोई की उपासना की और संतान की रक्षा की प्रार्थना की। माता अहोई की कृपा से उसकी संतान की रक्षा हुई और तभी से यह व्रत माताओं की ओर से संतान की सुरक्षा और दीर्घायु के लिए रखा जाता है।

## सांस्कृतिक महत्व

**अहोई** अष्टमी व्रत का विशेष रूप से उत्तर भारत में अधिक प्रचलन है, जहां इसे गहन श्रद्धा और समर्पण के साथ मनाया जाता है। यह व्रत परिवार और संतान के प्रति मां के अटूट प्रेम और समर्पण का प्रतीक है।

# महेश्वर देवता करते भक्तों का हर कष्ट दूर



*हिमाचल की पवित्र धरा देवभूमि के नाम से जाना जाती है, जो अपनी हर घाटी और हर पर्वत श्रृंखला में एक अनूठी और जीवंत आस्था को समेटे हुए है। इस दिव्य परंपरा के हृदय में एक ऐसे शक्तिशाली देवता का वास है, जिनके नाम मात्र ही बड़े से बड़े कष्टों और रोगों का शमन कर देता है। वह हैं रोहड़ू क्षेत्र के पूजनीय देवता महेश्वर। महेश्वर की शक्ति एक ऐसी अलौकिक सच्चाई है, जो असाध्य को साधने की क्षमता रखती है। यह कहानी केवल एक पूज्य मूर्ति की नहीं, बल्कि एक जागृत महाशक्ति की है, जो विश्व के जटिल से जटिल निदान को चुटकियों में सुलझाने का सामर्थ्य रखती है। इनका परिचय ही इतना आकर्षक है कि यह मन में एक गहरी जिज्ञासा उत्पन्न करते हैं। वह कौन सी शक्ति है, जो लाखों लोगों के जीवन को नई दिशा दे रही है, जिसे 'विश्व का निदान करने का मास्टर' कहा जाता है? देवता महेश्वर को स्वयं में महाशक्ति का एक रूप माना जाता है। उनका प्रभाव इतना व्यापक है कि भक्तजन केवल उनका नाम लेने से ही भयंकर रोगों और गहरे दुःखों से मुक्ति पा लेते हैं। किंवदंतियों के अनुसार, महेश्वर जी का आगमन किन्नौर के सुंगरा क्षेत्र से हुआ, जिसके उपरांत उन्हें सर्वप्रथम रोहड़ू के समीप स्थित नंसारी गांव में स्थापित किया गया। यह आगमन मात्र एक विस्थापन नहीं था, बल्कि जनमानस के कल्याण के लिए एक दिव्य शक्ति का अवतरण था। वे केवल एक क्षेत्रीय देवता नहीं हैं, बल्कि एक ऐसी ऊर्जा हैं, जो अपने भक्तों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाती है। यह महाशक्ति सामान्य मनुष्य से सीधे संवाद स्थापित करने के लिए एक विशेष माध्यम का उपयोग करती है। स्थानीय परंपरा में इस माध्यम को माली अथवा गुर कहा जाता है। गुर या माली एक सेतु का कार्य करते हैं, जिसके द्वारा देवता अपनी देववाणी अर्थात अपने वचन आम लोगों तक पहुंचाते हैं। यह देववाणी भक्तों की समस्याओं का समाधान, भविष्क मार्गदर्शन और जीवन के नियमों का स्पष्टीकरण होती है। यह माध्यम न केवल आस्था को सुदृढ़ करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि देवभूमि में देव और मनुष्य के बीच का संबंध कितना निकट और सजीव है।*


*प्रस्तुतिः सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।*

## विष और जादू-टोने का निवारण

**देवता** महेश्वर की सबसे बड़ी ख्याति और मुख्य आकर्षण उनका विष और जादू के उपचार में महारत हासिल करना है। आज के समय में जब ईर्ष्या और द्वेष के कारण 'विष' (जहर) और 'जादू-टोना' (काला जादू) जैसी नकारात्मक शक्तियां फैल चुकी हैं, महेश्वर जी का धाम उन पीड़ितों के लिए एकमात्र आश्रय स्थल बन जाता है, जिन्हें आधुनिक चिकित्सा भी जवाब दे चुकी होती है। कई बार ये विष-जादू मंत्रों, खाने की चीजों या यहां तक कि शब्दों के माध्यम से भी दिए जाते हैं, और इनके कारण शरीर में ऐसी विकृतियां आती हैं, जिन्हें डॉक्टर भी ठीक करने में असमर्थ हो जाते हैं। यहां आने वाले पीड़ितों को देवता जी का पवित्र चरणामृत (पवित्र जल) दिया जाता है, जिसे उन्हें पांच से सात दिनों तक ग्रहण करना होता है। इस प्रक्रिया के साथ-साथ कुछ कठोर परेहज (नियम) का पालन करना अनिवार्य होता है, जिसमें शराब, मांस, अंडा और मछली का पूर्ण त्याग शामिल है। इन नियमों का पालन और चरणामृत का सेवन व्यक्ति को गारंटी से रोगमुक्त कर देता है।

## महेश्वर जी की अलौकिक उपचार शक्ति

**महेश्वर** जी की महिमा का सबसे बड़ा प्रमाण वे हजारों भक्त हैं, जो यहां से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर चुके हैं। अनेकों ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां लोग व्हीलचेयर या कुर्सी पर उठाकर लाए गए थे, लेकिन उपचार के बाद वे अपने पैरों पर चलकर वापस गए। शरीर में सूजन, पेट दर्द, एलर्जी, या अन्य कोई भी ऐसी बेचैनी जिसका इलाज दवाइयों से नहीं हो पा रहा हो, वह महेश्वर जी के चरणों में आकर समाप्त हो जाती है। यह स्थान इस अटल सत्य का प्रतीक है कि जहां विज्ञान की सीमा समाप्त होती है, वहां आस्था और देवशक्ति का चमत्कार प्रारंभ होता है। आधुनिकता की दौड़ में भी, देवभूमि के निवासी अपने इस मूल (आधार) से जुड़े हुए हैं, यह जानते हुए कि संकट के समय ये देवता ही हैं जो उन्हें वापस बुला लेते हैं और उनका उद्धार करते हैं।



## करवा चौथ व्रत




**कार्तिक** मास के कृष्णपक्ष की चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्थी के दिन करवा चौथ का व्रत किया जाता है, पति की दीर्घायु एवं अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस दिन चंद्रमा की पूजा-अर्चना की जाती है। करवा चौथ व्रत को करक चतुर्दशी के नाम से भी जाना जाता है। इस वर्ष करवा चौथ का त्योहार 10 अक्तूबर को मनाया जाएगा। करवा चौथ का व्रत अपने पति के स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए किया जाने वाला व्रत है। उत्तरी भारत में यह व्रत आज श्रद्धा व विश्वास की सीमाओं से आगे निकलकर, नए रंग में रंग गया है। करवा चौथ आज अपने प्रेमी, होने वाले पति और जीवन साथी के प्रति स्नेह व्यक्त करने का प्रर्याय बन गया है। आज यह केवल सुहागिनों का व्रत ही न रहकर, पतियों के द्वारा अपनी पत्नियों के लिए रखा जाने वाला पहला व्रत बन गया है। करवा चौथ के व्रत ने बाजारीकरण को कितना लाभ पहुंचाया है, यह तो स्पष्ट है, परंतु यह व्रत वैवाहिक जीवन को सफल और खुशहाल बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, क्योकि करवाचौथ अब केवल लोक परंपरा न रहकर, भावनाओं के आदान-प्रदान का पर्व बन गया है। करवा चौथ पर्व का पौराणिक महत्व धर्म ग्रंथों में प्रतीत होता है। महाभारत से संबंधित कथानुसा अपने वनवास काल के दौरान अर्जुन तपस्या करने नीलगिरी पर्वत पर चले जाते हैं और दूसरी ओर पांडवों पर कई संकट आन पड़ते हैं। यह सब देख द्रौपदी चिंता में पड़ जाती है और वह भगवान श्री श्रीकृष्ण से इन समस्याओं से मुक्ति पाने का उपाय जानने की प्रार्थना करती है। उनकी विनय सुन कृष्ण द्रौपदी से कहते हैं कि यदि वह कार्तिक कृष्ण चतुर्थी के दिन करवा चौथ का व्रत रहे तो उन्हें अपने संकटों से मुक्ति मिल सकती है। कृष्ण के कथन अनुसार द्रौपदी ने पूर्ण निष्ठा भव के सतह करवा चौथ का व्रत किया। व्रत के फल स्वरूप पांडवों को पने कष्टों से मुक्ति प्राप्त होती है। अटूट बंधन व सौभाग्य का प्रतीक करवाचौथ व्रत आज के संदर्भ में भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना की प्राचीन काल में रहा।

# करवाचौथ व्रत : प्रेम, आस्था और संकल्प का प्रतीक

**उत्तर** भारत केतीज त्योहारों में करवाचौथ का त्योहार अपना विशेष स्थान रखता है और इसकी अपनी ही शान व पहचान है, क्योंकि इसमें केवल महिलाएं ही अपने पति के कुशलक्षेम व लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं। वैसे तो व्रत एक संकल्प होता है, जिसे करने के पश्चात, उस पर चलने का प्रयास किया जाता है। दूसरे यदि इस प्रकार के संकल्प से अपने शरीर रूपी मशीन की भी देखभाल हो जाए, तो उससे बेहतर ओर क्या चीज हो सकती है। यह व्रत रूपी संकल्प मानव शरीर के लिए एक प्रकार की वैज्ञानिक प्रक्रिया भी होती है। इससे शरीर के अंगों और उसकी कोशिकाओं के आराम के साथ ही साथ शारीरिक नव निर्माण भी होता है और शारीरिक क्षमता में भी वृद्धि होती है, इसीलिए भारतीय संस्कृति में इन व्रतों का अपना विशेष महत्व रहता है। करवाचौथ का व्रत भी अपना विशेष स्थान रखता है और यह त्योहार कार्तिक मास की कृष्ण चतुर्थी (कर्का चतुर्थी)को होता है। करवा का शाब्दिक अर्थ मिट्टी का बर्तन होता है, जिसके आगे टोंटी लगी होती है और चौथ का अर्थ चतुर्थी से लिया जाता है। अर्थात करवाचौथ में व्रत के पश्चात जिस बर्तन से पानी पिया जाता है। वही, बर्तन करवाचौथ के नाम से जाना जाता है। आज कल मिट्टी के बर्तन के स्थान पर आम धातु के लोटे आदि का व्रत के पश्चात पानी पीने के लिए प्रयोग किए जाते हैं। अब प्रश्न उठता है कि आखिर क्यों कर इस (करवाचौथ) व्रत को रखा जाता है, इसके पीछे क्या तथ्य हैं और पौराणिक कथाएं आदि इस संबंध में क्या कहती हैं, जानना जरूरी हो जाता है। ऐसा भी बताया जाता है कि इस व्रत से पति की लंबी आयु होती है। सुख शांति और समृद्धि प्राप्त होती है। कुंवारी कन्याओं द्वारा इस व्रत के करने से उन्हें सुंदर और मनवांछित वर प्राप्त होता है। पौराणिक कथाओं में बताया कि माता पार्वती ने भी भगवान शिव के लिए करवाचौथ का ही व्रत रखा था। इसकी चर्चा नारद, स्कंद, हरिवंश व वामन आदि पुराणों में मिल जाती है। इस व्रत रखने पर जल तक भी ग्रहण नहीं किया जाता। केवल चंद्रमा के निकलने के बाद ही जल पिया जाता है। कुंवारी लड़कियां तारा निकलने पर उसको देखकर ही जल ग्रहण करती हैं। करवाचौथ के व्रत के लिए एक पौराणिक कथा में ऐसा भी बताया जाता है कि जब देव और असुर युद्ध में देवता हारने लगे तो उन्हें अपना स्वर्ग असुरों के अधिकार में जाता दिखने लगा था, तो तब वे सभी समाधान के लिए देव ब्रह्मा जी के पास जा पहुंचे थे। उस समय ब्रह्मा जी ने इसके लिए सभी देवियों को (शक्तियों को) करवाचौथ का उपवास करने को कहा, जिससे कि वे अपने सुहाग को बचाकर सब कुछ बचा सकती थीं। इस व्रत को रखकर उन सभी देवियों ने अपने सुहाग के साथ साथ दैत्यों से स्वर्ग लोक को भी बचा लिया था। ऐसी ही एक कथा सावित्री सत्यवान की भी आ जाती है, जिसमें सावित्री अपने मृत पति को यमराज से वापस जिंदा करवा लेती है। इस व्रत को रखने के लिए घर की बुजुर्ग महिला या सास अपनी बहू को सरगी के लिए फल, दूध, फैनियां आदि देती है, जो कि बहू द्वारा सरगी के रूप में (सुबह 4,5 बजे) खाई जाती है। सरगी के साथ अन्य श्रृंगार का सामान भी सास द्वारा दिया जाता है। पूजा पाठ में देव गणेश व शिव पार्वती की पूजा की जाती है। सायं सभी करवाचौथ वाली महिलाएं श्रृंगार के साथ (मेहंदी लगाकर) सजकर किसी खुले स्थान में करवाचौथ की कथा करती हैं। ***चंद्रमा के निकलने पर दीया जलाकर छलनी से चंद्रमा और पति को देख कर जल अर्पित किया जाता है। इसके पश्चात पति पत्नी को जल पिलाता है और कुछ प्रसाद खिलाता है। इसके बाद पत्नी अपने पति के चरण स्पर्श करती है और पति खुश रहने के लिए आशीर्वाद देता है। इस तरह व्रत खुल जाता है।***




डॉ. कमल के. प्यासा
परुथी, लोअर समखेतर, मंडी



# अद्भुत चमत्कार करती संतान दात्री मां सिमसा

*हिमाचल प्रदेश की भूमि देवताओं की भूमि के रूप में जानी जाती है, जहां हर पर्वत, घाटी, नदी और वन का कोई न कोई धार्मिक या पौराणिक महत्व है। ऐसा ही एक पावन स्थल है मंडी जनपद के जोगिंद्रनगर उपमंडल के लडभड़ोल क्षेत्र में स्थित सिमसा गांव, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता, धार्मिक आस्था और अलौकिक चमत्कारों के लिए प्रसिद्ध है। इस गांव में माता सिमसा का एक प्राचीन मंदिर है, जिसे संतान दात्री माता के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि यहां मांगी गई हर मनोकामना माता अवश्य पूरी करती हैं, विशेषकर निःसंतान महिलाओं को संतान का वरदान देती हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार, जब भगवान शिव सती के मृत शरीर को लेकर विलाप करते हुए तीनों लोकों में भ्रमण कर रहे थे, तब भगवान विष्णु ने अपने चक्र से सती के शरीर के टुकड़े किए। जहां-जहां सती के अंग गिरे, वहां शक्तिपीठ बन गए। ऐसा कहा जाता है कि सिमसा गांव में सती का मस्तिष्क गिरा था, इसीलिए इस स्थान का नाम पहले सिरसा और बाद में सिमसा पड़ा। मंदिर से जुड़ी एक और जनश्रुति के अनुसार, टोभा नामक एक युवक, जिसने एक हरिजन कन्या से विवाह किया था, समाज से बहिष्कृत कर दिया गया। एक दिन वह शिवरात्रि पर तरड़ी की खुदाई करने गया। पहले प्रहार से पानी, दूसरे से दूध और तीसरे से खून निकलने लगा। रात को मां सिमसा ने टोभा को स्वप्न में दर्शन देकर मूर्ति प्राप्त कर उसे गांव में प्रतिष्ठित करने का आदेश दिया। टोभा ने माता की पालकी उठाकर परिक्रमा की और जहां पालकी भारी हुई। वहीं, माता की मूर्ति को स्थापित कर भव्य मंदिर का निर्माण करवाया गया।*



तुलसी राम डोगरा, पालमपुर

## यह है मान्यता

**सिमसा** मंदिर हजारों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। विशेषकर शारदीय नवरात्र में यहां देशभर से महिलाएं संतान प्राप्ति की कामना लेकर आती हैं। वे मंदिर परिसर में नियमपूर्वक रात्रि को बिना कुछ खाए बिछौना बिछाकर सोती हैं। मान्यता है कि मां सिमसा उन्हें स्वप्न में फल प्रदान करती हैं जिस फल का दर्शन होता है, उसी प्रकार की संतान की प्राप्ति होती है। यदि फल खंडित हो या खा लिया जाए, तो संतान प्राप्त नहीं होती। यही नहीं, मंदिर के पास स्थित एक बावड़ी में स्नान करना भी परंपरा का हिस्सा है, जहां कहा जाता है कि माता स्वयं स्नान करती हैं। मंदिर के पास एक विशेष चट्टान है, जिसे माता का झूला कहा जाता है। मान्यता है कि यह पत्थर केवल श्रद्धा से छूने पर हिलता है, जो माता की उपस्थिति और चमत्कार का प्रतीक माना जाता है। नवरात्र में इस पवित्र स्थल पर विशाल मेले का आयोजन होता है, जिसमें हजारों की संख्या में भक्तजन आते हैं। इस दौरान मंदिर कमेटी, स्थानीय प्रशासन व पुलिस मिलकर सुरक्षा, लंगर, ठहरने और दर्शन की उत्तम व्यवस्था करते हैं। यहां धर्मशालाएं भी हैं, जहां श्रद्धालुओं को सभी आवश्यक सुविधाएं मिलती हैं। माता सिमसा का यह मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टि से अपूर्व है, बल्कि इसकी लोककथाएं, चमत्कारिक घटनाएं और प्राकृतिक सुंदरता इसे आध्यात्मिक पर्यटन का भी एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाते हैं।



## ऐसे पहुंचें सिमसा मंदिर

***सिमसा** मंदिर पहुंचने के लिए कई मार्ग उपलब्ध हैं। पठानकोट से ट्रेन से जोगिंद्रनगर तक का सफर बेहद सुंदर व रोमांचकारी होता है। वहीं, सड़क मार्ग से भी आप कांगड़ा, पठानकोट या दिल्ली से बस द्वारा इस क्षेत्र में पहुंच सकते हैं। हवाई मार्ग से आने वालों के लिए कांगड़ा एयरपोर्ट सबसे निकट है, जहां से टैक्सी व बस सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा, दिल्ली से वंदे भारत ट्रेन द्वारा अन्दौरा-अम्ब स्टेशन तक यात्रा की जा सकती है।*

# भाग्य व रूप दोनों अलग-अलग पहलू



-विभूति शर्मा, भड़ियाड़ा

**अकसर** देखने में आता है कि विवाहित जोड़ों में विसंगतियां होती है, फिर भी उनका विवाहिक जीवन सफल होता है। ऐसा ही प्रस्तुत कुंडली वाले जातक के साथ हुआ। जातक का जन्म साधारण परिणाम में हुआ। इसका पालन पोषण संस्कारों के अनुरूप हुआ। इस जातक का व्यक्तित्व सौम्य एवं सजीला है। कोई भी रूपवती कन्या इसके साथ विवाह कर अपने भाग्य पर इतरा सकती थी। जातक के परिवार में रिश्ते बड़े ही तय करते थे। उस समय पश्चिमी सभ्यता का समाज में परिवेश नहीं था। जातक की पसंद न पसंद पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता था। इस जातक का विवाह तय कर दिया। जातक कल्पनालोक में खो गया। उसका विवाह शक्ल सूरत से अत्यंत करूप कन्या से कर दिया। उसका दिल उस कन्या को स्वीकार नहीं कर पाया। फिर भी वह उसके साथ ही रह रहा है। आइए इस जातक के जन्मांड्ग का अवलोकन करे। मीन लग्न की कुंडली में लग्नेश गुरु, सुख स्थान से शुक्र के साथ है। इसलिए जातक का सुंदर होना स्वाभाविक है। पंचम राहु शुभ ग्रहों के मध्य शुभकर्त्तरी योग में स्थित है। फलस्वरूप जातक डाक्टर बना। गुरु की महादशा 1983 से 1999 तक उसने जीवन के हर सुख का भोग किया और भूमि, भवन, वाहन का सुख प्राप्त किया। ससुराल से पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता मिली।

अगर कुंडली के सप्तमेश पर नजर डालें तो पाते हैं कि बुध अस्त है। सप्तम भाव पर शुभ ग्रह की दृष्टि नहीं है। बुध सप्तमेश सूर्य एवं शनि के मध्य पीड़ित है। इसलिए जातक को रूपवती स्त्री नहीं मिली। जातक को संतान सुख की प्राप्ति हुई। दोनों बेटे मेधावी है। पति-पत्नी में सामंजस्य है। भाग्य और रूप दोनों अलग-अलग पहलू हैं। ईश्वर किसी को अत्यंत रूपवान बनाते हैं तो जरूरी नहीं उसका भाग्य प्रबल हो। वहीं, किसी को कुरूप बनाते हैं, यह जरूरी नहीं कि वह भाग्यहीन हो, बल्कि उसे भाग्यशाली बना कर ईश्वर उसके जीवन को खुशियों से भर देते हैं। शायद इसी सामंजस्य और तालमेल से भगवान हर प्राणी को प्रसन्न रखते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### आईडीबीआई बैंक ने प्रदान की एंबुलेंस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला रेडक्रॉस सोसाइटी को क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला तथा टांडा मेडिकल कॉलेज के रोगियों की सुविधा के लिए आईडीबीआई बैंक की ओर से एक एंबुलेंस सहयोग स्वरूप प्रदान की गई। एडीसी विनय कुमार ने कहा कि आईडीबीआई बैंक का यह योगदान समाज में मानवीय सेवा की भावना को सशक्त बनाने वाला कदम है। यह एंबुलेंस जरूरतमंदों, बीमार व्यक्तियों तथा आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से प्रयोग में लाई जाएगी। एडीसी ने आईडीबीआई बैंक के रिजनल हेड अशोक कुमार सिंघल सहित बैंक की पूरी टीम, स्थानीय शाखा प्रबंधक और सभी स्टाफ सदस्यों का धन्यवाद किया।

### भवारना और बारी में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल भवारना के सहायक अभियंता इंजीनियर मयंक शर्मा ने बताया कि बिजली लाइनों व उपकरणों के आवश्यक रखरखाव के चलते 8 अक्टूबर को बिजली बंद रहेगी। 11केवी खैरा फीडर, मनियाड़ा फीडर, एलआईएस खैरा व रिट तथा जालग फीडर के तहत के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र सैनिक वेलफेयर कॉलोनी ठाकुरद्वारा, भवारना, बारी, सिहोल, हैंजा, भाडलेदेवी, ठंबा, कथियाड़ा, सुतरेहड़ ओडर, खैरा रोड, गदियाड़ा आदि गांवों में 8 अक्टूबर बुधवार को सुबह 8 से लेकर शाम कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी। उन्होंने प्रभावित इलाका निवासियों से सहयोग की अपील की है।

### सुक्कड़, बागणी में कल नहीं होगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सिद्धपुर संतोष कुमार ने बताया कि बिजली लाइनों के रखरखाव के चलते 8 अक्टूबर को सुबह 9:30 बजे से कार्य समाप्ति तक सिद्धबाड़ी, ब्वाइट रिज, सुक्कड़, बागणी, सेंट मैरी, सेक्रेड हॉर्ट, त्रिलोकनाथ तथा फतेहपुर आदि क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। उन्होंने जनता से अपील की कि इस अवधि में सहयोग करें, ताकि रखरखाव का कार्य समय पर पूर्ण किया जा सके।

### डाक जीवन बीमा के एजेंट के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय डाक विभाग, धर्मशाला मंडल, धर्मशाला द्वारा डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के प्रत्यक्ष अभिकर्ताओं (डायरेक्ट एजेंट) की नियुक्ति के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। अधीक्षक डाकघर धर्मशाला मंडल ने बताया कि अभ्यर्थियों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास तथा आयु सीमा 18 वर्ष से 50 वर्ष निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने निकटतम डाकघर से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं तथा आवश्यक दस्तावेजों सहित उनके कार्यालय में स्वयं या स्पीड पोस्ट के माध्यम से 15 अक्टूबर तक आवेदन जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष 01892-226924 या मोबाइल नंबर 70181.22400 पर संपर्क कर सकते हैं।

### कबीरपंथी समाज ने पीड़ित को दी आर्थिक सहायता

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** कबीर पंथी समाज कल्याण सभा चंढ़ोपा के प्रधान कर्म चंद और कमेटी सदस्यों ने गांव पड्डी के रमेश चंद पुत्र गल्लू राम को 10,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। हाल ही में भारी बरसात के कारण रमेश चंद का मकान क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे उनका लाखों का नुकसान हुआ है और घर रहने योग्य नहीं रहा। सभा प्रधान कर्मचंद ने कहा कि इस बरसात में कई लोगों को नुकसान हुआ है, ऐसे में सभी सामाजिक संगठनों को जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि बूंद-बूंद से घड़ा भरता है, इसलिए छोटी-छोटी मदद भी बड़ा सहारा बन सकती है। इस अवसर पर जगदीश चंद, अजय कुमार, कुलदीप, विकास, अंजना, गायत्री, शकुंतला, सुरजीत, संजीव सनी और शिवकुमार भी मौजूद रहे।

### क्विज स्पर्धा व डिजिटल नवाचार पर कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय डाक विभाग द्वारा 6 से 10 अक्टूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाया जा रहा है। अधीक्षक डाकघर धर्मशाला रविंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि विभिन्न विषयों पर जागरूकता एवं सहभागिता आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सोमवार को प्रौद्योगिकी दिवस पर क्विज प्रतियोगिता व डिजिटल नवाचार पर कार्यक्रम हुए। मंगलवार को वित्तीय समावेशन दिवस पर सुकन्या ग्रामों में वित्तीय साक्षरता शिविर, पीएलआई-आरपीएलआई प्रचार एवं डाक चौपाल का आयोजन किया गया। 8 अक्टूबर को फिलेटली व नागरिक सेवाओं पर पत्र लेखन, ढाई आखर, फिलेटलिस्ट मीट और आधार नामांकन शिविर लगाए गए। 9 अक्टूबर को विश्व डाक दिवस पर पोस्ट फॉर पीपल थीम पर पौधरोपण और पोस्टऑफिस वॉक का आयोजन हुआ। 10 अक्टूबर को ग्राहक दिवस पर टेस्टीमोनियल्स और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से डाक विभाग व जनता के बीच संवाद को प्रोत्साहित किया जाएगा।

### कांगड़ा-चंबा संस्कृति उत्सव-2025 संपन्न



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** इवेंट गुरु प्राइवेट लिमिटेड की ओर से आयोजित कांगड़ा-चंबा संस्कृति उत्सव-2025 संपन्न हो गया। असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस हिमाचल प्रदेश के प्रदेश चेयरमैन राजीव राणा ने विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया। इवेंट गुरु के संस्थापक पंडित विशाल शर्मा समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समापन सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को सम्मानित किया गया। इस उत्सव ने हिमाचली लोक संस्कृति और युवा दृष्टिकोण का सुंदर संगम प्रस्तुत किया।

### खाद्य सुरक्षा विभाग टीम ने किया औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा के खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोमवार को कोके, पतराली और ज्वालाजी बाजार की मिठाई दुकानों पर औचक निरीक्षण कर कोकोनट बर्फी, पेड़ा, गुलाबजामुन, पनीर, रसगुल्ला, मिल्ककेक, कलाकंद, फेनिया, बेसन लड्डू और बालूशाही के सैंपल लिए। टीम ने मिठाई विक्रेताओं को मिठाइयों के उत्पादन, पैकिंग और बिक्री के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही, मिठाइयों को उचित तापमान पर साफ-सुथरे बर्तनों में स्टोर करने और जालीदार कपड़े से ढक कर रखने की सलाह दी गई। निरीक्षण का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

# निजी शिक्षण संस्थानों में डीएलएड की भरी जाएंगी 718 रिक्त सीटें

## स्कूल शिक्षा बोर्ड में 9 को होगी काउंसिलिंग, 1766 अभ्यर्थी शॉर्ट लिस्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से डीएलएड (डिप्लोमा इन एलिमेंटरी एजुकेशन) सत्र 2025-27 की निजी मान्यता प्राप्त संस्थानों में रिक्त 718 सीटों को भरने के लिए 9 अक्तूबर को काउंसिलिंग का आयोजन किया जाएगा। यह काउंसिलिंग सुबह 10 बजे धर्मशाला स्थित बोर्ड मुख्यालय में होगी। काउंसिलिंग के लिए 1,766 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। 29 मई को 87 परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश परीक्षा आयोजित की थी, जिसमें 14,352 अभ्यर्थियों ने भाग लिया था।

जुलाई में घोषित परिणाम में 3,203 अभ्यर्थी सफल हुए, जिनमें से न्यूनतम 45% अंक प्राप्त करने वालों को काउंसिलिंग के लिए बुलाया है। प्रदेश में डीएलएड की कुल 2,450 सीटों में से निजी संस्थानों की 718 सीटें अब भी खाली हैं। स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि काउंसिलिंग में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को निर्देश दिए हैं कि वे बोर्ड वेबसाइट पर उपलब्ध मेरिट लिस्ट एवं दिशानिर्देशों के अनुसार निर्धारित तिथि पर ही काउंसिलिंग के लिए बोर्ड मुख्यालय पहुंचें। इस दौरान अभ्यर्थियों को अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, हिमाचल मूल निवास प्रमाण पत्र तथा आरक्षित श्रेणी-उपश्रेणी से संबंधित प्रमाण पत्रों एवं आवश्यक शपथ पत्रों की मूल प्रति व सत्यापित छायाप्रतियों के साथ बोर्ड वेबसाइट पर उपलब्ध बायोडाटा फॉर्म की प्रति को भरकर लाना होगा। सीट आवंटन के समय अभ्यर्थी के संस्थान में सीट उपलब्ध होने पर ही मेरिट के आधार पर अभ्यर्थी को केवल एक बार सीट आवंटित की जाएगी, इसलिए अभ्यर्थियों को वांछित संस्थान का चुनाव सीट की मांग करने के पूर्व सुनिश्चित करना होगा।

### टेट आवेदन की तिथि 8 तक बढ़ाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** स्कूल शिक्षा बोर्ड ने नवंबर माह में आयोजित होने वाली अध्यापक पात्रता परीक्षा (टेट) के लिए आवेदन करने की तिथि को बढ़ा दिया है। 10 विषयों के टेट के लिए अभ्यर्थी अब सात और आठ अक्तूबर को ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि कुछ अभ्यर्थी अध्यापक पात्रता परीक्षा की तिथि बढ़ाने की मांग कर रहे थे। इसके चलते बोर्ड ने दो दिन का अतिरिक्त समय दिया है। 7 और 8 अक्तूबर को पात्र अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। आने वाले आवेदनों पर किसी भी अभ्यर्थी को गलती सुधार करने का मौका नहीं मिलेगा। अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट पर जेबीटी, शास्त्री, टीजीटी (नॉन-मेडिकल), लैंग्वेज टीचर, टीजीटी (आर्ट्स, टीजीटी (मेडिकल), पंजाबी और उर्दू विषय के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा अभ्यर्थी स्पेशल एजुकेटर (प्री प्राइमरी टू कक्षा पांच) और स्पेशल एजुकेटर (कक्षा छह से 12वीं) के लिए आवेदन कर सकेंगे।

### शिक्षा बोर्ड के करोड़ों रुपए विभाग में अटके : सुनील

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की वित्तीय स्थिति गंभीर रूप से बिगड़ती जा रही है। बोर्ड कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा विद्यार्थियों को दी जाने वाली किताबों और प्रश्न पत्रों के भुगतान में भारी देरी हो रही है। सत्र 2023-24 और 2024-25 की किताबों का 23.64 करोड़ रुपए, सत्र 2025-26 की किताबों का लगभग 55 करोड़ रुपए तथा विभिन्न कक्षाओं के प्रश्न पत्रों का लगभग 8 करोड़ रुपए भुगतान लंबित है। कुल मिलाकर करीब 87 करोड़ रुपए शिक्षा विभाग में अटके हैं, जिससे बोर्ड का वित्तीय संकट बढ़ गया है। भुगतान में देरी के कारण बोर्ड के परीक्षा कार्य और अध्यापकों के भुगतान प्रभावित हो रहे हैं। कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी सरकार और शिक्षा विभाग की होगी। इससे 350 कर्मचारी और 450 पेंशनर्स प्रभावित हैं।

### सालगिरह मुबारक



सिद्ध पूनणी के दिलबाग सिंह मनकोटिया और सुदेश कुमारी को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### विदेशों में रोजगार के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी धर्मशाला अक्षय कुमार ने बताया कि राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम द्वारा यूएई में मिस्त्री, कारपेंटर और निर्माण श्रमिकों के पदों पर भर्ती आयोजित की जा रही है। भर्ती एचआर भाटिया सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से होगी। चयनित उम्मीदवारों को मासिक लगभग 36 हजार रुपए वेतन मिलेगा। इच्छुक अभ्यर्थी 9 अक्तूबर को सुबह 9 बजे हिमाचल प्रदेश गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, बडू (हमीरपुर) में सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

### संजय पराशर ने हिमाचल के युवाओं के सपनों को सागर से जोड़ा

## साढ़े पांच साल में एक हजार से अधिक युवाओं को दिया रोजगार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रदेश** में जब युवा आंखों में सपने लिए भविष्य की राह तलाशते हैं, तो बहुत बार उन्हें धुंध ही नजर आती है। न नौकरी, न दिशा, बस प्रतीक्षा। लेकिन कैप्टन संजय पराशर उन लोगों में से एक हैं, जिन्होंने सामाजिक सरोकारों के साथ रोजगार सृजन के क्षेत्र में एक नई क्रांति की नींव रखी है।



साढ़े पांच वर्ष पूर्व जब उन्होंने अपनी कंपनी वीआर मेरीटाइम सर्विसेस का प्रदेश में पहला कार्यालय खोला था, तब शायद बहुत कम लोगों को अंदाजा था कि यह पहल एक दिन सैकड़ों युवाओं की जिंदगी बदल देगी। इस दौरान एक हजार से अधिक युवाओं को उन्होंने मर्चेंट नेवी जैसे प्रतिष्ठित क्षेत्र में रोजगार दिलाया है। यह केवल आंकड़ा नहीं है, यह उन हजार परिवारों की मुस्कान, उम्मीद और आत्मसम्मान की कहानी है, जिन्हें काम और पहचान दोनों मिले। कैप्टन पराशर का कहना है कि समाज से गरीबी हटाने के लिए किसी चमत्कार की उम्मीद नहीं की जा सकती है। इसके लिए ठोस प्रयास, सही दिशा और निरंतर मेहनत जरूरी है पराशर ने कहा कि मर्चेंट नेवी का क्षेत्र, जो कभी सिर्फ बड़े शहरों के युवाओं तक सीमित माना जाता था, अब हिमाचल की बेटियों और बेटों के सपनों का भी हिस्सा बन गया है। पराशर बताते हैं कि अब प्रदेश की युवतियां भी इस क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ रही हैं और कई बेटियां ऑफिसर रैंक तक पहुंच चुकी हैं। यह बदलाव सिर्फ रोजगार का नहीं, बल्कि सोच और आत्मविश्वास का भी है, जो हिमाचल के समाज में धीरे-धीरे गहराई तक उतर रहा है। कैप्टन पराशर ने बड़ी सादगी से कहा कि आज की सबसे बड़ी चुनौती बेरोजगारी है। पढ़े-लिखे युवा भी काम की तलाश में भटक रहे हैं। परिवार की उम्मीदें और सामाजिक दबाव उन्हें भीतर से तोड़ देते हैं। रोजगार मिलने के बाद अब वही युवा समुद्र की लहरों पर सवार होकर अपने परिवार की खुशियों का जहाज चला रहे हैं।

### धौलाधार चोटियों पर हिमपात का दौर जारी, निचले क्षेत्रों में बढ़ी ठंड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल में बीते दिन रविवार से बदले मौसम के मिजाज के बीच सोमवार को दूसरे दिन भी धौलाधार की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी और निचले क्षेत्रों में बारिश का दौर जारी रहा। हिमपात के बाद पहाड़ों पर सफेद चादर बिछ गई है, जिससे निचले इलाकों में ठंड काफी बढ़ गई है और तापमान में गिरावट आई है। सोमवार को पूरा दिन रुक-रुक कर बर्फबारी और बारिश का दौर जारी रहने से सामान्य जनजीवन पर प्रभावित हुआ। धौलाधार की बर्फीली चोटियां और बादलों से ढकी वादियां पर्यटकों को आकर्षित कर रही हैं। स्थानीय होटलों और कैफे में भी पर्यटकों की आवाजाही बढ़ गई है।

### शाहपुर कॉलेज में रामकथा शुरू

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर शाहपुर कॉलेज के हिंदी विभाग ने एक सप्ताह-व्यापी विशेष कार्यक्रम रामकथा 'युवा कंठ से' का शुभारंभ किया है। इस आयोजन का उद्देश्य युवा पीढ़ी को भारतीय महाकाव्य रामायण की गाथाओं और उनके गहरे नैतिक मूल्यों, त्याग, और कर्तव्य निष्ठा से जोड़ना है। प्राचार्य ने हिंदी विभाग की इस अनूठी पहल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की यह महान कृति, रामायण, केवल एक कथा नहीं है। यह जीवन जीने की कला है। यह हमें सिखाती है कि विपरीत परिस्थितियों में भी धर्म और सत्य का मार्ग कैसे नहीं छोड़ना चाहिए।

### आपदा प्रभावितों को भेजी राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** वर्ल्ड हिमाचली ऑर्गेनाइजेशन (पंजीकृत) ने सेक्टर 30, चंडीगढ़ स्थित मां काली मंदिर परिसर से मंडी जिले के बालीचौकी क्षेत्र के प्राकृतिक आपदा प्रभावितों के लिए विशेष राहत सामग्री से भरा ट्रक रवाना किया। संस्था के अध्यक्ष अमित राणा ने बताया कि इस राहत में गद्दे, रजाई, कंबल, चादरें, कूकर, थाली, चम्मच, गिलास, चप्पल, टूथकिट, वस्त्र, राशन और अन्य आवश्यक सामग्री शामिल है। इसका उद्देश्य देवभूमि हिमाचल के भाई-बहनों को इस विपदा के समय सहारा देना है।

### युवक ने खाई में लगाई छलांग, घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत सोमवार दोपहर एक युवक ने धर्मशाला-पालमपुर रोड पर आते कैंची मोड़ (सेल्फी प्वॉइंट) पर खाई में छलांग लगाई है, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका उपचार चल रहा है। पुलिस के अनुसार दोपहर 12 से 1 बजे के बीच में घटना की सूचना मिली थी। पुलिस ने युवक को कैंची मोड़ में गहरी खाई से निकालकर निकालकर जोनल अस्पताल धर्मशाला पहुंचाया। एएसपी आदिति सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा हर पहलू की जांच की जा रही है। हालांकि, मामला दर्ज नहीं हुआ है।

### 8 और 9 को बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल नंबर-2, रमेश चंद ने जानकारी दी है कि दाड़ी फीडर के तहत विद्युत लाइनों के रखरखाव के कारण 8 अक्तूबर को दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक या कार्य समाप्ति तक आईटीआई, लोअर बड़ोल, धौलाधार कॉलोनी, आईएएसडीपी कॉलोनी, कमांड कंट्रोल सेंटर एवं आस-पास के क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। 9 अक्तूबर को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक शिला चौक, भटेड़, पासू, शिला, लोअर सुक्कड़, कनेड़ और आसपास के इलाकों में बिजली बंद रहेगी। खराब मौसम या आकस्मिक स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### फार्मा कंपनी पर गिरा पेड़, लाखों का नुकसान

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** औद्योगिक क्षेत्र संसारपुर टैरस में सोमवार सुबह तेज तूफान के कारण मेडिरोज दवा कंपनी को भारी नुकसान हुआ। सुबह करीब पांच बजे एक बड़ा सफेदा का पेड़ कंपनी के ऊपर गिर गया, जिससे कंपनी के अंदर और बाहर लाखों रुपए का नुकसान हुआ। पेड़ गिरने से एक स्कूटी भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कंपनी के प्रबंधक राजेश कुमार सोनी ने बताया कि समय पर कंपनी बंद थी और सिक्योरिटी गार्ड ड्यूटी पर था, जिससे कोई बड़ा हादसा टल गया। नुकसान के कारण कंपनी का काम भी बंद पड़ा।

### भुगतान न होने पर जताया गहरा रोष

**अनंत ज्ञान । फतेहपुर।** विद्युत पेंशनर फोरम फतेहपुर इकाई की बैठक शिव पैलेस फतेहपुर में जिला प्रधान इंजीनियर आरआर राणा की अध्यक्षता में हुई। पेंशनरों ने सरकार और विद्युत बोर्ड प्रबंधन पर मार्च 2024 के बाद लीव इनकैशमेंट, ग्रेच्युटी और संशोधित वेतनमान के तहत भुगतान नहीं करने का आरोप लगाया। 1 जनवरी 2016 से 31 मार्च 2022 के बीच रिटायर कर्मचारियों की बकाया राशि भी लंबित है। फोरम ने शीघ्र भुगतान और जुलाई 2023 से जुलाई 2025 तक के महंगाई भत्ते की तत्काल अदायगी की मांग की है, जिससे पेंशनरों को आर्थिक राहत मिल सके।

### पालमपुर में सौर स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पालमपुर नगर निगम सभागार में महापौर गोपाल नाग की अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक हुई, जिसमें विधायक आशीष बुटेल भी उपस्थित थे। नगर निगम ने नैन फाउंडेशन के साथ आवारा कुत्तों की नसबंदी एवं टीकाकरण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने का निर्णय लिया। स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत के निर्देश दिए गए। श्री राधा-कृष्ण मंदिर के पास पार्किंग परियोजना की प्रगति की समीक्षा हुई। स्वच्छ शहर अभियान में पालमपुर की सक्रिय भागीदारी पर भी चर्चा हुई। आयुक्त डॉ. आशीष शर्मा ने सभी कार्य समय पर पूरा करने का आश्वासन दिया।

### थुरल कॉलेज में छात्र परिषद शपथ ग्रहण समारोह

**अनंत ज्ञान, डरोह।** महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में केंद्रीय छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। प्राचार्या राका शर्मा ने प्रधान देवांश जम्वाल, उपप्रधान इशिका, महासचिव रिया और संयुक्त सचिव अंशिका को शपथ दिलाई। कक्षा प्रतिनिधियों में मुस्कान, दीक्षा, नैंसी चौहान, कोमल, नीतिका, अंशिका, लविश वालिया, एकता, प्रिंस, अर्पिता और विवेक परिहार ने भी शपथ ली। विभिन्न क्लबों से वरुण जम्वाल, अंकिता, कनिका, अर्शदीप कौर, सिया राणा, शिवानी, तमन्ना, ऋषभ राणा, काजल, सुजल, अनमोल सूद और रिया ने भी जिम्मेदारी ग्रहण की।

### मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशित, 17 तक दावे और आपत्तियां आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूचियों का प्रारूप 6 अक्तूबर को प्रकाशित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आयोग की ओर से निर्धारित समयसारणी के अनुसार, दावे और आपत्तियां 8 अक्तूबर से 17 अक्तूबर तक प्रस्तुत की जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निपटारा 27 अक्तूबर तक संबंधित पुनरीक्षण प्राधिकारी द्वारा किया जाएगा। इसके पश्चात अपील 3 नवंबर 2025 तक अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष दायर की जा सकेगी तथा इन अपील का निपटारा 10 नवंबर तक किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 13 नवंबर या उससे पूर्व किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से पूरा किया जाए। मतदाता सूची से संबंधित सभी दावे-आपत्तियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण की जाएं, ताकि मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन निर्धारित समय में किया जा सके।

## 32 मील में कार चालक 2 किलो 526 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**कोटला।** जिला पुलिस नूरपुर ने 32 मील में नाकाबंदी के दौरान कार से 2 किलो 526ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने 32 मील में नाकाबंदी की थी। इस दौरान एक इंडिगो कार को रोककर तलाशी ली गई तो 2 किलो 526 ग्राम चरस बरामद हुई।

पुलिस ने कार चालक भरम सिंह पुत्र चूड़ामणि निवासी टिककर मंडी के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। एसपी नूरपुर अशोक रतन ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज गिरफ्तार कर लिया है। आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### बैजनाथ में मंडी जिले के तीन युवक 318.10 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पुलिस ने 318.10 ग्राम चरस सहित तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। रविवार देर रात बैजनाथ पुलिस टीम ने गश्त व यातायात चेकिंग के दौरान अप्पर भट्टू चौक के समीप गाड़ी नंबर एचपी-645बी-9372में सवार तीन युवकों से 318.10 ग्राम चरस बरामद की। आरोपियों की पहचान इरफान मोहम्मद निवासी गांव बालकरूपी, तहसील जोगिंद्रनगर, सचित भारद्वाज निवासी गांव बतनाहर डाकघर नोहली, जोगिंद्रनगर व रविंद्र कुमार निवासी गांव करसेड, तहसील पधर, जिला मंडी के रूप में हुई है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि तीनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया है और पुलिस थाना बैजनाथ में मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों के खिलाफ आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### कार सवार पांच युवकों से 150 ग्राम चरस बरामद, गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस ने पांच युवकों को 150 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है। रविवार रात पुलिस थाना पंचरुखी की टीम द्वारा गश्त के दौरान वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान मट्ट से ध्रमण की ओर संपर्क मार्ग के समीप आल्टो एचपी-96-5306 में सवार युवकों से 150 ग्राम चरस बरामद की। आरोपियों में शुभम पुत्र निवासी गांव चंबी, तहसील धीरा, अक्षय कुमार पुत्र निवासी गांव व डाकघर टिक्कर, तहसील पालमपुर, अभय कुमार पुत्र निवासी गांव व डाकघर टिक्कर तहसील पालमपुर, अरुण कुमार निवासी गांव सिंबल खोला, तहसील पालमपुर, प्रद्युमन निवासी गांव व डाकघर महाकाल तहसील बैजनाथ शामिल हैं। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया है तथा उनके पुलिस थाने पंचरुखी में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### बच्चों में डायबिटीज की रोकथाम को टांडा कॉलेज में लगाए इंसुलिन पंप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में टाइप-1 डायबिटीज से पीड़ित बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय मेडिकल कॉलेज (आरपीजीएमसी) टांडा के पीडियाट्रिक एंडोक्राइन क्लिनिक में अब तक 140 बच्चे इस बीमारी के इलाज के लिए पंजकृत किए गए हैं। इनमें से आठ बच्चों को उन्नत इलाज के तहत तीन लाख रुपए कीमत वाले इंसुलिन पंप लगाए गए हैं। प्राचार्य डॉ. मिलाप शर्मा ने बताया कि यह एक ऑटोइम्यून विकार है, जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली अग्न्याशय की बीटा कोशिकाओं पर हमला कर इंसुलिन निर्माण को बाधित करती है। बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा शर्मा ने बताया कि हिमाचल के सात जिलों और पंजाब के पठानकोट से बच्चे इलाज के लिए आ रहे हैं। देश के पहले डीएम इन पीडियाट्रिक एंडोक्राइनोलॉजी डॉ. अतुल गुप्ता ने कहा कि यह बीमारी छह माह से 18 वर्ष तक के बच्चों में हो सकती है। समय पर इलाज न होने पर यह जानलेवा स्थिति डायबिटिक कीटोएसिडोसिस में बदल सकती है। इंसुलिन पंप के उपयोग से बच्चों को राहत मिलेगी और बेहतर रोग नियंत्रण संभव हो पाएगा।

**अभियान** | जिला स्तर पर हस्ताक्षर अभियान का आगाज, लोगों को किया जाएगा जागरूक

# कांग्रेस का 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कांग्रेस** पार्टी ने धर्मशाला से 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान की शुरुआत की। जिला स्तरीय इस हस्ताक्षर अभियान में विधायक, पूर्व सांसद विप्लव ठाकुर सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान एआईसीसी से नियुक्त पर्यवेक्षक शांतनु चौहान ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक सच्चे नायक की तरह देश के लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष कर रहे हैं। राहुल गांधी को जब यह पता चला कि भाजपा वोटों की चोरी कर लोकतंत्र को कमजोर कर रही है, तो उन्होंने इस मुद्दे को सड़क से लेकर संसद तक जोरदार तरीके से उठाया। चौहान ने बताया कि पार्टी नेतृत्व ने हम सभी को अपने-अपने राज्यों में जाकर वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि भाजपा बार-बार यह कहती रही कि लोकतंत्र को कांग्रेस से खतरा है, जबकि सच्चाई यह है कि भाजपा खुद लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने की कोशिश कर रही है।



धर्मशाला में प्रेसवार्ता करते एआईसीसी के पर्यक्षेक्षक शांतनु चौहान।

राहुल गांधी ने देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह साबित किया है कि कांग्रेस ही लोकतंत्र की सच्ची रक्षक है। शांतनु ने कहा कि देवभूमि हिमाचल के लोगों का संदेश पूरे देश में जाता है और यही कारण है कि इस अभियान की शुरुआत धर्मशाला से की गई है। अब जिला स्तर के बाद यह अभियान विधानसभा स्तर तक ले जाया जाएगा, ताकि लोगों को जागरूक किया जा सके कि भाजपा किस तरह संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने का प्रयास कर रही है।

### हर घर पहुंचे 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** जिला कांगड़ा कांग्रेस पार्टी के पर्यवेक्षक शांतनु चौहान ने कहा कि वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को जन अभियान के रूप में हर घर तक पहुंचाना पार्टी का मुख्य लक्ष्य रहेगा। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने के लिए बैजनाथ में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने लोगों से आह्वान किया है कि वे भी इस अभियान में शामिल होकर लोकतंत्र तथा संविधान को बचाने का प्रयास करें। वहीं, स्थानीय विधायक एवं जिला कांगड़ा बोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के प्रभारी किशोरी लाल ने कहा कि भाजपा विचारधारा के कर्मचारी कांग्रेस समर्पित परिवारों के नाम वोटर लिस्ट से काटने का भरपूर प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें इस मसले पर अधिक सतर्क रहकर इसका डटकर मुकाबला करना है। किशोरी लाल ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर हर विधानसभा क्षेत्र से 1500 लोगों के हस्ताक्षर लेने का लक्ष्य रखा गया है।

### राजनीतिक हताशा का परिणाम है कांग्रेस का अभियान : परमार



विधायक विपिन परमार ने प्रेसवार्ता में साधा कांग्रेस पर निशाना।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस का 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान राजनीतिक हताशा और बौखलाहट का नतीजा है। उन्होंने आरोप लगाया कि असली वोट चोरी के जिम्मेदार राहुल गांधी और कांग्रेस के नेता हैं, जो जनता को गुमराह कर रहे हैं। परमार ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को वोट चोरी का प्रतीक बताते हुए कहा कि सुक्खू नादौन विधानसभा चुनाव में वोट डालते हैं और फिर शिमला नगर निगम चुनाव में अपने पार्षद के लिए भी वोट डालते हैं। उन्होंने कांग्रेस के मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा के नाम पर दो एपिक आईडी पाए जाने का खुलासा करते हुए कहा कि कांग्रेस के अंदर वोटर फ्रॉड का संगठित रैकेट चल रहा है। परमार ने राहुल गांधी से मांग की कि वे देश से माफी मांगें और असली वोट चोरों को उजागर करें।

## राष्ट्रीय आपदा में उपयोग हो सरकार के पास पड़ा 2 लाख करोड़ लावारिस धन : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**पूर्व** मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि उन्हें खुशी है कि केंद्र सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उनके सुझाव को स्वीकार किया है कि सरकार के पास लगभग दो लाख करोड़ रुपए लावारिस धन के रूप में जमा है। उन्होंने बताया कि अहमदाबाद में एक बैठक के दौरान वित्त मंत्री ने स्वीकार किया कि सरकार के पास 1 लाख 84 हजार करोड़ रुपए ऐसे पड़े हैं, जिन पर किसी ने दावा नहीं किया।



उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ऐसे धन के वास्तविक वारिसों का पता लगाकर उन्हें राशि लौटाने का प्रयास किया जाए। शांता ने सोमवार को एक बयान में कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि वर्षों से यह धन बिना किसी दावे के पड़ा हुआ है और राष्ट्रीय आपदाओं में इसके उपयोग की अनुमति दी जानी चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री ने बताया कि यह विषय नया नहीं है, जब वह केंद्र सरकार में मंत्री थे, तब भी इस पर चर्चा हुई थी। उन्होंने कहा कि इन राशियों के असली वारिस अब इस दुनिया में नहीं हैं। मेरा सुझाव है कि सरकार 25 प्रतिशत धन सुरक्षित रखे, ताकि यदि कोई वारिस आए तो उसे राशि लौटाई जा सके, लेकिन शेष 75 प्रतिशत धन का उपयोग राष्ट्रीय आपदाओं में किया जाए। उन्होंने कहा कि आज छोटा सा हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय आपदा से जूझ रहा है और प्रभावित लोगों को पूर्ण सहायता नहीं मिल पा रही है। ऐसे में भारत सरकार के पास पड़े दो लाख करोड़ रुपए में से 75 प्रतिशत राशि का उपयोग हिमाचल जैसे आपदा-ग्रस्त राज्यों के पुनर्वास और राहत कार्यों में किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस धन का इससे बेहतर और कोई उपयोग नहीं हो सकता।

## न्यूज ब्रीफ

### घुमारवीं में 'मल्होत्रा मेडिकोज' का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से घुमारवीं में सोमवार को मल्होत्रा मेडिकोज नामक एक नए मेडिकल स्टोर का शुभारंभ हुआ। स्थानीय बाजार क्षेत्र में स्थित यह स्टोर आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है और सभी आवश्यक दवाइयों, हेल्थ प्रोडक्ट्स व मेडिकल उपकरणों की व्यापक रेंज उपलब्ध करवा रहा है। स्टोर का उद्घाटन घर के वरिष्ठ मुखिया लीला मल्होत्रा एवंसंजीव मल्होत्रा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। स्टोर के संचालक आर्यन मल्होत्रा ने बताया कि उनका उद्देश्य लोगों को उचित मूल्य पर प्रमाणिक दवाइयां और उत्कृष्ट सेवा प्रदान करना है। स्टोर पर अनुभवी फार्मासिस्ट भी तैनात रहेंगे, जो ग्राहकों को उचित परामर्श देने के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे।

### भाषण और पेंटिंग में दीपिका और स्वाति प्रथम

**अनंत ज्ञान, नम्होल।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बिलासपुर के निर्देश अनुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दयोथ में विश्व रैबीज दिवस का आयोजन प्रधानाचार्या अनिता कुमारी की अध्यक्षता में किया गया। गतिविधियां में भाषण प्रतियोगिता और चित्र लेखन का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता और चित्र लेखन में क्रमशः दीपिका और स्वाति प्रथम, प्रिया और दीया द्वितीय, यादवी-काजल तथा अंबिका तृतीय स्थान पर रहीं। स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कौशल ने नशे से दूर रहने के उपायों पर जानकारी दी, साथ ही किशोर समस्याओं व निदान तथा क्षय रोग निवारण पर भी चर्चा की गई।

### सीर खड्ड का कब होगा चैनेलाइजेशन : मनोहर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय समर्थक सदस्य मनोहर शर्मा ने घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक रह चुके और वर्तमान में मंत्री राजेश धर्माणी पर तीखा सवाल उठाया है। शर्मा ने कहा कि धर्माणी आजकल सीर उत्सव मनाने में व्यस्त हैं, लेकिन यह बताएं कि अब तक सीर खड्ड का चैनेलाइजेशन क्यों नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि सीर खड्ड की अनदेखी के कारण हर बरसात में स्थानीय लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। पिछले वर्ष आई आपदा में जिन परिवारों की संपत्ति और भूमि नष्ट हुई थी, उन्हें आज तक उचित मुआवजा नहीं मिला। शर्मा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार न तो नुकसान का सही आकलन कर सकी और न ही राहत राशि वितरित कर पाई, जबकि भाजपा सरकार के समय मुख्यमंत्री को आपदा प्रभावितों के लिए केंद्र से हजारों करोड़ रुपए की सहायता प्राप्त हुई थी, जिनका अब तक कोई ठोस उपयोग नजर नहीं आया। शर्मा ने कहा कि सीर उत्सव मनाने का हक उसी सरकार को है, जो सीर खड्ड का चैनेलाइजेशन कर उसके संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाए।

### दधोल स्कूल में एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, दधोल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ आज हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पवन बरूर सचिव नेहा मानव सेवा सोसाइटी एवं सामाजिक कार्यकर्ता ने कार्यक्रम मे शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश भारद्वाज नेद्ध की। मुख्यतिथि को पाठशाला प्राधानाचार्य एवम एन एस एस अधिकारी दीना नाथ शर्मा ने टोपी पहना कर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया इस अवसर एनएसएस महिला अधिकारी श्रीमती सुनीता देवी भी साथ रही। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों व स्वयंसेवकों को समाज सेवा के महत्त्व पर प्रकाश डाला और एनएसएस के माध्यम से जनहित में सक्रिय रहने की प्रेरणा दी।

### चंदन कौंडल को सीनियर अंडर ऑफिसर रैंक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में एनसीसी आर्मी के कैडेट्स के लिए फ्रेशर पार्टी तथा बी और सी सर्टिफिकेट एवं रैंक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉक्टर जयचंद ने बताया कि प्रथम वर्ष के कैडेट्स के लिए फ्रेशर पार्टी और जिन विद्यार्थियों ने सर्टिफिकेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है, उनके लिए प्रमाणपत्र का वितरण समारोह किया गया। इस वर्ष चंदन कौंडल को सीनियर अंडर ऑफिसर, सक्षम शर्मा को अंडर ऑफिसर के रैंक से नवाजा गया। साथ ही मनीषा देवी को कंपनी क्वार्टर मास्टर सार्जेंट के रैंक से नवाजा गया। वहीं, शुभम और दीपक को सार्जेंट का रैंक प्रदान किया गया। इस समारोह में महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर पी एस कटवाल ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी कैडेट्स देश की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है। इस मौके पर 15 सी सर्टिफिकेट और 38 बी सर्टिफिकेट सब कैडेट्स में वितरित किए।

### चांदपुर अकादमी की पहलवानों ने जीते 5 गोल्ड

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला स्तरीय अंडर-19 प्रतियोगिता में ठाकुर कुश्ती अकादमी चांदपुर की महिला पहलवानों ने अपनी स्टीक पेंतरेबाजी से बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में अकादमी की महिला पहलवानों ने 5 गोल्ड, 1 सिल्वर व 3 कांस्य पदकों को अपने नाम किया। जानकारी देते हुए कोच लक्की ठाकुर ने बताया कि 53 किलो भार वर्ग में उनकी अकादमी की रिशिका, 55 किलो भार वर्ग में आस्था, 57 किलो भार वर्ग में वैष्णवी, 68 किलो में कनिका, 72 किलो में कशिश ने गोल्ड मेडल को अपने नाम किया है, जबकि 62 किलो भार वर्ग में शिवानी ने सिल्वर, 50 किलो में कोमल, 55 किलो में वारूनी तथा 65 किलो में पायल ने कांस्य पदक को अपने नाम किया है।

### बिलासपुर कॉलेज ने कुश्ती में जीते तीन पदक

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की पुरुष वर्ग कुश्ती टीम ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर-महाविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण और तीन कांस्य पदक जीते। यह प्रतियोगिता राजकीय महाविद्यालय दौलतपुर, ऊना में आयोजित हुई, जिसमें 30 महाविद्यालयों के 137 प्रतिभागियों ने भाग लिया। महाविद्यालय के कार्तिके ने 57 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि अभय ठाकुर (61 किग्रा), भानु प्रताप सिंह (74 किग्रा) और हरप्रीत सिंह (79 किग्रा) ने कांस्य पदक हासिल किए।

### भाजपा नेताओं ने बृजलाल को दी बधाई

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** भाजपा नेताओं ने बंदला के परनाली निवासी बृजलाल ठाकुर को पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य नियुक्त करने का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी है। जिला भाजपा कार्यालय सचिव देवेश चंदेल, सदर मंडल महासचिव ज्योति धीमान व प्रीत ठाकुर, उपाध्यक्ष एवं नोग पंचायत उपप्रधान संजीव डोगरा, आईटी प्रभारी हेमराज ठाकुर और कार्यालय सचिव विशालदीप वर्मा आदि ने कहा कि बृजलाल ठाकुर पार्टी के वरिष्ठ, अनुभवी और समर्पित सिपाही हैं। पूर्व में वह सदर मंडल अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उनके पास संगठन का लंबा अनुभव है। उन्हें प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाने से भाजपा संगठन निश्चित तौर पर और अधिक मजबूत होगा।

### संघ के स्वयंसेवकों ने दिया राष्ट्रप्रेम का संदेश

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में खंड स्वारघाट का भव्य पथ संचलन कार्यक्रम बैहल मंडल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने अनुशासित पंक्तियों में कदमताल करते हुए समाज में एकता, संस्कार और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। संघ के शताब्दी वर्ष के तहत वर्षभर चलने वाली कार्यक्रम शृंखला में विजयदशमी उत्सव विशेष रूप से मनाया जा रहा है, जिसमें दुर्गा पूजन और शस्त्र पूजन जैसे पारंपरिक संस्कारों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में बैहल मंडल में भी श्रद्धा और उत्साह के साथ यह आयोजन संपन्न हुआ। संघ के कार्यकर्ताओं ने बताया कि आने वाले महीनों में हिन्दू सम्मेलन सहित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिससे समाज में संगठन और सांस्कृतिक जागरूकता को और बल मिले।

### तुषार ठाकुर ने किए श्री नयना देवी के दर्शन

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी।** विश्व विद्यालय दिल्ली में चुनाव मे जीत दर्ज करने वाले युवा तुषार ठाकुर परिवार सहित माता श्री नयना देवी जी के दरबार पहुंचे और माता का शुभ आशीर्वाद प्राप्त किया। तुषार ठाकुर श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के कोटला पंचायत के रहने वाले हैं। उन्होंने अपने पिता पूर्व जिला महामंत्री बृज लाल ठाकुर और पूरे परिवार सहित दर्शन किए। दर्शन करने के उपरांत तुषार ठाकुर ने बताया कि उसने दिल्ली विश्वविद्यालय में उन्होंने जनरल सेक्रेट्री का चुनाव जीता हैं और अपनी कुलदेवी के दर परिवार सहित आशीर्वाद लेने पहुंचे हैं।

### डीएवी स्कूल में बताए नशे के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** डीएवी स्कूल में नशे के दुष्प्रभाव पर एक ज्ञानवर्धक गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें अधिवक्ता तुषार डोगरा, प्रांत मंत्री विश्व हिंदू परिषद, मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का युवा विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी ताकत दिखा रहा है, लेकिन पश्चिमी देशों द्वारा युवाओं को नशे की ओर धकेलने का प्रयास किया जा रहा है। तुषार डोगरा ने नशे से होने वाले सामाजिक, मानसिक, शारीरिक और आर्थिक नुकसान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवाओं को सनातन धर्म, खेलकूद और सत्संग की ओर अग्रसर होना चाहिए।

### बिलासपुर में दिसंबर में होगा राष्ट्रीय नाट्य उत्सव

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** नगर के रौड़ा सेक्टर में रविवार शाम व्यास रंगमंच समिति बिलासपुर की बैठक समिति के संरक्षक अश्वनी शर्मा व सुशील पुंडीर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समिति के सभी सदस्यों द्वारा 12 दिसंबर से 14 दिसंबर तक राष्ट्रीय नाट्य उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में दिसंबर माह में राष्ट्रीय नाट्य उत्सव के आयोजन के लिए कमेटियां भी बनाई गईं।

# लावारिस पशुओं से उजड़ते खेत किसान बेबस, सरकारें खामोश

## सरकारें आती-जाती रहीं, नहीं हुआ समस्या का समाधान

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के अधिकांश ग्रामीण इलाकों में लावारिस छोड़े गए पशु अब किसानों के लिए सबसे बड़ी मुसीबत बन चुके हैं। जहां मौका मिलता है, ये खेतों में घुसकर पूरी फसल रौंद डालते हैं। नतीजा यह है कि हजारों बीघा उपजाऊ जमीनें धीरे-धीरे बंजर होती जा रही हैं और किसान बेबस होकर अपने खेतों और फसलों की बर्बादी देख रहा है।

वर्षों से इस समस्या को लेकर आवाज उठाई जा रही है, मगर सरकारें आती-जाती रहीं, समाधान आज तक नहीं मिला। गऊ माता की पूजा करने वाला समाज भी अब इस गंभीर मुद्दे पर चुप है। न तो घरों में पशुओं के लिए चारा बचा है, न ही खेतों में फसलें।


किसानों के खेतों में घुसकर फसल बर्बाद करते लावारिस पशु।

### गंभीर संकट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था

**लोगों** का मानना है कि यदि हालात ऐसे ही बने रहे, तो आने वाले समय में ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। खेती बंद होती गई तो न केवल किसानों की आजीविका पर असर पड़ेगा, बल्कि खाद्य सुरक्षा भी खतरे में पड़ जाएगी। अब जरूरत इस बात की है कि राज्य सरकारें मिलकर एक ठोस नीति तैयार करें। लावारिस पशुओं के पुनर्वास, गोशालाओं के प्रबंधन और किसानों को मुआवजा देने की दिशा में तत्काल कदम उठाए जाएं। तभी इस विकराल होती समस्या पर लगाम लगाई जा सकेगी और खेतों की हरियाली बची रह पाएगी।

### क्या कहते हैं किसान?

**नम्होल,** कुठेड़ा, गेहड़वीं और बरठीं जैसे क्षेत्रों के किसानों का कहना है कि इस बार तो नुकसान इतना भारी हुआ है कि वे कर्ज चुकाने की स्थिति में भी नहीं हैं। नम्होल के किसान रामलाल शर्मा बताते हैं कि उन्होंने करीब दो बीघा खेत में मक्का बोई थी, लेकिन रातों-रात लावारिस पशुओं ने पूरी फसल रौंद डाली। कुठेड़ा के मोहन लाल ठाकुर कहते हैं कि हर साल बाड़ लगाने में हजारों रुपए खर्च करते हैं, फिर भी फसलें नहीं बच पातीं। गेहड़वीं के सुरेश कुमार का कहना है कि वह रातभर खेत में पहरा देते हैं, लेकिन लावारिस पशु फिर भी उनके खेतों में घुसकर फसल चट कर जाते हैं। वहीं, बरठीं के किसान अशोक चौधरी बताते हैं कि अब तो कई किसानों ने खेती छोड़ने का मन बना लिया है। किसानों का कहना है कि वे बाड़ लगाने, पहरा देने और खेतों की निगरानी में हजारों रुपए खर्च कर चुके हैं, मगर ये लावारिस पशु इतनी चालाकी से रास्ता ढूंढ लेते हैं कि कोई भी सुरक्षा उपाय कारगर नहीं हो पा रहा।

# पुलिस ने 50 दिन में 7.392 किलो चरस, 646.64 ग्राम चिट्टा पकड़ा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला पुलिस को पिछले कुछ दिनों से किरतपुर-मनाली फोरलेन के जरिए नशा तस्करी की लगातार सूचनाएं मिल रही थीं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए, जिला पुलिस ने पुलिस थाना सदर, घुमारवीं और स्वारघाट की टीमों के साथ मिलकर लगातार नाकाबंदी और छापेमारी की कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, 15 अगस्त से अब तक कुल 50 दिन के अभियान में 22 मुकदमे एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किए गए। इस दौरान पुलिस ने 7 किलो 392 ग्राम चरस और 646.64 ग्राम हेरोइन बरामद की और 48 आरोपियों को हिरासत में लिया। इनमें हिमाचल के 24 और अन्य राज्यों के 24 लोग शामिल हैं। इसके अलावा 21 वाहनों को भी जब्त किया गया।

**48 आरोपी किए गिरफ्तार**

पुलिस थाना घुमारवीं ने इस वर्ष की सबसे बड़ी खेप 518.4 ग्राम हेरोइन बरामद की है। वास्तव में जब से संदीप धवल ने बिलासपुर में एसपी के रूप में कार्यभार संभाला है, पूरे जिले की पुलिस टीम का नेतृत्व बेहद प्रभावशाली तरीके से किया जा रहा है। उनके कुशल निर्देशन में न केवल सामान्य अपराधों पर अंकुश लगाया गया है, बल्कि नशा और अन्य तस्करी को रोकने के लिए भी कई सफल और महत्वपूर्ण प्रयास हुए हैं।



"पुलिस ने जिले में नशा तस्करी और नशे के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और हम सभी तस्करों पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। नागरिकों से भी अनुरोध है कि वे नशा तस्करी या नशे के मामलों की तुरंत सूचना पुलिस को दें, ताकि हम त्वरित कार्रवाई कर सकें। इस अभियान का उद्देश्य बिलासपुर जिले को नशा मुक्त बनाना है और युवा पीढ़ी को सुरक्षित रखना है।

**- संदीप धवल, एसपी जिला बिलासपुर**

# कांग्रेस का 'वोट चोर अभियान' खुद की करतूत छिपाने का प्रयास : जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर के विधायक एवं भाजपा के प्रदेश वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक जम्वाल ने कांग्रेस के 'वोट चोर अभियान' पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस की हालत 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' जैसी हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के भीतर वोट चोरी का एक बड़ा रैकेट सुनियोजित ढंग से चल रहा है और अब वही पार्टी दूसरों पर झूठे आरोप लगाकर अपनी करतूतों पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि राहुल गांधी हाइड्रोजन बम फूटने की बात करते हैं, जबकि हकीकत यह है कि उनकी पार्टी के भीतर वोट चोरी का एटम बम रैकेटचल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस खुद वोटर फ्रॉड में संलिप्त है और इस धांधली के लिए राहुल गांधी को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि झूठ बोलना कांग्रेस की पुरानी आदत है। जब देश की जनता ने हर स्तर पर उनकी दाल गलने नहीं दी, तो अब वह वोट चोर अभियान के नाम पर लोगों को गुमराह कर रही है। हिमाचल में खुद कांग्रेस की सरकार है, फिर भी अपने हाईकमान के इशारे पर उसके नेता झूठा राग अलाप रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वोट चोरी का सबसे बड़ा उदाहरण खुद मुख्यमंत्री हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने नादौन से वोट डाला और बाद में शिमला नगर निगम चुनाव में अपने प्रत्याशी को वोट दिया। उन्होंने राहुल गांधी और कांग्रेस पर संगठित वोटर धांधली का रैकेट चलाने का गंभीर आरोप लगाया। उनके अनुसार, इस रैकेट के तहत कांग्रेस नेताओं को एक से अधिक वोटर आईडी उपलब्ध करवाई जाती हैं, और राहुल गांधी स्वयं इस नेटवर्क को संरक्षण देते हैं।



# प्रदेश ओलंपिक संघ का अध्यक्ष बनने पर अनुराग को दी बधाई

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर को प्रदेश ओलंपिक संघ का अध्यक्ष बनने पर जिला भाजपा ने बधाई दी है। उनके अध्यक्ष बनने पर खेल जगत में हर्ष की लहर है। आज जारी प्रेस विज्ञप्ति में श्री नयना देवी जी के विधायक रणधीर शर्मा ,झंडूत्ता के विधायक जीत राम कटवाल, सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल,पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग, जिला भाजपा के जिला अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल, पूर्व जिला अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यायन,जिला परिषद के उपाध्यक्ष मानसिंह धीमान, महामंत्री नवीन शर्मा प्यारे लाल चौधरी, सचिव दिनेश चंदेल रजनीश ठाकुर, प्रवक्ता विकास भरद्वाज। कमल गौतम, प्रकाश ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी सोनल शर्मा, युवा मोर्चा के अध्यक्ष रामपाल चौधरी, शैलेंदर भड़ोल, बृजलाल ठाकुर आदि ने अनुराग सिंह ठाकुर को हार्दिक बधाई व शुभकानाएं दी हैं।

# प्राइमरी टीचर्स क्लस्टर प्रणाली के खिलाफ

## झंडूता में रोष रैली निकालकर मुख्यमंत्री को प्रेषित किया ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, स्वारघाट**

हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा 23 सितंबर को नई क्लस्टर प्रणाली पर जारी की गई अधिसूचना को लेकर प्रदेशभर के प्राथमिक शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है। शिक्षा खंड झंडूता के प्राथमिक शिक्षकों ने इस अधिसूचना के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। खंड अध्यक्ष जोगिंद्र लाल शर्मा की अगुवाई में झंडूता बस स्टैंड से लेकर उपमंडलीय अधिकारी कार्यालय (आनंदघाट) तक रोष रैली निकाली गई। इसके बाद शिक्षकों ने एसडीएम कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने शिक्षा विभाग से 23 सितंबर को जारी अधिसूचना को तुरंत वापस लेने की मांग की। शिक्षक संघ ने कहा कि पहले 29 नवंबर, 2023 को भी विभाग द्वारा क्लस्टर निर्माण संबंधी अधिसूचना जारी की गई थी, जिसका संघ ने विरोध किया था। वार्ता के बाद 13 फरवरी, 2024 को संशोधित अधिसूचना जारी हुई थी, जिसमें क्लस्टर प्रणाली को केवल रिसोर्स शेयरिंग तक सीमित रखा गया था। परंतु नई अधिसूचना में प्राथमिक शिक्षा का पूर्ण नियंत्रण प्रिंसिपल को सौंप दिया गया है, जो कि प्राथमिक शिक्षकों के हितों पर कुठाराघात है।


झंडूता में नई क्लस्टर प्रणाली के खिलाफ रोष रैली निकालते प्राइमरी टीचर्स।

**अधिसूचना को तुरंत वापस लेने की मांग**

शिक्षक नेताओं का कहना है कि वर्ष 1984 से प्राथमिक शिक्षा का अलग ढांचा सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है और इसी प्रणाली के चलते हिमाचल प्रदेश ने असर रिपोर्ट में देशभर में प्रथम स्थान और राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण में तीसरी कक्षा के स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। यदि विभाग ने इस अधिसूचना को शीघ्र वापस नहीं लिया, तो प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रदेशव्यापी उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस अवसर पर तेजपाल शर्मा, कृष्ण जसवाल, पवन गुलेरिया, बांकेलाल शर्मा, सुरजीत सिंह, पवन कुमार, सुरजीत कुमार, चंद्रशेखर, राजकुमार, राकेश कुमार, सतीश महाजन, रजनी वाला सहित लगभग 170 शिक्षक उपस्थित रहे।

# भगेड़ में खुला टाइल्स एंड हार्डवेयर शोरूम

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जिला बिलासपुर के अंतर्गत भगेड़ में डीआईवी बिल्डर और एमडी ट्रेडर्स के टाइल्स एंड हार्डवेयर शोरूम में लोगों को बेहतर सुविधा मिलेंगी। यहां पर उपभोक्ताओं को टाइल्स, पीओपी, जाली के अलावा अन्य उत्पाद मिलेंगे। यही नहीं यहां पर घर बनाने से संबंधित अन्य उत्पाद भी उपभोक्ता को मिलेंगे। रविवार को भगेड़ में डीआइवी बिल्डर्स व एमडी ट्रेडर्स शोरूम का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस दौरान श्री सुखमणि साहिब पाठ के साथ ही प्रसाद वितरण भी किया गया। बता दें कि यहां पर इलेक्ट्रिक आइटम्स, हार्डवेयर उत्पाद, सीमेंट, ग्रेनायट, एशियन पेंट के अलावा अन्य उत्पाद मिलेंगे। इस दौरान बलदेव सिंह, सुरेंद्र सिंह सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे। इस मौके पर डीआईवी बिल्डर और एमडी ट्रेडर्स के टाइल्स एंड हार्डवेयर शोरूम अमनप्रीत ने बताया कि उनके द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

# प्रतिभा शर्मा को मिला राष्ट्रीय बाल वाटिका सृजन सम्मान


राजस्थान के भूणास में 26वें राष्ट्रीय बाल साहित्य सम्मान समारोह में बाल वाटिका सृजन सम्मान प्राप्त करतीं बिलासपुर जिले की बहू प्रतिभा शर्मा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के भूणास में आयोजित 26वें राष्ट्रीय बाल साहित्य सम्मान समारोह में कांगड़ा जिले के नूरपुर उपमंडल के छत्रौली (जसूर) निवासी और बिलासपुर की बहू प्रतिभा शर्मा को भगवती देवी पाठक स्मृति राष्ट्रीय बाल वाटिका सृजन सम्मान-2025 से सम्मानित किया गया। प्रतिभा शर्मा वर्तमान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कंडवाल में हिंदी विषय की प्रवक्ता के रूप में कार्यरत हैं। प्रतिभा ने बताया कि उनके स्व. पिता से ही उन्हें साहित्यिक प्रेरणा मिली। बिलासपुर के आचार्य संजय मिश्र से विवाह के बाद उनका जुड़ाव बिलासपुरी संस्कृति से और गहरा हुआ है। प्रतिभा शर्मा को अब तक शिक्षा रत्न सम्मान, कोरोना वारियर्स सम्मान, आदित्य संस्कृति रचनाकार सम्मान, पहाड़ी कबीर श्री नवीन हलदूणवी सम्मान, काले बाबा समीक्षा सम्मान, महिला दिवस सम्मान और डॉ. यशवंत सिंह परमार बाल साहित्य पुरस्कार जैसे कई प्रतिष्ठित सम्मानों से अलंकृत किया जा चुका है।

# पेंशनर्स 14 को सभी जिला मुख्यालयों पर करेंगे धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट की बैठक चमाखड़ी पुल, सोलन में संपन्न हुई। बैठक में फ्रंट अध्यक्ष आत्माराम शर्मा, संयोजक हरीश शर्मा, सह संयोजक जगमोहन ठाकुर और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। ज्वाइंट फ्रंट ने कहा कि जनवरी 2016 से जनवरी 2022 तक सेवानिवृत्त पेंशनर्स के लाखों रुपए के एरियर्स, चिकित्सा बिल, 16 प्रतिशत डीए की पांच किस्तें और छठे वेतन आयोग के बकाया अभी तक भुगतान नहीं किए गए हैं। सरकार द्वारा जेसीसी गठन में भी देर होने के कारण पेंशनर्स की सहनशक्ति जवाब दे रही है। संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष आत्माराम शर्मा ने चेतावनी दी कि अब पेंशनर्स अन्याय सहन नहीं करेंगे। उन्होंने ऐलान किया कि 14 अक्तूबर को सभी जिला मुख्यालयों पर पेंशनर्स भारी संख्या में धरना देंगे और मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे।

# कल्लर तक जाने वाली एक किमी सड़क की हालत खराब

**अनंत ज्ञान, बरठीं**

विकास खंड झंडूता के अंतर्गत ग्राम पंचायत मलांगण के गांव और राजकीय प्राथमिक पाठशाला कल्लर तक जाने वाली एक किलोमीटर सड़क की हालत खराब है। वर्ष 2023 में बारिश से यह सड़क पूरी तरह से खराब हो गई थी। हालांकि विभाग ने इसे दुरुस्त कर दिया था, लेकिन हाल ही में हुई बारिश के कारण सड़क पूरी तरह से बंद हो चुकी है, जिस कारण बच्चों को भी कलर स्कूल के लिए पहाड़ी उतरकर जाना पड़ता है, जो जोखिम भरा है। वहीं, करीब 40 परिवारों के खेतों तक ट्रैक्टर भी नहीं जा पा रहा है। इस कारण लोगों ने खेतों में जुताई करने के लिए भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। सड़क न बनने के कारण लोगों को डर सताने लगा है कि विभाग और सरकार की अनदेखी के कारण उनके खेतों में गेहूं की बिजाई भी नहीं हो पाएगी। पंचायत सदस्य दामोदरी देवी सहित स्कूल प्रबंधन समिति की प्रधान शालू कुमारी, ग्रामीण रणजीत सिंह, रामपाल, सोनू कुमार, सुरेश, राजेश, मुकेश गुड्डू, सरवन सिंह, सुखदेव, सुरजीत कुमार, राकेश और मक्खन सिंह महेंद्र सिंह सहित अभिभावकों ने बताया कि स्कूल तक जाने वाली सड़क की हालत खराब है। उन्होंने बताया कि गांव के लिए भी यही एकमात्र मार्ग था। उन्होंने सरकार व विभाग को कई बार सूचना दी, लेकिन हालात जस के तस बनी हुई हैं। वहीं, लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता सचिन नड्डा ने बताया कि आपदा से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के लिए अभी तक बजट नहीं आया है। जैसे ही बजट का प्रावधान होगा सड़क को वाहन योग्य बना दिया जाएगा।

**ग्रामीणों ने विभाग से सड़क की जल्द मरम्मत करने की उठाई मांग**

# प्रत्येक महीने 10 तारीख से पहले दी जाए सहारा पेंशन

**अनंत ज्ञान घुमारवीं**

दिव्यांग कल्याण संघ जिला बिलासपुर की मासिक बैठक संघ के अध्यक्ष विनोद कुमार की अध्यक्षता में घुमारवीं में हुई। इसमें दिव्यांगजनों की विभिन्न मांगों पर चर्चा की गई। इनमें सहारा पेंशन को हर माह 10 तारीख से पहले देना, अगर किसी कारणवश बजट के कारण देरी हो जाती है, तो पिछला बकाया भी एकमुश्त देना। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 की धारा 41(2) के अनुसार, बस यात्रा के लिए हिम बस कार्ड की अनिवार्यता समाप्त करने और यूडीआईडी कार्ड को ही राज्य परिवहन बसों में मान्य किया जाए, ताकि दिव्यांगजनों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, दिव्यांग कल्याण बोर्ड का गठन कर शीघ्र अति शीघ्र बैठक बुलाई जाए जिसमें हर जिला के दिव्यांग संगठनों की पदाधिकारियों को बुलाया जाए, ताकि वे दिव्यांगों के मागों को सरकार के समक्ष रख सकें। मेडिकल बोर्ड के दिन समस्त औपचारिकताएं पूरी करने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की व्यवस्था की जाए। दिव्यांगता अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 37 में प्रावधान है कि केंद्र और राज्य सरकार की जितनी भी कल्याणकारी योजनाएं हैं उनकी कुल लागत का 5% दिव्यांगों के कल्याण के लिए खर्च किए जाने का प्रावधान है इसकी सूचना शीघ्र अति शीघ्र जारी की जाए। सभी दिव्यांगजनों को आयुष्मान कार्ड योजना में शामिल किया जाए ताकि उन्हें सरकारी अस्पतालों तक सीमित रहने की बजाय निजी संबद्ध अस्पतालों में भी उपचार मिल सके। दिव्यांगजनों को बिना किसी शर्त या आयु-सीमा के स्वत: बीपीएल सूची में सम्मिलित किया जाए, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। इसके अलावा पंचायत स्तर पर एक सीट दिव्यांगजनों हेतु आरक्षित की जाए।

**उपलब्धि** मिनर्वा स्टडी सर्किल घुमारवीं और धर्मशाला ने फिर किया शानदार प्रदर्शन

# 6 स्टूडेंटस ने उत्तीर्ण की एनडीए-2 परीक्षा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

मिनर्वा स्टडी सर्किल घुमारवीं व धर्मशाला ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक मार्गदर्शन की मिसाल पेश की है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की एनडीए-2 की लिखित परीक्षा के परिणाम में संस्थान के छह विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। इन इनमें आदित्य, वरिण शर्मा, पावन भारद्वाज, मेधान्स शर्मा, अभिनव भिक्टा और मितुल चौहान शामिल हैं। सभी छात्रों ने मिनर्वा स्टडी सर्कल से एनडीए की कोचिंग प्राप्त की थी। अब ये विद्यार्थी सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी) का साक्षात्कार पास कर भारतीय सेना, नौसेना व वायुसेना में अधिकारियों के पदों पर चयनित होंगे।

संस्थान के संस्थापक व संयोजक परवेश चंदेल एवं राकेश चंदेल ने सफल छात्रों और उनके परिवारजनों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है और मिनर्वा स्टडी सर्कल भविष्य में भी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा।

गौर रहे कि मिनर्वा स्टडी सर्कल ने जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है, और अब एनडीए जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में छात्रों की सफलता ने संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता को एक बार फिर सिद्ध किया है। प्रवेश चंदेल ने कहा कि यह छात्रों की कठिन मेहनत और लगन का नतीजा है। हम उन्हें देश की सेवा के लिए आगे बढ़ते देख बहुत गर्व महसूस करते हैं। मिनर्वा संस्थान हर संभव संसाधन और मार्गदर्शन उपलब्ध कराता रहेगा ताकि हमारे छात्र राष्ट्रीय सेवा के लिए पूरी तरह तैयार हो सकें। यह शिक्षकों के समर्पण और संस्थान के सतत प्रयासों का भी परिणाम है। मिनर्वा स्टडी सर्किल ने छात्रों को एनडीए परीक्षा की तैयारियों में नवीनतम अध्ययन सामग्री, नियमित टेस्ट सीरीज और विशेष कोचिंग प्रदान की, जिससे छात्रों का आत्मविश्वास और ज्ञान दोनों में वृद्धि हुई।



एनडीए-2 की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले मिनर्वा सर्किल के होनहार विद्यार्थी।

"मिनर्वा स्टडी सर्किल के छात्रों ने इस बार आयोजित एनडीए परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर स्कूल व स्टडी सर्किल का नाम गौरवान्वित किया है। यह उपलब्धि न केवल छात्रों के लिए, बल्कि पूरे संस्थान, उनके परिवारों और समाज के लिए गर्व का विषय है।

**-राकेश चंदेल प्रबंधक मिनर्वा स्टडी सर्किल**

## न्यूज ब्रीफ

### स्वयंसेवी टीम प्रशिक्षण शिविर के लिए रवाना

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने युवा आपदा मित्र स्कीम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ऊना की 50 सदस्यीय स्वयंसेवी टीम को पौंग बांध, कांगड़ा स्थित क्षेत्रीय जल क्रीड़ा केंद्र में आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के लिए रवाना किया। यह शिविर 7 से 13 अक्तूबर तक चलेगा, जिसमें आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि आपदा के समय प्रशिक्षित युवाओं की भूमिका अहम होती है। यह स्कीम युवाओं को समाजसेवा के साथ-साथ राहत व बचाव कार्यों में सशक्त बनाएगी। जिले में मार्च 2026 तक 475 स्वयंसेवियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें एनएसएस, एनसीसी, भारत स्काउट एंड गाइड तथा नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवी शामिल होंगे। प्रशिक्षण के बाद प्रतिभागियों को पहचान पत्र, आपदा किट, प्रमाण पत्र व पाठ्य सामग्री दी जाएगी। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) लिली, प्रो. मनजीत सिंह, राजन और धीरज उपस्थित रहे।

### भुट्टो बने भाजपा के स्थायी आमंत्रित सदस्य

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो को पार्टी का स्थायी आमंत्रित सदस्य नियुक्त किए जाने पर कुटलैहड़ क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई है। इस निर्णय से उनके समर्थकों में उत्साह और गर्व का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने इसे भुट्टो के समर्पण, निष्ठा, कर्मठता और ईमानदारी का सम्मान बताया। स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि दविंदर भुट्टो हमेशा संगठन के प्रति सक्रिय और प्रतिबद्ध रहे हैं तथा जनता के हितों को प्राथमिकता देते आए हैं। पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपना संगठन के प्रति उनकी वर्षों की निष्ठा का प्रतिफल है। इस अवसर पर दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि वे भाजपा के एक साधारण कार्यकर्ता हैं और संगठन की सेवा करते रहेंगे।

### बच्चों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया

**अनंत ज्ञान, ऊना।** स्थानीय नगर के जय दुर्गा बाबा नांगा ड्रामाटिक क्लब संतोषगढ़ के तत्वाधान में चल रही रामलीला का समापन रविवार देर शाम को हुआ। इस समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में अक्षय कौशल उर्फ परेटी, संजू पूरी ने शिरकत की। समापन समारोह बच्चों को दिए जाने वाले स्मृति चिन्ह अतुल कौशल ऑस्ट्रेलिया अक्षय कौशल ने अपने भाई स्वर्गीय अमय कौशल की याद में दिए। नरेश चौधरी ने बताया कि इस साल के अंतिम नाटक मंच में मेघनाद, कुंभकर्ण व रावण का बध किया गया। चौदह वर्ष का बनवास काट कर अयोध्या पहुंचने पर श्री रामचंद्र जी को राजतिलक किया गया। उसके उपरांत रामलीला के मंच पर रोल व परदे के पीछे खेलने वाले अलग-अलग किरदार निभाने वाले युवाओं को मुख्यातिथि द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और उन्होंने कहा कि कुछ नीच सोच के लोग हमारे क्लब के बारे में गलत भ्रांतियां फैला रहे हैं।

### आरएसएस-भाजपा पूंजीपतियों की एजेंट: जगत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राष्ट्रीय इंटक के सचिव व हिमाचल इंटक के महासचिव कामरेड जगत राम शर्मा ने प्रेस नोट में कहा कि आरएसएस की स्थापना 27 सितंबर, 1925 को डॉक्टर हेडगेवार के नेतृत्व में हुई थी, जिसे देश के कुछ अमीर ब्राह्मणों ने मिलकर बनाया था। उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसएस, जनसंघ और भाजपा का आज़ादी की लड़ाई में कोई योगदान नहीं रहा। कामरेड जगत राम ने कहा कि महात्मा गांधी, नेहरू, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, पटेल जैसे महान नेताओं की कुर्बानियों से भारत आजाद हुआ, जबकि आरएसएस सिर्फ सामाजिक संगठन के रूप में बना और बाद में भाजपा में बदल गया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस के नेतृत्व में देश ने उल्लेखनीय विकास किया–273 से अधिक सरकारी उद्योग स्थापित हुए, लाखों को रोजगार मिला, और संविधान के माध्यम से लोगों को मौलिक अधिकार प्राप्त हुए। शर्मा ने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह झूठ और काले कानूनों के सहारे देश को पूंजीपतियों के हाथों लूटवा रही है। उन्होंने राहुल गांधी को 'दूसरे गांधी' बताते हुए कहा कि वे देश को आर्थिक आज़ादी दिलाने में जुटे हैं और सभी कार्यकर्ताओं से 'वोट चोर, कुर्सी चोर' अभियान में भाग लेकर संविधान बचाने का आह्वान किया।

### उन्नत तकनीक और मशीनरी की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश सरकार के औद्योगिक विभाग द्वारा जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, ऊना में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए एकदिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य राज्य में एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ बनाना, तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देना, प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में वृद्धि करना तथा सतत औद्योगिक प्रथाओं को अपनाना था। कार्यशाला में ऊना जिले के 65 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि, स्थानीय कारीगर और किसान उत्पादक संगठनों के सदस्य शामिल थे। गगरेट औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष प्रमोद और महासचिव सुरेश भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। औद्योगिक विभाग, ऊना के महाप्रबंधक रचित शर्मा ने क्लस्टर प्रणाली के तहत उपलब्ध कराई जा रही उन्नत तकनीक और मशीनरी की जानकारी दी।

### दलित अत्याचारों के विरोध में माकपा का प्रदर्शन

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान, चंबा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की जिला चंबा कमेटी ने सोमवार को चंबा में दलितों पर बढ़ते अत्याचारों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी अध्यक्ष कॉमरेड सुदेश ठाकुर के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने एडीएम चंबा अमित मेहरा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। पार्टी ने ज्ञापन में प्रदेश में



दलित समुदाय पर हो रहे उत्पीड़न की कड़ी निंदा करते हुए तीन हालिया घटनाओं को उजागर किया कुल्लू की सैंज घाटी में दलित महिला के साथ दुष्कर्म और हत्या, शिमला के जांगला गांव में दलित बालक सिकंदर की आत्महत्या, और कुल्लू दशहरे में अधिकारी के साथ सार्वजनिक मारपीट। पार्टी ने आरोप लगाया कि कुछ वर्ग इन अमानवीय कृत्यों को परंपरा की आड़ में सही ठहराने की कोशिश कर रहे हैं। माकपा ने इन मामलों की स्वतंत्र व निष्पक्ष जांच, दोषियों को सख्त सजा, पीड़ित परिवारों को मुआवजा और सुरक्षा देने की मांग की। पार्टी ने कहा कि जातिगत उत्पीड़न पर रोक लगाना सरकार का संवैधानिक कर्तव्य है। प्रदर्शन में कई कार्यकर्ता, जिनमें विपिन शर्मा, केवल कृष्ण, रिजु राम, रवि कुमार व पंकज कुमार शामिल थे, ने भाग लिया।

### पोषण माह के तहत चलाया जागरूकता अभियान

**अनंत ज्ञान, चुराह।** हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा के चुराह विधानसभा क्षेत्र में आयुष विभाग ने पोषण माह के तहत विशेष जागरूकता अभियान चलाया। पीएचसी बैरागढ़ में कार्यरत राकेश राणा ने बताया कि आयुष विभाग की टीमों को अलग-अलग स्कूलों और सेंटरों में भेजकर विद्यार्थियों एवं आम जनता को आयुर्वेद के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है। राकेश राणा ने बताया कि हमारे पूर्वज लस्सी, दूध, घी, शहद जैसे प्राकृतिक और बिना मिलावट वाले घरेलू उत्पादों का सेवन करते थे, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी थे। इसके अलावा कसरोड़, ऐंड, गुच्छी जैसी प्राकृतिक औषधीय सब्जियां विटामिन और ताकत से भरपूर हैं, जिससे बीमारियां कम होती थीं। उन्होंने यह भी बताया कि आज के समय में अधिकांश चीजों में मिलावट होने के कारण सेहत पर बुरा असर पड़ता है। राकेश राणा ने इस संबंध में और भी महत्वपूर्ण जानकारी अनंत ज्ञान के साथ साझा की।

### चंबा कॉलेज में मनाया विश्व वन्य प्राणी सप्ताह

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय चम्बा के प्राणी विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान विभाग की सोसाइटी फॉर वाइल्ड लाइफ एंड नेचर तथा नेओ बॉटनी के संयुक्त तत्वाधान में 'विश्व वन्य प्राणी सप्ताह 2025' मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की प्रतिस्पर्धाएं और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. मनेश वर्मा ने बताया कि वन्य प्राणियों, पर्यावरण और प्रकृति के संरक्षण की महत्वपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। भाषण, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर बनाओ, नारा लेखन और निबंध लेखन जैसी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने भाग लिया। सेवानिवृत्त प्राचार्य व वन्य जीव विशेषज्ञ डॉ. बिपन राठौर मुख्यातिथि थे, जिन्होंने वन्य जीवन और मानव अस्तित्व के बीच गहरे संबंध पर प्रकाश डाला और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के सांस्कृतिक प्रस्तुतियों जैसे बॉलीवुड नृत्य, शास्त्रीय नृत्य एवं गीतों ने माहौल को उल्लासित कर दिया। इस आयोजन में कॉलेज के अनेक विभागीय शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे।

### विधायक ने किया वीडियोवॉल का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने सोमवार को हमीरपुर बस स्टैंड के सामने रानी झांसी पार्क में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा स्थापित बड़ी वीडियोवॉल का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाने में ऐसे माध्यम बेहद कारगर सिद्ध होंगे। यह वीडियोवॉल मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की पहल पर लगाई गई है। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री ने हमीरपुर को नगर निगम, बस स्टैंड, मेडिकल कॉलेज, हैलीपोर्ट जैसे कई बड़े प्रोजेक्ट दिए हैं। इसके अतिरिक्त शहर के सौंदर्यीकरण के लिए 26 करोड़ रुपये भी स्वीकृत किए गए हैं। सुरेश कुमार ने मुख्यमंत्री को एक आम परिवार से उठकर प्रदेश का नेतृत्व करने वाला जननेता बताया। उद्घाटन समारोह में कई उपस्थित रहे।

# हिमाचल की संस्कृति व खेलों का आपस में गहरा नाता : अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान, ऊना**



उपमुख्यमंत्री दुलैहड़ में दूसरे विशाल दंगल में विजेता पहलवान को सम्मानित करते हुए।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली के दुलैहड़ स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में आयोजित दूसरे विशाल दंगल के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

दो दिवसीय इस पारंपरिक दंगल का आयोजन दंगल कमेटी दुलैहड़ द्वारा किया गया, जिसमें देश और प्रदेश के नामी पहलवानों ने भाग लिया। स्मारोह के दौरान दंगल कमेटी दुलैहड़ के प्रधान करण सिंह ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का स्वागत किया और उन्हें सम्मानित किया। हजारों की संख्या में उपस्थित दर्शकों के साथ उपमुख्यमंत्री ने दंगल मुकाबलों का आनंद लिया और पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की संस्कृति और खेलों का आपस में गहरा नाता है, ऐसे आयोजनों से युवाओं में अनुशासन, साहस और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है। अग्निहोत्री ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और खेल अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। पारंपरिक खेलों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़कर युवाओं को नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। अग्निहोत्री ने इस अवसर पर दंगल कमेटी दुलैहड़ को एक लाख रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की और सफल आयोजन के लिए समिति को बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दुलैहड़ की अंडर-19 ब्वॉयज हैंडबॉल टीम को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने पर सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने दंगल के विजेता हुसैन ईरानी और उपविजेता भूपेंद्र अजनाला को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य नरेश कुमारी, एससी सेल हरोली की प्रधान सुनीता, दुलैहड़ पंचायत के उपप्रधान पवन ठाकुर, आयोजन समिति के सदस्य नीतिश शर्मा, ऐडवोकेट रणदीप ठाकुर, मनजीत सिंह, कमल, नंद किशोर, लवली, दर्शन, चमन लाल, सुच्चा सिंह, विजय, डीएसपी मोहन रावत सहित स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, खेल प्रेमी और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## महिला सचिव तीन दिन के पुलिस रिमांड पर

**अनंत ज्ञान, अंब।** दिलवां सहकारी सभा सीमित में हुए करोड़ों रुपए के गबन मामले में पुलिस ने महिला सचिव रिंपी को गिरफ्तार कर सोमवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। आरोपी को अंब पुलिस ने रविवार को उसके घर से हिरासत में लिया था। पुलिस रिमांड के दौरान कई बड़े खुलासे होने की संभावना है। मामले में दूसरा मुख्य आरोपी, तत्कालीन उपप्रधान, अब भी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार उसके घर और अन्य निजी ठिकानों पर दबिश दे रही है। थाना प्रभारी अंब अनिल उपाध्याय ने बताया कि जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस वित्तीय अनियमितता में 2,91,00,371.65 का गबन सामने आया है। जांच में पाया गया कि तत्कालीन सचिव व उपप्रधान की भूमिका इस गबन में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। प्रबंधक समिति ने कार्रवाई पुस्तिका संख्या 186/25-26 के तहत प्रस्ताव पारित कर कड़ी कार्रवाई की सिफारिश की थी, जिसके आधार पर थाना अंब में मामला दर्ज किया गया। सभा प्रधान ने भी पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## पैरा वर्ल्ड चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल घर पहुंचने पर निषाद का हुआ भव्य स्वागत

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**



**अंब।** भारत के पैरा एथलीट व हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के बेटे निषाद कुमार ने एक बार फिर देश का नाम रोशन किया है। नई दिल्ली में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में निषाद ने पुरुषों की ऊंची कूद टी-47 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। उनके इस प्रदर्शन ने न केवल देश का मान बढ़ाया, बल्कि ऊना जिले को भी गर्व से भर दिया। 2.14 मीटर की ऊंचाई पार करते हुए उन्होंने एशियाई रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।

सोमवार को जब निषाद अपने गांव बदाऊं लौटे तो पूरे इलाके में जश्न का माहौल था। रेलवे स्टेशन से लेकर गांव तक लोगों ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी उन्हें देखने और सम्मानित करने उमड़ पड़े। निषाद ने इस जीत को देश के नाम समर्पित करते हुए कहा कि वह आने वाले वर्षों में भी इसी जोश के साथ देश के लिए गोल्ड जीतने की कोशिश जारी रखेंगे। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली में चल रही विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के स्टार पैरा एथलीट निषाद कुमार ने एक बार फिर अपने प्रदर्शन से सबका दिल जीत लिया। ऊना जिला के अंब उपमंडल की बदाऊं पंचायत के रहने वाले निषाद ने पुरुषों की ऊंची कूद टी-47 स्पर्धा में 2.14 मीटर का मार्क पार करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने नया एशियन रिकॉर्ड भी बनाया। यह निषाद के करियर का पहला वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल है। ढोल-नगाड़ों की थाप पर सैकड़ों लोग भारत माता की जय के नारों के साथ निषाद का स्वागत कर रहे थे। गांव में पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया।

## मतदाता सूचियों का प्रारंभिक प्रारूप प्रकाशित 17 अक्तूबर तक कर सकते हैं दावे और आक्षेप

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) व डीसी ऊना जतिन लाल ने जानकारी दी कि हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज (निर्वाचन) नियम, 1994 के प्रावधानों के अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार कर ली है।

यह नामावली 6 अक्तूबर से संबंधित ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों तथा जिला परिषद कार्यालयों में निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी। डीसी ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को निर्वाचक नामावली में नाम जोड़े जाने के लिए दावा, किसी नाम के सम्मिलित होने पर आपत्ति, अथवा प्रविष्टियों में त्रुटि के सुधार संबंधी आवेदन प्रस्तुत करना हो, तो वह निर्धारित प्रपत्र संख्या 2, 3 या 4 में 8 अक्तूबर से 17 अक्तूबर तक पुनरीक्षण प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्राप्त दावों व आपत्तियों पर पुनरीक्षण प्राधिकारी द्वारा 27 अक्तूबर तक निर्णय लिया जाएगा। इन निर्णयों के संबंध में अपील सात दिनों के भीतर, अर्थात 3 नवंबर तक अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष दायर की जा सकती है। अपीलीय प्राधिकारी द्वारा प्राप्त अपीलों का निपटारा 10 नवंबर तक कर दिया जाएगा। इसके उपरांत 13 नवंबर को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक दावा या आपत्ति संबंधित पुनरीक्षण प्राधिकारी (खंड विकास अधिकारी) को संबोधित होनी चाहिए। इसे व्यक्तिगत रूप से, अभिकर्ता के माध्यम से या पंजीकृत डाक द्वारा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत किया जा सकता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आम जनता से अपील की है कि वे निर्वाचक नामावली का सावधानीपूर्वक अवलोकन करें और यदि किसी प्रकार की त्रुटि या सुधार की आवश्यकता हो, तो निर्धारित अवधि में दावा या आपत्ति अवश्य प्रस्तुत करें, ताकि मतदाता सूची को पूर्णतः सटीक, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाया जा सके।

## कविता संग्रह 'मां तो मां होती है' का किया विमोचन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** डीसी जतिन लाल ने सोमवार को जवाहर नवोदय विद्यालय पेखूबेला, ऊना के हिंदी शिक्षक एवं कवि श्याम सुंदर दास के कविता-संग्रह 'मां तो मां होती है' का विमोचन किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि यह पुस्तक समाज में लुप्त हो रहे संस्कारों एवं मातृत्व के प्रति सम्मान की भावना को पुनः जाग्रत करने का सार्थक प्रयास है। उन्होंने लेखक के साहित्यिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे रचनाकार समाज में सकारात्मक सोच और संवेदनशीलता का संचार करते हैं। लेखक श्याम सुंदर दास ने बताया कि पुस्तक में कुल 27 कविताओं का संकलन है, जो मातृत्व, संस्कार, गुरु-शिष्य संबंधों और जीवन मूल्यों पर केंद्रित हैं। उन्होंने कहा कि संग्रह का उद्देश्य पाठकों को मूल्याधारित जीवन की ओर प्रेरित करना है। श्याम सुंदर दास पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, पेखूबेला में हिंदी शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं।

## विधायक विवेक ने बांटे 99 लाख के कृषि उपकरण

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**



विधायक 99 लाख रुपए की राशि से तैयार कृषि सिंचाई संयंत्रों का वितरण करते हुए।

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की डीहर पंचायत में किसानों के चेहरों पर आज खुशी की लहर दौड़ गई, जब विधायक विवेक शर्मा ने लगभग 99 लाख रुपए की राशि से तैयार कृषि सिंचाई संयंत्रों का वितरण किया।

इस अवसर पर कुल 240 परिवारों को सिंचाई के लिए पाइप, पंप सेट तथा पशुओं के लिए चारा काटने की मशीनें प्रदान की गईं। इस कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में ग्रामीणों व किसानों ने भाग लिया और विधायक का आभार व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार किसानों की आर्थिकी को सशक्त बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसान आत्मनिर्भर बनें, खेती और पशुपालन को एक साथ जोड़कर ग्राम अर्थव्यवस्था को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि सिंचाई के साधन मिलने से किसानों को अपनी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। वहीं, चारा काटने वाली मशीनें पशुपालन कार्य को आसान बनाएंगी। विवेक शर्मा ने कहा कि आज का किसान मेहनती है, उसे केवल सही संसाधन व तकनीक की जरूरत है। सरकार यही सुनिश्चित कर रही है कि हर खेत तक पानी पहुंचे और हर किसान को खेती में आधुनिक उपकरणों की सुविधा मिले। उन्होंने बताया कि कुटलैहड़ क्षेत्र के किसानों के लिए आने वाले समय में भी कई योजनाएं तैयार की जा रही हैं, ताकि कृषि व पशुपालन को एक स्थायी आजीविका का माध्यम बनाया जा सके। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने विधायक विवेक शर्मा के प्रयासों की सराहना की। ग्रामीणों ने कहा कि इतने बड़े स्तर पर कृषि उपकरणों का वितरण पहली बार हुआ है, जिससे किसानों का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार की यह पहल आने वाले समय में ग्रामीण विकास और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को और सशक्त करेगी। विधायक ने सभी किसानों से अपील की कि वे इन उपकरणों का सही उपयोग करें, और खेती-बाड़ी को आधुनिक तकनीक से जोड़ें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों के लिए समर्पित है और इसी भावना से हर योजना को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

## चंबा में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान की शुरुआत, विधायक नैय्यर ने भरी हुंकार



**अनंत ज्ञान, चंबा**

सदर चंबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज नैय्यर ने सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर चलाए जा रहे वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित बैठक में चंबा विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों और शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

बैठक के दौरान विधायक नीरज नैय्यर ने कहा कि यह अभियान लोकतंत्र की रक्षा और मतदाताओं के अधिकारों की सुरक्षा के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि हर मतदाता को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक होना चाहिए, ताकि कोई भी शक्ति लोकतंत्र की नींव को कमजोर न कर सके। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करें। विधायक ने कहा कि जनता की ताकत ही लोकतंत्र की असली पहचान है, और कांग्रेस पार्टी जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्षरत रहेगी। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि वे इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाएंगे और लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

## भरमौर की ऊंची चोटियों सहित मणिमहेश कुगति व गौरीकुंड में 6 इंच तक हिमपात

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**



भरमौर। जनजातीय क्षेत्र भरमौर की ऊंची पहाड़ियों पर सोमवार को सीजन की पहली बर्फबारी हुई। मणिमहेश डल झील, गौरीकुंड, कुगति और कंवारसी में करीब 6 इंच तक ताज़ा हिमपात रिकॉर्ड किया गया। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और क्षेत्र में ठंड बढ़ गई है। लोग गर्म कपड़ों में लिपट गए हैं और घरों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने राज्य के विभिन्न जिलों में तीन दिनों तक भारी बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है। निचले क्षेत्रों में बारिश और ऊपरी इलाकों में बर्फबारी ने मिलकर सर्दी का अहसास बढ़ा दिया है। लगातार बारिश से किसानों की फसलें भी प्रभावित हुई हैं। बर्फ की सफेद चादर से ढकी पहाड़ियों ने भरमौर की सुंदरता में चार चांद लगा दिए हैं।

### बर्फ की सफेद चादर में लिपटीं पांगी घाटी की चोटियां

**अनंत ज्ञान, पांगी।** लंबे समय से शुष्क मौसम के बाद पांगी घाटी में इस सीजन का पहला ताज़ा हिमपात दर्ज किया गया है। रविवार देर रात से शुरू हुई बारिश के साथ ही घाटी की ऊंची चोटियां और पास बर्फ की सफ़ेद चादर से ढक गए हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी का यह खूबसूरत दृश्य लोगों को सर्दियों के आगमन का एहसास करा रहा है। जानकारी के अनुसार, रविवार देर रात से पांगी घाटी के उच्च पर्वतीय इलाकों – साच पास, हुडान, धरवास, किल्लर, और हुडनार क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बर्फबारी हुई है। वहीं निचले इलाकों में रुक-रुक कर बारिश का क्रम जारी है, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह हिमपात न केवल प्राकृतिक सौंदर्य में इजाफा कर रहा है बल्कि किसानों और बागवानों के लिए भी राहत लेकर आया है। लंबे समय से सूखे मौसम के कारण खेतों में नमी की कमी थी, जो अब बारिश और बर्फबारी से पूरी हो जाएगी। बर्फ से लिपटी ऊंचाइयां और घाटी का मनमोहक दृश्य सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हो रहा है। हालांकि, प्रशासन ने साच पास और अन्य ऊँचे दर्रों से होकर यात्रा करने वालों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

## भरमौर में 431 ग्राम चरस के साथ दो युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** चंबा जिला में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) कांगड़ा की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। रविवार देर रात भरमौर से चंबा की ओर गश्त के दौरान टीम ने एनएच-154ए पर रुंगड़ी नाला बग्गा के पास दो व्यक्तियों से 431 ग्राम चरस बरामद की। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान संदीप कुमार (27) और काकू राम (35) के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों आरोपी चरस की तस्करी में संलिप्त पाए गए हैं। इनके खिलाफ भरमौर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। एएनटीएफ अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई नशे के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान का हिस्सा है। पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे नशा तस्करी से जुड़ी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें और इस मुहिम में अपना सहयोग सुनिश्चित करें।

## गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक से किया सरकारी योजनाओं का प्रचार

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सरस्वती म्यूजिकल ग्रुप लेच के कलाकारों ने भरमौर विधानसभा क्षेत्र के ब्रेही और मैहला में नुक्कड़ नाटक और गीत-संगीत के माध्यम से प्रदेश सरकार की अनुसूचित जाति वर्ग के उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया। कलाकारों ने महर्षि वाल्मीकि छात्रवृत्ति योजना, स्वरोजगार योजना, स्वर्ण जयंती आश्रय योजना, महिला समृद्धि योजना, सफाई कर्मचारी ऋण सुविधा और शिक्षा ऋण योजना जैसे कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर कलाकारों ने हिम स्वावलंबन योजना के तहत मिलने वाली रियायती ऋण सुविधाएं, माइक्रो क्रेडिट फाइनेंस योजना और शिक्षा ऋण योजना के ब्याज दरों व पात्रता की भी जानकारी साझा की। कार्यक्रम के दौरान नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित सशक्त संदेश भी प्रस्तुत किए गए, जिससे समाज में जागरूकता फैल सके। यह प्रचार अभियान चुराह विधानसभा क्षेत्र में भी जारी रहेगा।

## बनीखेत में भाजपा की संगठनात्मक बैठक में शामिल हुए विधायक डॉ. जनक राज



**अनंत ज्ञान, बनीखेत**

पांगी-भरमौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. जनक राज ने सोमवार को चंबा ज़िला भाजपा की संगठनात्मक बैठक में भाग लिया। यह बैठक बनीखेत में आयोजित की गई, जिसमें चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान पार्टी संगठन को और अधिक मज़बूत बनाने, भाजपा के विभिन्न मोर्चों के गठन तथा स्वदेशी जागरण अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई।

### विधायक का कार्यकर्ताओं को संदेश, बोले- संगठन ही भाजपा की आत्मा

इस अवसर पर विधायक डॉ. जनक राज ने कहा कि संगठन ही भाजपा की आत्मा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाएं और संगठन को मज़बूत बनाएं।

## जडेरा पंचायत में 11 को होगा छिंज मेला

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विकास खंड चंबा की ग्राम पंचायत जडेरा में 11 अक्टूबर शनिवार को छिंज मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले के आयोजन को लेकर जडेरा पंचायत भवन में एक बैठक हुई। बैठक में जडेरा पंचायत की प्रधान लेख राज, उप प्रधान बलदेव ठाकुर, वार्ड मेंबर चुनी लाल, लाल हुसैन लालू, अमक राज, कमेटी के पदाधिकारी नरेंद्र सिंह नरयाल, टेक सिंह, नरेश ठाकुर, यासीन मोहम्मद, सुरेश ठाकुर, दलीप कुमार, काकू राम, रफी, चैन सिंह राणा, भूजल सिंह राणा, नरेश शर्मा, अशोक टंडन, देवेंद्र, सुमन कुमार, मनोज टंडन, अक्षय, रमेश कुमार आदि मौजूद रहे। जडेरा पंचायत के उप प्रधान बलदेव ठाकुर ने बताया कि मेले में हर वर्ष की तरह इस मर्तबा भी नामी गिरामी पहलवान दंगल में कुश्ती के करतब दिखाएंगे। मेला कमेटी और पंचायत प्रतिनिधियों ने समस्त जनता से छिंज मेले मे भाग लेने का आग्रह किया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत आनी**
**विकास खंड आनी, जिला कुल्लू (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

सर्व सम्मति से बैठक में प्रस्ताव पास हुआ कि ग्राम पंचायत आनी विकास खण्ड आनी जिला कुल्लू के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए ग्राम पंचायत आनी के पंचायत क्षेत्र में निर्मित पार्किंग की नीलामी की जानी है जो कि हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 100 की उपधारा (3) के अंतर्गत ग्राम सभा क्षेत्र के लिए सक्षम है। ग्राम पंचातय वाहनों की पार्किंग की नीलामी पंचायत स्तर पर कमेटी के द्वारा करवाई जाएगी जो की ग्राम पंचायत कार्यालय आनी में होगी। नीलामी हेतु इच्छुक व्यक्ति दिनाकं 14/10/2025 को 12 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय आनी में आना सुनिश्चित करें। ताकि समय पर नीलामी की बोली शुरू की जा सके। जो भी व्यक्ति नीलामी हेतु बोलीदाता होगा उसे 10000 रु० की धरोहर सुरक्षित राशी पंचायत के नाम जमा करवानी होगी । नीलामी की न्यूनतम बोली 3 लाख 5 हजार से शुरू की जाएगी।

**ग्राम पंचायत आनी विकास खण्ड आनी**
**जिला कुल्लू, हि.प्र.**

**अदालती नोटिस**
**व अदालत नायब-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा, हि.प्र.**
मुकदमा न.- 86/NT/2025
तारीख पेशी- 8.10.25
अम्विका पुत्री हरनाम दास निवासी गांव कालु दी हट्टी, डाकघर मारण्डा, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि.प्र.।
**बनाम** **आम जनता**
**वज़रिया ईश्तहार-** अम्विका पुत्री हरनाम दास निवासी गांव कालू दी हट्टी डाकघर मारण्डा, तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि.प्र. ने इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि प्रार्थी का जन्म गांव कालू दी हट्टी, डाकघर मारण्डा तहसील पालमपुर, जिला काँगड़ा हि.प्र. में दिनांक 01.01.1979 को हुआ है। लेकिन सम्बन्धित ग्राम पंचायत मारण्डा हाल नगर निगम पालमपुर के अभिलेख में दर्ज न है।
अतः अब इश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस बारे किसी व्यक्ति को कोई भी एतराज हो तो वह दिनांक 8.10.25 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में प्रातः 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काबिले समायत न होगा तथा प्रार्थी के जन्म पंजीकरण के आदेश नगर निगम पालमपुर को दर्ज करने के पारित कर दिये जायेंगे।
आज दिनांक 12.08.2025 की हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर**

'मूर्ख सोचता है कि वह बुद्धिमान है, लेकिन बुद्धिमान व्यक्ति स्वयं को मूर्ख जानता है। – विलियम शेक्सपियर

संपादकीय

# दलितों पर अत्याचार

दुनिया चांद पर पहुंच गई, मंगल पर जीवन खोजने की तैयारी चल रही है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंसानों की सोच को बदल रहा है, लेकिन अफसोस कि इंसान की मानसिकता आज भी उतनी नहीं बदली जितनी तकनीक बदल गई है। समाज आज भी जाति और ऊंच–नीच के भेद में बंटा हुआ है। आधुनिक युग में भी जब हिमाचल से दलित उत्पीड़न की खबरें आती हैं, तो यह सवाल उठता है कि आखिर हम किस दिशा में जा रहे हैं? कुल्लू जिले के सैंज में एक दलित महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म कर उसे पेड़ से लटका देना और शिमला जिले के रोहड़ू में 12 साल के मासूम बच्चे का छुआछूत से आहत होकर आत्महत्या कर लेना–ये दोनों घटनाएं इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली हैं। सैंज की घटना ने यह साबित कर दिया कि जो समाज अपने ही किसी वर्ग को नीचा समझता है, वह खुद भी कभी ऊंचा नहीं उठ सकता। उस महिला ने क्या गलती की थी? उसका अपराध केवल इतना था कि वह दलित थी। यह एक ऐसा शब्द है जिसे संविधान ने मिटा दिया है, लेकिन समाज ने अब तक अपने दिल से नहीं मिटाया। रोहड़ू के मासूम बच्चे की मौत ने तो मानो चेतना को ही झकझोर दिया है। महज इसलिए कि उसने एक अगड़ी जाति की महिला के घर को छू लिया था, उसे अपमानित किया गया, पीटा गया और गौशाला में बंद कर दिया गया। वह बच्चा जब भागकर घर पहुंचा, तब तक उसका आत्मसम्मान कुचल दिया गया था। उसने जहर खाकर अपनी जिंदगी खत्म कर ली, लेकिन बड़ा सवाल छोड़ गया कि आखिर हम किस युग में जी रहे हैं?

ये घटनाएं केवल कानून–व्यवस्था की विफलता नहीं हैं, बल्कि हमारे सामाजिक चरित्र की गहराई में बैठे भेदभाव की परछाई हैं। हमारे संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने उस समय चेताया था कि 'जब तक समाज में समानता नहीं आएगी, तब तक आजादी अधूरी रहेगी।' उन्होंने कहा था कि जातिवाद एक सामाजिक बीमारी है और जब तक हम इस बीमारी को दिल से खत्म नहीं करेंगे, तब तक भारत सच्चे अर्थों में विकसित नहीं हो सकता। आज वही चेतावनी हमें फिर सुनाई दे रही है। हिमाचल में ऐसी घटनाएं होना और भी पीड़ादायक है। यह प्रदेश शिक्षा, संस्कृति और मानवीय संवेदना के लिए जाना जाता है, लेकिन जब कोई दलित महिला या बच्चा जाति के कारण अपमान का शिकार होता है, तो यह पूरी समाज की असफलता है। यह हमें सोचने पर मजबूर करता है कि आखिर क्यों हमारी शिक्षा, हमारे संस्कार और हमारी सभ्यता जाति के इस अंधविश्वास को खत्म नहीं कर पा रहे?


हकीकत यह है कि कानून बनाकर छुआछूत को खत्म नहीं किया जा सकता, अगर लोगों के दिलों में यह जहर अब भी जिंदा है। समाज को बदलने के लिए सबसे पहले सोच बदलनी होगी। हमें अपने बच्चों को यह सिखाना होगा कि इंसान की पहचान उसकी जाति से नहीं, बल्कि उसके कर्मों से होती है। मंदिरों में माथा टेकने से पहले हमें इंसानियत को पूजना सीखना होगा। यह भी जरूरी है कि समाज के पढ़े–लिखे वर्ग आगे आएं और इस मानसिक गंदगी को खत्म करने की पहल करें। सोशल मीडिया पर ट्रेंड चलाने या मोमबत्तियां जलाने से बदलाव नहीं आएगा, जब तक हमारे गांवों में, घरों में, मंदिरों में, स्कूलों में बराबरी की भावना नहीं आएगी। जब तक दलित बच्चे के साथ स्कूल में भेदभाव होगा, दलित युवक को शादी में अपमानित किया जाएगा, दलित परिवार को कुएं से पानी भरने नहीं दिया जाएगा, तब तक विकास के सारे दावे खोखले रहेंगे। जरूरत इस बात की है कि समाज जागे, अपनी सोच को बदले और यह समझे कि जाति नहीं, इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म है। अगर हम सच में नए भारत की ओर बढ़ना चाहते हैं, तो यह बदलाव हमारे भीतर से आना होगा। हर व्यक्ति को यह प्रण लेना होगा कि वह किसी के साथ भी जाति के आधार पर भेदभाव नहीं करेगा, बल्कि हर इंसान का सम्मान करेगा, क्योंकि जब तक समाज में एक भी व्यक्ति जातिवाद की दीवार के पीछे खड़ा रहेगा, तब तक देश की आत्मा आजाद नहीं हो सकती।

यह समय आत्ममंथन का है–केवल सरकारों के लिए नहीं, बल्कि समाज के हर उस व्यक्ति के लिए जो चुप है। याद रखिए, चुप रहना भी अन्याय में हिस्सेदारी है। हमें बोलना होगा, खड़ा होना होगा, और एक ऐसा हिमाचल, एक ऐसा भारत बनाना होगा, जहां किसी महिला या बच्चे को केवल जाति के कारण अपमान या मौत न झेलनी पड़े। यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी उस मासूम को, और यही सबसे बड़ा सम्मान होगा संविधान में लिखी उस पंक्ति का–हम सब एक हैं और समान हैं। ■

**आज के दिन की प्रमुख हस्ती**

## राष्ट्रभक्त राजनेता और कुशल प्रशासक

**बली** राम भगत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, अनुभवी सांसद और कुशल प्रशासक थे। उनका जन्म 7 अक्तूबर 1922 को पटना, बिहार में हुआ। पटना विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर के बाद वे युवा अवस्था में ही कांग्रेस से जुड़कर 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय हो गए। आजादी के बाद भगत 1950 में अंतरिम संसद के सदस्य बने और लगातार पांच लोकसभाओं तक सांसद रहे। उन्होंने वित्त, योजना, विदेश, इस्पात और रक्षा मंत्रालयों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी साफगोई, संसदीय नियमों की गहरी समझ उन्हें एक विशिष्ट राजनेता बनाती थी। 1976 में आपातकाल के दौरान वे लोकसभा के अध्यक्ष नियुक्त हुए। यद्यपि उनका कार्यकाल मात्र 14 महीनों का था।



बली राम भगत
जन्म : 7 अक्तूबर, 1922
मृत्यु : 2 जनवरी, 2011

उन्होंने संसदीय अनुशासन, मर्यादा और निष्पक्षता की मिसाल कायम की। उन्होंने प्रक्रिया–संबंधी कई सुधारों की शुरुआत की और सभी दलों से समभाव से व्यवहार किया। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी उन्होंने भारत का प्रभावशाली प्रतिनिधित्व किया। वे एशियाई विकास बैंक, संयुक्त राष्ट्र महासभा और अनेक वैश्विक सम्मेलनों में भारत की आवाज बने। वे दो बार केंद्रीय मंत्री और बाद में हिमाचल प्रदेश और राजस्थान के राज्यपाल भी रहे। वह एक लेखक –पत्रकार भी थे। उन्होंने भूमिहीनों और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए भी काम किया। 2 जनवरी 2011 को बली राम भगत का निधन हो गया। ■



ग़ज़ल

## हम तुम्हारे लिए....

राजेंद्र पालमपुरी, वरिष्ठ साहित्यकार, हिमाचल प्रदेश

तुम न अच्छे रहे जब तुम्हारे लिए,
तो बाकी बचा क्या हमारे लिए ।
मिल गया है तुम्हें जो तुम्हारा ही था,
हम जिएंगे भला क्यों सहारे लिए।।
वो कश्ती मेरी दूर तक यों गई,
जैसे जाता है तूफां किनारे लिए।।
मेरे दामन में पहले ही गम कम थे क्या,
तुम जो आए मेरे घर दुख यह सारे लिए।।
मैंने माना कि सूरज कब मेरा हुआ,
क्या हुआ तुम जो आए सितारे लिए।।
मेरी नाकामियों की रजा देखिए,
रोती आंखें हैं अश्कों के धारे लिए ।।
लोग डरते हैं पत्तों के हिलने से भी,
हमने तूफां के देखो सहारे लिए।।
जिंदगी का सफर है यह तन्हा सफर ,
फिर क्यों मैं रहूं बस तुम्हारे लिए ।।
सच कहूं झूठ लगता यह कहना मुझे ,
हम तुम्हारे लिए तुम हमारे लिए।।

# ऑनलाइन गेमिंग के विरुद्ध सरकार की निर्णायक पहल

ऑनलाइन गेमिंग एक अत्यंत गंभीर सामाजिक चुनौती बन गई है। मोबाइल और इंटरनेट की व्यापक पहुंच ने जहां एक ओर युवाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़ा है, वहीं दूसरी ओर यह तकनीक उनके जीवन में असंतुलन और अव्यवस्था का कारण भी बन रही है। जो गतिविधि पहले मनोरंजन और समय बिताने का माध्यम थी, वह अब एक लत और मानसिक व्यसन का रूप ले चुकी है। भारत में करोड़ों बच्चे और युवा दिन–रात मोबाइल स्क्रीन में उलझे रहते हैं।



रजनीश रांगड़ा
रजनीश रांगड़ा,प्रधानाचार्य
सीनियर सेकेंडरी स्कूल, टौणी देवी

इसके दुष्परिणाम उनके शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्थिति, पारिवारिक संबंधों और सबसे अधिक उनकी शिक्षा पर पड़ रहे हैं। वर्ष 2023 तक भारत में लगभग 42 करोड़ लोग किसी न किसी रूप में ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े हुए थे और 2025 तक यह संख्या 50 करोड़ को पार कर चुकी है। देश के विभिन्न हिस्सों में हजारों युवाओं ने गेमिंग के लालच में परिवार की जमा–पूंजी गंवा दी है।

रिपोर्टों के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में ऑनलाइन सट्टेबाजी से जुड़े मामलों के कारण 20,000 से अधिक परिवार आर्थिक रूप से तबाह हुए हैं और लगभग 400 युवाओं ने आत्महत्या जैसा भयावह कदम उठाया है। विभिन्न शैक्षणिक सर्वेक्षणों में यह सामने आया है कि लगभग 35 प्रतिशत विद्यार्थी किसी न किसी रूप में ऑनलाइन गेमिंग की लत से प्रभावित हैं। स्कूलों में उनकी उपस्थिति घटी है और परीक्षा परिणामों में गिरावट आई है। इस चिंता को देखते हुए केंद्र सरकार ने एक ऐतिहासिक और सख्त कदम उठाया है। हाल ही में पारित 'ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025' अब देशभर में 1 अक्तूबर 2025 से लागू हो गया है। इस कानून के तहत ऐसे सभी ऑनलाइन गेम पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिए गए हैं, जो वास्तविक पैसे के लेन–देन या सट्टेबाजी पर आधारित हैं।

अब कोई भी कंपनी या व्यक्ति ऐसा गेम नहीं चला सकता जो धन आधारित दांव या जुए से जुड़ा हो। इस विधेयक के अंतर्गत सरकार ने 'भारतीय ऑनलाइन गेमिंग प्राधिकरण' नामक एक स्वतंत्र संस्था की स्थापना की है, जिसे गेमिंग कंपनियों के पंजीकरण, संचालन की निगरानी और नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करने के व्यापक अधिकार दिए गए हैं। यदि कोई कंपनी अवैध गतिविधियों में लिप्त पाई जाती है, तो उस पर भारी जुर्माना लगेगा और यह अपराध गैर–जमानती माना जाएगा, जिसमें दोषी को जेल भी हो सकती है। इस सख्त कानून का प्रभाव तुरंत दिखाई देने लगा है। प्रमुख अंतरराष्ट्रीय गेमिंग कंपनी



फ्लटर ने भारत में अपने सभी रियल मनी गेम्स बंद कर दिए हैं। ड्रीम 11 ने अपने कई स्पॉन्सरशिप सौदे रद्द कर दिए हैं, जबकि मोबाइल प्रीमियर लीग ने भारत में अपने लगभग 60 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी कर दी है, क्योंकि इन कंपनियों की कमाई का बड़ा हिस्सा अब बंद हो चुका है। सरकार ने गेमिंग कंपनियों को छह महीने का समय दिया है, ताकि वे उपयोगकर्ताओं की जमा राशि वापस कर सकें।

यह उन लाखों परिवारों के लिए राहत की खबर है, जिनका पैसा इन प्लेटफार्मों में अटका हुआ था। इसके साथ ही प्रवर्तन निदेशालय और साइबर अपराध शाखा ने देशभर में अवैध गेमिंग नेटवर्क्स पर छापेमारी भी शुरू कर दी है। दिल्ली, गोवा, तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में छापों के दौरान दो करोड़ रुपए से अधिक की नकद राशि जब्त की गई है, जो अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी से जुड़ी थी।

इस कानून को न्यायपालिका का भी समर्थन प्राप्त है। सुप्रीम कोर्ट ने सितंबर 2025 में यह स्पष्ट किया कि ऑनलाइन गेमिंग कानून युवाओं की सुरक्षा और जनहित से जुड़ा हुआ मामला है और इसकी वैधता पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। इन सरकारी प्रयासों का असर अब समाज में दिखाई देने लगा है। कई राज्यों में गेमिंग ऐप्स के डाउनलोड में तेज गिरावट देखी गई है। माता–पिता को अब कुछ राहत मिली है और बच्चों का रुझान धीरे–धीरे फिर से पढ़ाई, खेल और अन्य रचनात्मक गतिविधियों की ओर बढ़ रहा है। इसके साथ ही शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से 'री–इंटीग्रेशन प्रोग्राम' शुरू किया गया है, जिसके अंतर्गत उन छात्रों की पहचान की जा रही है जो गेमिंग की लत से प्रभावित हैं। उन्हें मानसिक परामर्श, समय प्रबंधन और डिजिटल संतुलन की शिक्षा दी जा रही है, ताकि वे दोबारा शिक्षा की मुख्यधारा में लौट सकें। हालांकि, केवल कानून बनाना और जुर्माने लगाना पर्याप्त नहीं होगा।

इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए समाज, माता–पिता और शिक्षकों को मिलकर भूमिका निभानी होगी। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों के साथ संवाद बनाए रखें, उनके डिजिटल व्यवहार पर नजर रखें और उन्हें तकनीक के सकारात्मक और सीमित उपयोग के लिए प्रेरित करें।

विद्यालयों में डिजिटल साक्षरता के साथ–साथ जीवन कौशल और मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा को भी बढ़ावा देना चाहिए। सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम केवल एक कानूनी कार्यवाही नहीं, बल्कि समाज की सुरक्षा और भविष्य की पीढ़ी को बचाने का एक गंभीर प्रयास है। यदि समाज और सरकार मिलकर इस दिशा में कार्य करते रहें, तो यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि भारत की युवा शक्ति तकनीक का विवेकपूर्ण उपयोग करते हुए एक सशक्त, नैतिक और जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# सुरक्षित वातावरण की तलाश में इंसान, लेकिन बढ़ते अपराधों ने बढ़ाई चिंता

इंसान अपने जीवन में सदैव ऐसे वातावरण की तलाश करता है, जहां उसे सुरक्षा, शांति और स्थायित्व का अनुभव हो। एक सुरक्षित और स्वस्थ माहौल व्यक्ति के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालता है।



शिवालिकअवस्थी
शीला चौक, धर्मशाला
जिला कांगड़ा

जब भी सुरक्षा की बात आती है, तो अधिकतर लोग अपने घर को ही सबसे सुरक्षित स्थान मानते हैं, लेकिन बदलती जीवनशैली, बेरोजगारी और आर्थिक आवश्यकताओं ने व्यक्ति को मजबूर कर दिया है कि वह अपने घर से बाहर निकलकर रोजगार की तलाश करे, भले ही वह स्थान अजनबी क्यों न हो या वहां सुरक्षा की स्थिति संदिग्ध ही क्यों न हो। सरकारें नागरिकों को सुरक्षित माहौल देने के दावे तो करती हैं और प्रयास भी करती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था कई बार असफल सिद्ध होती है और अपराध जन्म ले लेते हैं। यह सोचना भी पूरी तरह सही नहीं कि घर के भीतर रहकर इंसान पूरी तरह सुरक्षित है। हाल के वर्षों में कई ऐसे मामलों ने चौंकाया है, जहां अपराध परिवार के भीतर ही घटित हुए। पत्नी ने पति की हत्या कर दी, बेटे ने पिता को मौत के घाट उतार दिया, बहू को ससुराल में प्रताड़ित किया गया या भाई–भाई के बीच हिंसक झड़प हो गई। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर इंसान वास्तव में सुरक्षित है कहां? हालांकि, यह भी स्वीकार करना जरूरी है कि हर परिवार ऐसा नहीं होता।

समाज में ऐसे कई परिवार भी हैं जहां आपसी प्रेम, समझदारी और सम्मान के उदाहरण देखने को मिलते हैं, परंतु यह सच्चाई भी है कि आज अपराध का दायरा केवल सड़कों या अजनबियों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह घरों की चारदीवारी तक भी पहुंच गया है। इसके साथ ही, आधुनिक तकनीक के आने से अपराधों



के स्वरूप में भी व्यापक बदलाव आया है। साइबर क्राइम आज के दौर की सबसे तेजी से बढ़ती आपराधिक श्रेणी बन चुकी है। कब, कैसे और कहां कोई व्यक्ति ऑनलाइन ठगी या डेटा चोरी का शिकार बन जाए, कहा नहीं जा सकता। कई बार छोटी–सी बहस, असहमति या नाराजगी भी इतनी तेजी से हिंसा का रूप ले लेती है कि वह अपराध बन जाती है। हाल ही में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा जारी क्राइम इन इंडिया 2023 रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। वर्ष 2023 में देशभर में कुल 62,41,569 आपराधिक मामले दर्ज किए गए, जबकि 2022 में यह आंकड़ा 58,24,946 था। यानी एक वर्ष में अपराधों में 7.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है। हालांकि, हत्या जैसे गंभीर अपराधों में 2.8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है, लेकिन अपहरण के मामलों में 5.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2023 में अपहरण के कुल 1,13,564 मामले सामने आए। महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में भी 0.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2023 में कुल 4,48,211 मामले दर्ज किए गए, जिनमें से लगभग 30 प्रतिशत घरेलू हिंसा से संबंधित हैं। बच्चों के विरुद्ध अपराधों में 9.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है और इन मामलों में से लगभग 45 प्रतिशत अपहरण से संबंधित हैं। वहीं वरिष्ठ नागरिकों के विरुद्ध अपराधों में मामूली कमी आई है, लेकिन साइबर अपराधों में 31.2 प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2023 में कुल 86,420 साइबर अपराध के मामले दर्ज हुए, जिनमें से 68.9 प्रतिशत धोखाधड़ी से जुड़े थे।

ये आंकड़े दर्शाते हैं कि समाज किस दिशा में बढ़ रहा है और अब समय आ गया है कि केवल सरकार या कानून व्यवस्था पर निर्भर न रहकर, समाज का हर व्यक्ति सजग, सतर्क और जिम्मेदार बने। जब तक हम अपराध के खिलाफ मिलकर आवाज नहीं उठाएंगे, तब तक एक सुरक्षित समाज की कल्पना अधूरी रहेगी। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम स्वयं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक ऐसा माहौल बनाएं, जहां भय नहीं, विश्वास हो।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष : विचार से विराट तक की यात्रा

'नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे, त्वया हिन्दूभूमे सुखं वर्धितोहम्' –यह मंत्र भारतीय संस्कृति के प्रति श्रद्धा, समर्पण और गौरव का प्रतीक है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इसी भाव को जीवन में उतारने का एक सतत प्रयास है– व्यक्ति के भीतर राष्ट्रप्रेम, संस्कृति और सेवा के बीज बोने वाला एक विचार जो अब एक विशाल सामाजिक आंदोलन बन चुका है। आज संघ अपनी स्थापना के सौ गौरवपूर्ण वर्षों की यात्रा पूरी कर चुका है। यह केवल एक संगठन का शताब्दी वर्ष नहीं है, बल्कि एक विचारधारा की सहस्त्रों शाखाओं, करोड़ों स्वयंसेवकों और अनगिनत सेवाकार्यों का जीवंत इतिहास है।



विक्रम वर्मा
स्वतंत्र लेखक, चंबा

1925 में विजयादशमी के दिन डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भारतीय समाज को संगठित, सशक्त और संस्कारित करने का जो स्वप्न देखा था, आज वह एक यथार्थ बन चुका है। उस समय महज 12 स्वयंसेवकों के साथ शुरू हुआ यह आंदोलन आज विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन बन गया है, जिसकी 85,000 से अधिक दैनिक शाखाएं भारत के कोने–कोने में कार्यरत हैं। करोड़ों लोग इस विचार से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़े हैं और यह विचार न केवल भारत में बल्कि विश्व के अनेक देशों में भारतीय संस्कृति का संवाहक बना है।

शताब्दी वर्ष केवल उत्सव मनाने का नहीं, बल्कि आत्ममंथन, मूल्यांकन और भविष्य की दिशा तय करने का अवसर भी है। संघ ने सदा अपने उद्देश्यों में राष्ट्र सर्वोपरि को स्थान दिया है। डॉ. हेडगेवार ने यह संगठन केवल राजनैतिक परिवर्तन के लिए नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और चारित्रिक पुनर्जागरण के लिए खड़ा किया था। उनका मानना था कि जब तक व्यक्ति संस्कारित नहीं होगा, तब तक राष्ट्र सशक्त नहीं बन सकता। यही कारण है कि संघ का मुख्य कार्यक्षेत्र 'व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण' है। संघ से




प्रेरित हजारों संगठन–चाहे वे शिक्षा, सेवा, चिकित्सा, ग्राम विकास, महिला सशक्तिकरण या आपदा राहत से जुड़े हों भारत की धरती पर समर्पण की मिसाल बने हैं। कोविड–19 जैसी वैश्विक महामारी में लाखों स्वयंसेवकों ने जीवन को जोखिम में डालकर सेवा कार्य किए। संघ ने प्राकृतिक आपदाओं, जैसे बाढ़, भूकंप या तूफान के समय बिना भेदभाव के मदद पहुंचाई है। 'एक कुआं, एक मंदिर, एक श्मशान' जैसे अभियानों के माध्यम से सामाजिक समरसता को मजबूत किया है। संघ केवल परंपरा का पालन नहीं करता, वह परिवर्तनशील समय के अनुसार खुद को ढालता भी है। आज जब देश तकनीकी रूप से तेजी से आगे बढ़ रहा है, युवा वर्ग नई सोच और गति चाहता है, ऐसे में संघ को संवाद की शैली, संप्रेषण के माध्यम और कार्यशैली को यथासंभव आधुनिक बनाना होगा। साथ ही भारत की बहुलतावादी संस्कृति को ध्यान में रखते हुए संवाद को अधिक समावेशी और विश्वासपूर्ण बनाना समय की मांग है। संघ को भविष्य में पर्यावरण संतुलन, सतत विकास और पारंपरिक जीवनशैली की ओर समाज को प्रेरित करने में भी अहम भूमिका निभानी होगी। आधुनिक जीवनशैली और भोगवाद की ओर झुकते समाज को संतुलित, संयमित और संस्कृति–सम्मत जीवन की ओर लौटाना आवश्यक है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि संघ ने बीते 100 वर्षों में अनगिनत सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्य किए हैं। परंतु शताब्दी वर्ष वह अवसर है जब संघ को अपने मूल्यों, सिद्धांतों और कार्यों को और अधिक व्यापक दृष्टिकोण, आधुनिक सोच और सबके साथ की भावना से आगे बढ़ाना होगा। संघ की यही यात्रा 'राष्ट्र प्रथम' की भावना को जन–जन तक पहुंचाने की दिशा में निर्णायक साबित होगी। देश जब आत्मनिर्भर भारत और विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है, तब संघ की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि यह संगठन अपने सिद्धांतों को यथार्थ, संतुलन और संवाद से जोड़े रखे, तो भारत एक सशक्त, समरस और संस्कारित राष्ट्र के रूप में पूरी दुनिया के लिए उदाहरण बन सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# विश्व विख्यात आदि काव्य रामायण के प्रणेता महर्षि वाल्मीकि

महर्षि वाल्मीकि का जन्म त्रेतायुग में आश्विन मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के दिन हुआ था। वाल्मीकि जी का जन्म महर्षि कश्यप और अदिति की नौवीं संतान वरुण और चर्षणी के घर हुआ, इसलिए संपूर्ण भारतवर्ष में यह तिथि महर्षि वाल्मीकि जयंती के रूप में विख्यात है।



आचार्य दीप चंद भारद्वाज
स्वतंत्र लेखक

वाल्मीकि जी एक आदर्श संत, श्रेष्ठ शिक्षक एवं गुरु माने गए हैं। सनातन संस्कृति के सुप्रसिद्ध धार्मिक ग्रंथ रामायण के रचयिता होने के साथ–साथ संस्कृत साहित्य के प्रथम कवि होने का गौरव महर्षि वाल्मीकि को प्राप्त है। रामायण को आदि काव्य और महर्षि वाल्मीकि को आदि कवि की उपमा दी गई है।

महर्षि नारद की प्रेरणा से वाल्मीकि जी का हृदय परिवर्तन हुआ उसके पश्चात वे साधना और आध्यात्मिकता के पथ पर अग्रसर हुए। आत्म जागृति की अनुभूति के उपरांत उन्होंने रामायण ग्रंथ में श्री रामचंद्र के विराट दिव्य गुणों को प्रस्तुत किया। प्रेम में आसक्त दो , क्रौंच पक्षियों में से जब एक को शिकारी ने अपने बाण से मार दिया तब उस कारुणिक दृश्य को देखकर महर्षि वाल्मीकि के मुख से अनायास श्राप के रूप में यह श्लोक निकला– 'मा निषाद प्रतिष्ठा त्वमगमः शाश्वती समाः।

यत्कौञ्च मिथुनादेकम्
अवधी काममोहितम्।।'

वाल्मीकि जी के मुखारविंद से निकला यह श्लोक ही आदि काव्य रामायण का आधार बना। वाल्मीकि जी ने ब्रह्मा जी को प्रसन्न करने के लिए कठोर तप और साधना की। कहा जाता है कि बाल्मीकि जी अपनी साधना में इतने तल्लीन हो गए थे कि इनको इस बात का बोध भी नहीं रहा कि उनके शरीर के ऊपर दीमकों की मोटी परत जम चुकी है। इस कठोर साधना से बाहर आने के उपरांत ही इनका नाम वाल्मीकि पड़ा। ब्रह्मा के आशीर्वाद और प्रेरणा से इन्होंने राम के जीवन की स्वर्णिम गाथा को श्लोकों में गुम्फित




करके अमर ग्रंथ रामायण की रचना प्रारंभ की। 24000 संस्कृत के श्लोकों से परिपूर्ण और सात कांडों में विभक्त वाल्मीकि जी ने भगवान श्री रामचंद्र के दिव्य विराट व्यक्तित्व को प्रस्तुत किया।

वाल्मीकि जी ज्योतिष तथा खगोल विद्या के भी प्रखंड विद्वान थे। रामायण में वाल्मीकि जी ने राजा से लेकर रंक तक के सामाजिक, पारिवारिक,आध्यात्मिक कर्तव्यों का निर्वहन किया है। भगवान श्रीराम को इन्होंने साक्षात धर्म के अवतार के रूप में चित्रित किया है। कलात्मक विशिष्टताओं के धनी वाल्मीकि जी ने अपने पात्रों को अपना प्रवक्ता बनाया है। राम, भरत, लक्ष्मण, सीता, सुमित्रा, सुमंत, जटायु,शबरी, हनुमान इन सभी पात्रों के माध्यम से आदि कवि ने मानवीय गुणों के गौरवमयी आदर्श को प्रस्तुत किया है। अपने इस उत्कृष्ट ग्रंथ में महर्षि ने सामाजिक समरसता, मानव गौरव, भ्रातृत्व की विराट भावना को सर्वप्रथम प्रस्तुत किया। रामायण में भारतीय संस्कृति के उत्कृष्ट नैतिक मूल्यों का प्रतिबिंब दृष्टिगोचर होता है। ज्ञान, विद्या, कर्तव्य, व्यवहार, नीति, निस्वार्थ कर्म, बंधुत्व, त्याग, धर्म, भक्ति की शिक्षा इस ग्रंथ के स्वाध्याय से स्वतः ही प्राप्त हो जाती है। संस्कृत के मर्मज्ञों ने वाल्मीकि की रामायण को प्रामाणिक ग्रंथ स्वीकार किया है। इसी ग्रंथ से प्रेरणा प्राप्त करके तथा इसकी विषय वस्तु को आधार मानकर संस्कृत साहित्य में अनेकों कवियों ने महाकाव्य, खंडकाव्य तथा नाटकों की रचना की।

महर्षि वाल्मीकि के इस आदि काव्य में धर्म, अध्यात्म नीति तथा मानव जीवन निर्माण की समस्त सामग्री वर्णित है। वाल्मीकि के इस अमर ग्रंथ रामायण में परिवार, समाज, राष्ट्र के सर्वांगीण कल्याण के सूत्र निहित हैं। यह ग्रंथ भारतीय सनातन संस्कृति के उत्कृष्ट सांस्कृतिक तथा नैतिक मूल्यों का संवाहक ग्रंथ है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज–2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# धर्मपुर बस स्टैंड की खातिर तोड़ डाला कानून

## राजनीतिक महत्वकांक्षा पूरी करने के लिए जनता के हितों की बलि, सोन खड्ड पर बना बस अड्डा बना सरकारी नुकसान का कारण

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान



आपदा में खस्ताहाल धर्मपुर बस स्टैंड। फाइल फोटो

**सरकाघाट।** विवादित धर्मपुर बस स्टैंड के निर्माण को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों ने कानून को ताक पर रखकर ऐसा खेल खेला जिसका खामियाजा सरकार को करोड़ों रुपए देकर भुगतना पड़ रहा है। क्षेत्र की प्रमुख बरसाती नदी सोन खड्ड के मुहाने पर बनाए गए इस बस स्टैंड ने भले ही स्थानीय लोगों को परिवहन की सुविधा और दुकानदारों को रोजी रोटी का जरिया दिया हो, लेकिन बरसात के मौसम में होने वाले करोड़ों रुपए के नुकसान की भरपाई सरकार कब तक करती रहेगी यह यक्ष प्रश्न हर जिम्मेदार नागरिक के जेहन में बरकरार है।

अस्सी के दशक में वीरान खड्ड के रूप में जाना जाने वाला यह भूभाग नब्बे के दशक में यकायक व्यापारिक ढांचों से भर गया। जो जमीन अप्रैल माह में नलवाड़ मेलों के बाद जून के अंत में बरसाती पानी से डूब जाती थी उस पर करोड़ों रुपए की लागत से आधुनिक बस अड्डा और इसके इर्द गिर्द बहु मंजिला इमारतें राजनीतिक सांठगांठ और प्रशासनिक असफलता बयां करने के लिए काफी है।

2 मार्च, 2000 में 2010 स्क्वायर मीटर वन भूमि (खसरा नंबर 920/621/1) का निदेशक, परिवहन को हस्तांतरण लेकिन यह भूमि हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम और 6 फरवरी, 2007 को यह जमीन परिवहन विभाग को हस्तांतरित की गई। उसके पश्चात 1 दिसंबर 2008 को बस अड्डे का शिलान्यास हुआ तथा 26 मई, 2009 को मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदेश बस स्टैंड प्रबंधन एवं विकास प्राधिकरण द्वारा हिमुडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी से ड्रॉइंग व एस्टीमेट बनाने का आग्रह किया गया व 25 जुलाई, 2009 को डीएफओ जोगेंद्रनगर, एसडीएम सरकाघाट व आरएम सरकाघाट ने साइट इंस्पेक्शन किया। इसके बाद 5 सितंबर, 2009 को हिमुडा ने को 4.6 करोड़ का एस्टीमेट पेश किया तथा 6 अक्तूबर, 2009 को बस स्टैंड प्रबंधन एवं विकास प्राधिकरण द्वारा एस्टीमेट को स्वीकृति मिली। 22 अक्तूबर, 2009 को 1.79 करोड़ की स्वीकृति व अन्तत: 18 जनवरी, 2010 को हिमुडा द्वारा बस अड्डे का निर्माण कार्य शुरू किया गया। 9 जनवरी, 2012 को साथ लगती जमीन खसरा नंबर 1076/920/926(9050 स्क्वायर मीटर) जमीन भी स्थानांतरित कर दी गई।

### केके वर्मा ने आरटीआई से सच्चाई उजागर की

**वरिष्ठ** अधिवक्ता केके वर्मा द्वारा आरटीआई से ली गई जानकारी में साफ पता चलता है कि हर विभाग ने असली तस्वीर को छुपाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है। राजनीतिक प्रभाव के चलते सोन खड्ड के संभावित खतरों को नजरअंदाज किया गया। 7 अक्तूबर, 2015 को तत्कालीन डिविजनल कमिश्नर देवेश कुमार ने प्रदेश सरकार को जो रिपोर्ट सौंपी उसमें संबंधित विभागों के अधिकारियों ने कायदे कानून ताक पर रखकर कार्य किया है। 5 सितंबर, 2009 को हिमुडा के मुख्य वास्तुकार ने अपनी वर्किंग ड्रॉइंग में पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि उक्त जमीन फ्लड जोन में आती है। केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय ने फॉरेस्ट लैंड की सशर्त स्वीकृति दी थी व पर्यावरण विभाग की औपचारिकताएं पूरी होने के बाद ही कार्य शुरू किया जाए। एचआरटीसी ने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को आवेदन कर अनापत्ति प्रमाणपत्र तो हासिल कर लिया, लेकिन पर्यावरण विभाग की औपचारिकताएं आज तक पूरी नहीं हो पाई। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि बस अड्डे के वर्गाकार निर्माण सोन खड्ड के रास्ते को अवरुद्ध करके किया गया है तथा ढांचे के कारण खड्ड के बहाव में रुकावट आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जब तक स्थायी समाधान नहीं हो जाता तब तक हर साल जुलाई-अगस्त माह में बस अड्डे का संचालन किसी अन्य सुरक्षित जगह से किया जाए। धरातल वाली दुकानों में एक से ज्यादा दुकानों की दीवारों को खोल दिया जाए ताकि सोन खड्ड से आया पानी बाहर निकल सके। अधिवक्ता केके वर्मा ने कहा कि अगर मुआवजे की बात करें तो 2015 में सरकार द्वारा एक करोड़ रुपए जारी किए गए जबकि जिला प्रशासन ने वर्ष 2014 में दस और 2015 में करीब 25 लाख रुपए प्रभावित दुकानदारों व मकान मालिकों को राहत राशि के रूप में दिए गए। उन्होंने कहा कि तत्कालीन डिविजनल कमिश्नर मंडी द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट पर एक दशक बीत जाने के बावजूद कोई कार्रवाई न होना हैरानगी भरा है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इस मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए नहीं तो जनहित में सक्षम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पंजाब नेशनल बैंक को लूटने की साजिश नाकाम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट में पंजाब नेशनल बैंक में रविवार रात को किसी ने बैंक को लूटने की कोशिश की, मगर वो नाकाम हुई है। सरकाघाट शाखा प्रबंधक विवेकानंद ने बताया कि सुबह 8 बजे जब सफाई कर्मी सफाई करने आया तो उसने देखा कि शटर में लगे दोनों तालों में से एक ताला गायब था। इसको देखते ही सफाई कर्मी ने शाखा प्रबंधक विवेकानंद को फोन पर सूचित किया और प्रबंधक ने उसी वक्त सरकाघाट पुलिस को सूचित किया और पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस थाना सरकाघाट प्रभारी रजनीश ठाकुर ने कहा कि बैंक के मुख्य गेट पर डबल शटर लगे हैं जिस के चलते शातिर एक ही ताला तोड़ पाए हैं और बैंक के अंदर रखा सारा सामान सुरक्षित है। रजनीश ने बताया कि जो भी कैमरे की नजर में आएगा उस पर आवश्यक कार्रवाई होगी।

### वाहन पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट हुए रद्द

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल जोगिंदरनगर में 8 अक्तूबर को निर्धारित वाहनों की पासिंग तथा 9 अक्तूबर को होने वाला ड्राइविंग टेस्ट प्रशासनिक कारणों के चलते रद्द कर दिए गए हैं। कार्यालय वाहन पंजीकरण एवं अनुज्ञापन अधिकारी जोगिंदरनगर की ओर से जारी सार्वजनिक सूचना में बताया गया है कि अब वाहनों की पासिंग 23 अक्तूबर को व ड्राइविंग टेस्ट 24 अक्तूबर को आयोजित किए जाएंगे।

### यौनकर्मी व उपेक्षित बच्चों के अधिकारों की रक्षा पर जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** रिवालसर के आंबेडकर भवन में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मियों ने भाग लिया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी एनआर ठाकुर ने मिशन वात्सल्य, मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना व इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यौनकर्मी व उपेक्षित वर्ग के बच्चों के अधिकारों की रक्षा, बालश्रम व भिक्षावृत्ति की रोकथाम व असहाय बच्चों को संरक्षण देना विभाग की प्राथमिकता है। संरक्षण अधिकारी शैलजा अवस्थी व विधिक अधिकारी रमा कुमारी ने बाल विवाह, पॉक्सो कानून व दत्तक ग्रहण प्रक्रिया पर जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया।

### नगर पंचायत संधोल की मतदाता सूची प्रकाशित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नगर पंचायत संधोल के लिए मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 6 अक्तूबर 2025 को कर दिया गया है। यह जानकारी प्रशासक नगर पंचायत संधोल विपन कुमार (एचएएस), सहायक आयुक्त राजस्व एवं तहसीलदार सन्धोल ने दी। उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशों के अनुसार यह प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जा रही है। दावा एवं आपत्तियां 8 अक्तूबर से 17 अक्तूबर तक दाखिल की जा सकती हैं। इनका निपटारा 27 अक्तूबर तक किया जाएगा, जबकि अपीलें 3 नवंबर तक दाखिल की जा सकेंगी और उनका निपटारा 10 नवंबर तक किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 13 नवंबर को अथवा उससे पहले किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि दावे और आपत्तियां व्यक्ति स्वयं, अधिकृत प्रतिनिधि या पंजीकृत डाक के माध्यम से दे सकता है। सामूहिक दावे मान्य नहीं होंगे, लेकिन परिवार के सदस्य व्यक्तिगत रूप से दावे या आपत्तियां दे सकते हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने 1 अक्तूबर को योग्यता तिथि घोषित की है। जिन नागरिकों की आयु या पात्रता इस तिथि तक पूर्ण हो गई है, वे नाम दर्ज करवा सकते हैं या त्रुटियां ठीक करवा सकते हैं।

### बस स्टैंड पर दिव्यांगों-बुजुर्गों के लिए सुविधाएं नदारद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट बस स्टैंड पर दिव्यांगों, बुजुर्गों और अन्य यात्रियों के लिए बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। बारिश के मौसम में यात्रियों को भीगते हुए बसों से चढ़ना-उतरना पड़ता है, जिससे उन्हें भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व प्रत्याशी रमेश चंद भारद्वाज ने इस विषय की गंभीरता से उठाते हुए उपायुक्त मंडी को उपमंडल अधिकारी (ना0) सरकाघाट के माध्यम से ज्ञापन भेजा है। उन्होंने मांग की है कि बस स्टैंड के बाई ओर सीढ़ीनुमा बैठने की व्यवस्था बनाई जाए तथा भारत पर दिव्यांगों के लिए सभी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने सुझाव दिया कि नया बस स्टैंड बनने तक, मौजूदा स्टैंड के छज्जे को चादरों से आगे बढ़ाया जाए ताकि लोग बारिश से बच सकें। हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति के महासचिव रमेश भारद्वाज और प्रदेशाध्यक्ष हरिदास प्रजापति ने इस मांग का समर्थन करते हुए मंडी बस स्टैंड पर दिव्यांगों के लिए की गई व्यवस्था के लिए प्रशासन का आभार जताया। साथ ही क्षेत्रीय प्रबंधक, परिवहन निगम सरकाघाट से रूट बोर्ड के लिए बड़ा स्टैंड बनाने की मांग की है।

### बरोट में किसान क्रेडिट कार्ड की जानकारी दी

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** राज्य सहकारी बैंक शाखा द्वारा चौहार घाटी की थुजी गांव में एक दिवसीय वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक संजय कुमार ने की। इस आयोजन में थुजी गांव के ग्रामीण, महिला मंडल, स्वयं सहायता समूह और युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। शिविर में संजय कुमार ने किसान क्रेडिट कार्ड, सशक्त महिला ऋण योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना तथा डिजिटल लेन-देन के तरीकों की जानकारी दी। साथ ही महिलाओं को स्वयं सहायता समूह बनाने की प्रेरणा दी गई, ताकि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। शिविर में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नई जानकारियां प्राप्त कीं।

### टीबी मुक्त भारत की शपथ दिलाई

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** राजकीय महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब द्वारा हिप्र राज्य एड्स नियंत्रण समिति के आवाहन पर टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अंजलि परमार ने छात्र-छात्राओं को टीबी उन्मूलन करने व जनमानस में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में सहयोग व सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी ने एचआईवी एड्स के कारण, प्रभाव व बचाव पर विशेष ध्यानाकर्षण दिया व विद्यार्थियों को सजग व विवेकपूर्ण तरीके से प्रदेश को एड्स मुक्त बनाने के लिए अपनी भूमिका, अनवरत प्रयास व सहयोग देने का आवाहन किया।

### नेरचौक में दिवाली वस्तुओं की लगाई प्रदर्शनी

**विनोद, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** अभिलाषी शिक्षण संस्थान नेरचौक में सोमवार को साकार स्कूल सुन्दरनगर के विशिष्ट बालकों द्वारा हस्तनिर्मित, सजावटी, दिवाली से सम्बन्धित विभिन्न उपयोगी वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें बी.एड. व डी.एल.एड, एम.स.सी व जिनियस इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने वस्तुओं को खरीद कर न केवल इन बच्चों के मनोबल को बढ़ावा बल्कि इस सराहनीय कार्य में अपनी भूमिका अदा की। विशिष्ट बालकों द्वारा बनाई गए विभिन्न वस्तुओं ने सभी के मन को छू लिया अंत में प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने भी सामान खरीद कर उनका मनोबल व आर्थिक सहायता की।

### देई उत्सव की तैयारियां पूरी, कल होगा कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 8 अक्तूबर को महिला एवं बाल विकास विभाग मंडी द्वारा देई उत्सव का आयोजन किया जाएगा। छोटा पड्डल मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन होंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय बदरेल ने बताया कि आयोजन के लिए विभागीय अधिकारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी तय कर दी गई है। विभिन्न समितियां मंच प्रबंधन, प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पंजीकरण और स्वागत व्यवस्था संभालेंगी। शिक्षा विभाग, वल्लभ महाविद्यालय, नगर निगम और ग्रामीण विकास विभाग भी सहयोग कर रहे हैं। उत्सव में 18 स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्थानीय व्यंजनों के स्टॉल और बच्चों के लिए फन गेम्स की व्यवस्था की गई है।

### आईटीआई जोगिंद्रनगर में अप्रेंटिस साक्षात्कार 14 को

**अभिषेक, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** आईटीआई जोगिंद्रनगर में 14 अक्तूबर को जेएसडब्ल्यू. हाइड्रो एनर्जी लिमिटेड द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं को कुक, कारपेंटर, प्लंबर, फिटर, वेल्डर और ग्राइंडरमैन जैसे पदों पर अप्रेंटिस के रूप में चयनित होने का मौका मिलेगा। चयनित प्रशिक्षुओं को ₹10,000 मासिक मानदेय के साथ ₹1,500 की सरकारी सब्सिडी, निःशुल्क भोजन, आवास और परिवहन की सुविधा भी मिलेगी। आईटीआई की प्रधानाचार्य इंजीनियर नवीन कुमारी ने इस अवसर को प्रशिक्षुओं के लिए महत्वपूर्ण बताया और जे.एस.डब्ल्यू. हाइड्रो एनर्जी लिमिटेड के प्रबंधक दिवाकर सिंह का सहयोग के लिए धन्यवाद जताया।

### हिम आंचल पेंशनर्स संघ की बैठक 9 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ इकाई जोगिंद्रनगर चौंतड़ा खंड की मासिक बैठक 9 अक्तूबर को मिनी सचिवालय जोगिंद्रनगर के सभागार में पूर्वाह्न 11 बजे आयोजित की जाएगी। संघ के महासचिव रमेश पठानिया एवं वित्त सचिव रविंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में पेंशनरों के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही जिला एवं राज्य स्तरीय संगठन की गतिविधियों पर भी मंथन होगा।उन्होंने सभी पेंशनर साथियों से भारी संख्या में उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

# नशे के हॉटस्पॉट की सूचना सीधे उपायुक्त या एसपी मंडी को करें



अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

- विद्यालयों के आसपास पुलिस ने कड़ी निगरानी तेज की
- थाना स्तर पर नशा निवारण समितियां पुनः सक्रिय

मंडी में जिला स्तरीय नार्को को-ऑर्डिनेशन सेंटर (एनकार्ड) की बैठक में उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि अब नागरिक नशे के संवेदनशील स्थानों की जानकारी सीधे ईमेल या व्हाट्सएप नंबर 9317221001 पर भेज सकते हैं। सूचना में केवल स्थान का उल्लेख होगा, किसी व्यक्ति के नाम की आवश्यकता नहीं। यह जानकारी गोपनीय रखी जाएगी।

पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ने बताया कि चिट्टा तस्करी पर रोक लगाने के लिए स्कूलों और कॉलेजों के आसपास विशेष निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। निकटवर्ती दुकानों की आकस्मिक जांच की जा रही है ताकि युवाओं को नशे से दूर रखा जा सके। साक्षी वर्मा ने बताया कि प्रत्येक थाना क्षेत्र में नशा निवारण समितियां फिर से सक्रिय कर दी गई हैं। नागरिक इन समितियों को भी नशे के हॉटस्पॉट की सूचना दे सकते हैं ताकि वहां समर्पित गश्त लगाई जा सके।

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि नशे की रोकथाम केवल कानून का मामला नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। प्रशासन, पुलिस और अन्य विभाग मिलकर नशा मुक्त मंडी बनाने के लिए अभियान को और प्रभावी बनाएंगे।

# शरारती तत्वों ने अध्यापिका की कार और पंचायत चौकीदार की बाइक की क्षतिग्रस्त

रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान




- तीन अक्तूबर की रात को हुई घटना, पुलिस में शिकायत दर्ज

**बरोट।** चौहार घाटी की लपास पंचायत में बीती तीन अक्तूबर की रात को शरारती तत्वों ने जमकर उत्पात मचाया। इस घटना में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लपास में कार्यरत अध्यापिका शिल्पा ठाकुर की आल्टो कार और पंचायत चौकीदार की बाइक को लकड़ियों व पत्थरों से बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया। शिल्पा ठाकुर, पत्नी राकेश कुमार, ने बताया कि उन्होंने अपनी गाड़ी एचपी 29ए 0781 को क्वार्टर से करीब 100 मीटर की दूरी पर सड़क किनारे खड़ा किया था। उसी रात करीब सवा ग्यारह बजे कशामल गाँव के राम प्रकाश ने सूचना दी कि उनकी गाड़ी सड़क के बीच में टूटी हालत में खड़ी है, जिससे सड़क मार्ग भी अवरुद्ध हो गया। स्थानीय लोगों के साथ घटनास्थल पर पहुँचने पर उन्होंने देखा कि गाड़ी के सारे शीशे टूटे थे और छत को भारी नुकसान हुआ था। गाड़ी अपनी जगह से हटकर बीच सड़क में पाई गई। उसी रात चौकीदार की बाइक को भी क्षतिग्रस्त किया गया। शिल्पा ठाकुर ने बताया कि करीब दो वर्ष पहले उनके पति की गाड़ी को भी इसी प्रकार नुकसान पहुंचाया गया था। उन्होंने इस संबंध में पुलिस चौकी टिक्कन में रिपोर्ट दर्ज करवा दी है और प्रशासन से मांग की है कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाए।

# जोगिंद्रनगर में रोटरी क्लब का ई-लर्निंग प्रोजेक्ट शुरू

- डिजिटल शिक्षा से बढ़ेगा छात्रों का उत्साह व प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय बाल पाठशाला जोगिंद्रनगर में रोटरी क्लब की पहल से लगभग 397 विद्यार्थियों के लिए डिजिटल शिक्षा का नया युग शुरू हुआ है। स्मार्ट कक्षाओं में स्थापित इस प्रोजेक्ट के जरिए छात्रों को आधुनिक तकनीक से पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा। रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर के सचिव अधिवक्ता रणजीत चौहान और पूर्व असिस्टेंट गर्वनर अजय ठाकुर ने बताया कि यह पहल नई शिक्षा नीति के तहत डिजिटल शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई है। इससे छात्रों का सीखने का अनुभव बेहतर होगा और वे उत्कृष्ट परिणाम देंगे। रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉ. चंद्रभूषण शर्मा ने बताया कि यह सुविधा पहले से ही अन्य स्कूलों में भी उपलब्ध कराई जा चुकी है। अब इसे और स्कूलों तक पहुंचाने का काम जारी है, जिससे क्षेत्र के सभी छात्र लाभान्वित होंगे।

# सरकार मलबे में धंसे लोगों की लाशें निकालने के लिए भी नहीं बनने दे रही सड़क : जयराम ठाकुर



नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान

- धरबार थाच व बागा चुनोगी में आपदा प्रभावितों से की मुलाकात

**बालीचौकी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सराज विधानसभा क्षेत्र के धरबार थाच और बागा चुनोगी गांव का दौरा कर आपदा प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ितों का हाल जाना और उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने पांडव शिला-धार सड़क को जबरन विवादित बनाने और स्थानीय कांग्रेस नेता के इशारे पर सड़क निर्माण रोकने को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार मलबे में धंसे लोगों की लाशें निकालने के लिए भी सड़क बनने नहीं दे रही है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि जहां आपदा में लाशें मलबे में दबी हैं, वहां सरकार राहत कार्यों में बाधा डाल रही है। स्थानीय लोग अपनी मदद से सड़क बना रहे थे, लेकिन प्रशासन ने मशीन जब्त कर पंचायत प्रधान पर एफआईआर कर दी। उन्होंने कहा कि एक बच्चा ढांक से गिरकर घायल हो गया, लेकिन सड़क नहीं होने से एंबुलेंस तक नहीं पहुंच सकी। यह सरकार की अमानवीयता और संवेदनहीनता को दर्शाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार जनता पर तानाशाही थोपेगी, तो विपक्ष भी सड़क से सदन तक संघर्ष करेगा।

इस दौरान जयराम ठाकुर अपने गोद लिए स्कूल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बागा चुनोगी भी पहुंचे, जहां उन्होंने बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि छात्रों के बीच जाना हमेशा भावुक करता है और बचपन की यादें ताजा हो जाती हैं। उन्होंने छात्रों को मेहनत से पढ़ाई कर प्रदेश और देश का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं।

# तीन प्रमुख परियोजनाओं को भारत सरकार से मिली अंतिम स्वीकृति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) के अंतर्गत लंबित मामलों की मासिक समीक्षा बैठक सोमवार को वीसी रूम में आयोजित की गई। बैठक में मंडी वन वृत्त से संबंधित कुल 96 मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई, जिनमें न्यायिक विभाग के 9, परिवेश पोर्टल 1.0 के 36, पोर्टल 2.0 के 24, 13 निजी परियोजनाएं तथा 24 ऑफलाइन मामले शामिल रहे। उपायुक्त देवगन ने बताया कि समीक्षा अवधि में तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को भारत सरकार से स्टेज-द्वितीय की अंतिम स्वीकृति प्राप्त हुई है। इनमें लोक निर्माण विभाग जोगिन्द्रनगर की भरारू-बनोगी सड़क, कृषि विभाग का मृदा संरक्षण कार्यालय भवन बगस्याड़ और नेरचौक डिवीजन की सिद्धकोठी सड़क परियोजना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि 17 मार्च 2023 से अब तक मंडी वन वृत्त के अंतर्गत कुल 30 एफसीए मामलों को अंतिम स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, जो विभागों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। उपायुक्त ने सभी उपयोगकर्ता एजेंसियों को लंबित अनुपालनों को शीघ्र पूर्ण करने और पोर्टल पर अद्यतन जानकारी अपलोड करने के निर्देश दिए। बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विवेक कायस्थ, डीएफओ अंबरीश शर्मा, बसु डोगर, केबी नेगी, अश्विनी कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन शुरू, 8 से 17 तक दायर किए जा सकेंगे ऑब्जेक्शन और क्लेम

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

- पंचायत चुनावों को लेकर 13 नवंबर को जारी होगी मतदाताओं की अंतिम सूचीः बीडीओ

हिमाचल प्रदेश में आगामी पंचायती राज चुनावों को लेकर चुनावी प्रक्रिया का दौर जारी है। वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन के लिए आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में मतदाताओं द्वारा अधिक से अधिक संख्या में भाग लिया है।



वहीं विभाग द्वारा अब इन वोटर लिस्ट को लेकर 8 से 17 अक्तूबर तक लोग संबंधित ग्राम पंचायत में अपने ऑब्जेक्शन और क्लेम दायर कर सकते हैं। इसके उपरांत रिवाइजिंग अथॉरिटी यानी खंड विकास अधिकारी कार्यालय द्वारा ऑब्जेक्शन और क्लेम पर निर्णय लिया जाएगा।

जानकारी देते हुए खंड विकास अधिकारी सुंदरनगर विवेक चौहान ने कहा कि पंचायत चुनावों में नया वोट बनाने के लिए प्रारूप-2 सभी पंचायतों को दे दिया गया है। इसके साथ मतदाता का जन्म प्रमाण पत्र और एक पासपोर्ट साइज फोटो लगाना अनिवार्य रहेगा। उन्होंने कहा कि नए मतदाता ने एक अक्तूबर 2025 तक 18 वर्ष की आयु पूरी की होनी चाहिए। वोटर लिस्ट में छूटा हुआ मतदाता भी इसी प्रारूप पर आवेदन कर सकता है। विवेक चौहान ने कहा कि इसी व्यक्ति द्वारा ऑब्जेक्शन फाइल करने के लिए प्रारूप-3 के साथ वैध प्रमाण पत्र के साथ आवेदन कर सकता है। वोटर लिस्ट में त्रुटि को दुरुस्त करने के लिए प्रारूप-4 के माध्यम से प्रमाणपत्र के साथ आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 27 अक्तूबर तक लोगों के ऑब्जेक्शन और क्लेम को निर्धारित किया जाएगा। वहीं अगर किसी व्यक्ति को रिवाइजिंग अथॉरिटी के फैसले पर कोई आपत्ति होने की सूरत में उपायुक्त के समक्ष 3 नवंबर तक अपील दायर कर सकता है। इसके उपरांत अपीलीय अधिकारी द्वारा 10 नवंबर तक निर्णय लेकर 13 नवंबर तक अंतिम वोटर लिस्ट को प्रकाशित कर दिया जाएगा। विवेक चौहान ने सभी लोगों से चुनावी प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

## टूर्नामेंट सुंदरनगर में जिला स्तरीय बालिका खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

# खेल व शिक्षा दोनों ही आवश्यक: सोहन लाल

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर


खेलकूद प्रतियोगिता का पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर शुभारंभ करते हुए।

- पूर्व सीपीएस ने किया खेल महाकुंभ का शुभारंभ
- 18 जोन की 450 छात्रा खिलाड़ी दिखाएंगी प्रतिभा
- सुंदरनगर कन्या स्कूल को मिला सीबीएसई पैटर्न का दर्जा

सुंदरनगर के कन्या स्कूल में जिला स्तरीय अंडर-19 छात्राओं की तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का सोमवार को पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत करते हुए शुभारंभ किया गया। जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में 18 जोन की 450 छात्रा खिलाड़ी भाग ले रही है।

मुख्यतिथि पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर का खेलकूद प्रतियोगिता के आगाज कार्यक्रम में पधारने पर आयोजकों ने जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए सम्मानित किया गया।

पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने अपने संबोधन में अंडर -19 खेलकूद प्रतियोगिता में भाग ले रही प्रतिभागी खिलाड़ी छात्राओं को बधाई देते हुए सभी को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की बात कही।उन्होंने कहा कि स्कूलों में शिक्षा के साथ साथ खेलकूद प्रतियोगिता भी सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जहां पर एक तरफ शिक्षा शैक्षणिक क्षेत्र में विद्यार्थियों का विकास करता है वही पर खेलकूद गतिविधियां विद्यार्थियों को शारिरिक रूप से स्वस्थ व चुस्त दुरुस्त रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के ढांचे को सदृढ़ करने का कार्य किया है जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश में शिक्षा का स्तर सशक्त और मजबूत हुआ है। वर्ष 2025 में हुए राष्ट्रीय शिक्षा सर्वे में हिमाचल प्रदेश को देश मे तीसरे स्थान पर काबिज हुआ है जो वर्ष 2021 में भाजपा कार्यकाल में हुए सर्वे में 21वें नंबर पर था।

प्रदेश का 21वें नंबर से सीधे तीसरे स्थान पर पहुंचने इस बात का स्पष्ट संकेत है कि प्रदेश कांग्रेस सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्ण सुधार कार्य किया है ।वही साक्षरता में भी प्रदेश 99 प्रतिशत साक्षर प्रतिशत के साथ देश भर में प्रथम स्थान पर साक्षर राज्य बना है। प्रदेश सरकार ने 100 सरकारी स्कूलों में हाल ही में सीबीएसई पैटर्न से पढ़ाई शुरू करने की अधिसूचना जारी की है और जिसमें सुंदरनगर के पीएम श्री राजकीय कन्या उत्कृष्ट माध्यमिक पाठशाला सुंदरनगर शामिल है जहां पर यह अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

# जातिगत प्रताड़ना से बालक की आत्महत्या पर माकपा और दलित मंच का फूटा गुस्सा


एसडीएम सरकाघाट को ज्ञापन सौंपते हुए माकपा व दलित शोषण मुक्ति मंच के प्रतिनिधि।

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

तहसील चिड़गांव (रोहडू) के गांव जांगला में 12 वर्षीय दलित बच्चे द्वारा कथित जातिगत प्रताड़ना के चलते आत्महत्या की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। इस गंभीर घटना के विरोध में कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) लोकल कमेटी सरकाघाट और दलित शोषण मुक्ति मंच ने सोमवार को एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में संगठन ने इस घटना को सभ्य समाज पर कलंक बताते हुए, अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। इसके साथ ही, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता, सुरक्षा व मनोवैज्ञानिक परामर्श देने की अपील भी की गई। संगठनों ने कहा कि यह केवल एक बालक की नहीं, बल्कि समूचे दलित समुदाय की पीड़ा है। उन्होंने सरकार को चेताया कि यदि निष्पक्ष और त्वरित कार्रवाई नहीं हुई, तो वे जन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

प्रतिनिधियों ने यह भी सुझाव दिया कि स्कूलों में जातीय भेदभाव के विरुद्ध विशेष जागरूकता अभियान चलाए जाएं। ज्ञापन सौंपने वालों में सुरेश शर्मा, नानक चंद भारद्वाज, दिनेश काकू, भगवान दास, दीप संधू सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।


कुल्लू दशहरा
देवमहाकुंभ
अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा


आभार
हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा है भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।
कमलेश वर्मा ( परी)
प्रभारी कुल्लू एवं लाहुल स्पीति
मो. 97360-75360,86298-97600


सभी देश व प्रदेश वासियों को देव मानस मिलन के महाकुंभ अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
एल.आर. गुलशन
प्रदेशाध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ



एनएचपीसी
NHPC
एन एच पी सी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उद्यम)
NHPC Limited
(A Government of India Navratna Enterprise)
50 Years
अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा - 2025
की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ व बधाई
बांध
विद्युत गृह
पार्बती-III पावर स्टेशन (520 मेगावाट)
बिहाली, जिला - कुल्लू (हिमाचल प्रदेश)
https://www.facebook.com/NHPCIndiaLimited
https://www.twitter.com/nhpcltd
https://www.instagram.com/nhpclimited


GVS
अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं
Global Village School
Hurla, Kullu
Principal - Ganesh Bhardwaj, Mob. 9736500069


जलशक्ति विभाग कुल्लू
की ओर से
देवमहाकुंभ
अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव
की हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
'जल है तो कल है'
'जल का हम समझें मोल मिले सहज पर है अनमोल'
अमित मिरुपा
अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग
कुल्लू डिवीजन


हिम - प्राकृतिक
Him-Bhog
हिम चक्की आटा
प्राकृतिक खेती की सौगात
हिम चक्की आटा
हिम दलिया
सौजन्य – आतमा परियोजना, जिला कुल्लू (हि.प्र.)


प्राकृतिक खेती की ओर हिमाचल
हिमाचल सरकार का ऐतिहासिक कदम
हिमाचल सरकार देश की पहली ऐसी सरकार है, जिसने प्राकृतिक खेती से उत्पादित अनाजों और उत्पादों के लिए सर्वाधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) निर्धारित किया है।
गेहूं 60 प्रति किलोग्राम
मक्की 40 प्रति किलोग्राम
90 कच्ची हल्दी प्रति किलोग्राम
जौ 60 प्रति किलोग्राम
सौजन्य - आतमा परियोजना जिला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश


CIS Cambridge
INTERNATIONAL SCHOOL
KULLU
Wishing you all
A Happy Dussehra
+91 89881 55550
www.cisk.co.in


एपीएमसी कुल्लू एवं लाहुल स्पीति
की ओर से देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सुखविन्द्र सिंह सुक्खू
माननीय मुख्यमंत्री
हि.प्र.
राम सिंह मियां
चेयरमैन एपीएमसी
कुल्लू एवं लाहुल स्पीति


KULLU CONVENT SR.SEC.SCHOOL
कुल्लू कॉन्वेंट स्कूल
की ओर से आप सभी को
कुल्लू दशहरे
की हार्दिक
शुभकामनाएं
यह पावन पर्व हमें सत्य की विजय, धर्म की रक्षा और जीवन में अच्छाई के महत्व की याद दिलाता है।
+91 94182-80777 ,+91 62305-95077
Either Near College Gate or Behind Gaur Niwas Dhalpur Kullu


(ISO 9001-2015 Certified)
अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं
Bhuttico
KULLU SHAWLS
SHAWLS,MUFFLERS,CAPS AND OTHER HANDMADE GARMENTS
AVAIL 10% SPECIAL REBATE
(EXCEPT PLAIN SHAWLS,CAPS & PULLAH)
FROM 2 OCT 2025 TO 2 NOV 2025
ON ALL SHOWROOMS & DUSSEHRA EXIBITION STALL
BHUTTI WEAVERS HANDLOOM & HANDICRAFTS CO-OP SOCIETY LTD.
BHUTTI COLONY KULLU (H.P.) PH.01902-260079
E-mail:bhutticoshawls@gmail.com WebSite:bhutticoshawl.com


देव- मानस महामिलन
अंतरराष्ट्रीय
दशहरा उत्सव
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
बीएस नेगी अधिशाषी अभियंता लोनिवि कुल्लू डिवीजन


विद्युत बोर्ड
कुल्लू एवं लाहुल स्पीति वृत
की ओर से
देवमहाकुंभ
अंतर्राष्ट्रीय दशहरा उत्सव
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
'बिजली बचाओ देश बचाओ'
आरएस ठाकुर
अधीक्षण अभियंता विद्युत बोर्ड
कुल्लू एवं लाहुल स्पीति वृत


देव-मानस मिलन अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
'बिजली बचाओ देश बचाओ'
वीरेंद्र शर्मा
अधिशाषी अभियंता विद्युत बोर्ड कुल्लू

# इंसान की भांति देवताओं की भी आपस में बंधी है रिश्तों की डोर

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** इंसान ही नहीं, बल्कि देवी-देवताओं की भी आपस में रिश्तों की डोर बंधी होती है। इसका उदाहरण अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा में बखूवी देखने को मिल रहा है। देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में आज भी देव संस्कृति के बूते पूरी दुनिया में अपनी अनूठी मिसाल पेश करने वाले कुल्लू में देवताओं की रिश्तेदारी प्रथा आज तक कायम है। जिसका आज तक देवी-देवता बखूवी निर्वहन कर रहे हैं। लिहाजा, आम आदमी की तरह देवता भी आपस में रिश्ते की डोर से बंधे हुए हैं। लगघाटी के कतरूसी नारायण को जहां देवताओं के दादा की उपमा दी गई है। वहीं, राक्षसी प्रवृति को त्याग कर देवी बनी मनाली की आराध्य देवी माता हिडिंबा को देवताओं की दादी कहा जाता है।

बाह्य सराज के टकरासी नारायण का खुडीजल देवता के साथ मामा-भानजे के संबंध से भी हर कोई वाकिफ है। जिले में जब भी कोई धार्मिक आयोजन होते हैं, तो यह देवता भी रिश्तेदारी प्रथा को आपसी मिलन के जरिए निभाते हैं। हालांकि, देवताओं के दादा कतरूसी नारायण दशहरा उत्सव में शरीक नहीं होते हैं, लेकिन देवताओं की दादी का दशहरा में अपना महत्वपूर्ण स्थान है, उन्हीं के आगमन से ही दशहरा की देव परंपराओं का आगाज माना जाता है। बाकायदा इसके लिए रघुनाथ जी के छड़ीबरदार या उनकी छड़ी को सम्मानपूर्वक लाने के लिए रामशिला तक जाना पड़ता है। शिवजी के कोप भाजन के कारण धूप के समय न निकलने वाली भेखली की माता जगरनाथी का भी सम्मान किया जाता है, तभी तो रथयात्रा सूर्य अस्त के बाद निकाली जाती है।

कुल्लू घाटी के चप्पे-चप्पे में देवताओं का वास माना जाता है। देवता शृंगा ऋषि को राजा दशरथ के पुत्रेष्टि यज्ञ करवाने का गौरव प्राप्त है, बालू नाग लक्ष्मणावतार माने जाते हैं। महर्षि वेद ब्यास में जहां विश्व के सबसे प्राचीनतम वेद ऋग्वेद की ऋचाओं को संकलित किया। वहीं, देवताओं की धर्म संसद भी जगतीपट्ट में है, जब भी देवी-देवताओं या आम समाज के कोई निर्णय होते हैं, तो उनका सर्वमान्य फैसला यहीं से होता है। मलाणा में देवता जमदग्नि ऋषि स्थित है, जिनकी विश्व में अपनी तरह की अदालत लगती है। यह लोग आज भी इसका निर्वहन कर रहे हैं। कुल्लू की देव प्रथा प्राचीन काल से चली आ रही है। यहां यक्ष, गंधर्व, किन्नर सहित विभिन्न देवताओं के देव रथ हैं, जो आपस में किसी न किसी तरह से जुड़े हैं, जिसे देव समाज ने रिश्तेदारी प्रथा से जोड़ा है। प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. सूरत ठाकुर के अनुसार देवताओं की रिश्तेदारी प्रथा को नकारा नहीं जा सकता, विभिन्न मेलों-त्योहारों पर इसकी झांकी दृष्टिगोचर होती है।



अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में भगवान शिव का पूरा परिवार एक साथ मौजूद।

## शिव का पूरा परिवार रहता है मौजूद

**यही** नहीं, अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में हर साल शिव भगवान का पूरा परिवार एक स्थान पर मौजूद होता है। इसमें खराहल घाटी के आराध्य देव बिजली महादेव, चौंग की माता पार्वती, ऊझी घाटी के घुड़दौड़ का गणेश व उनके भाई मनाली से कार्तिक स्वामी शामिल हैं। लोग शिवजी से मन्नत मांगने के लिए इन सभी देवताओं के दर्शन करते हैं। शिवजी का पूरा परिवार हर साल एक ही स्थान पर रहते हैं और पूजा का विधि-विधान भी इनके पास एक ही तरह का है। इसी कड़ी में इस बार भी शिव भगवान का पूरा परिवार उत्सव में भाग ले रहा है।

## इंसान की तरह रूठते-मनाते हैं देवता

**ढोल**-नगाड़ों की ताल पर झूमते हुए देवता जब आपस में मिलते हैं, तो रिश्तों की गर्माहट व संवेदना का अहसास होता है। वहीं पर किसी बात पर देवता का रूठना व अचानक आगे बढ़ने से इंकार करना भी देवता के मानवीयकरण के पक्ष को उजागर करता है। क्योंकि पहाड़ का देवता दूसरे लोक का वासी नहीं है जो अदृश्य होता है। बल्कि वह भी मानव की तरह आपसी रिश्तों की डोर में बंधा हुआ है।

# अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में बारिश ने डाला खलल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में इस बार बारिश ने खलल डाल दिया है। गत दिन जहां रिमझिम बारिश की फुहारें बरसी थी। वहीं, सोमवार सुबह से लेकर रात तक लगातार बारिश का क्रम जारी रहा, जिस कारण पूरी कुल्लू घाटी शीतलहर की चपटे में आ गई है। लगातार हो रही बारिश से ढालपुर में विराजमान देवी देवताओं के अस्थायी शिविरों में रह रहे देवलुओं व हारियानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

अस्थायी शिविरों में बारिश से बचने के लिए प्रशासन की ओर से किसी भी तरह की व्यवस्था नहीं की गई है। देवलुओं के अनुसार जिला प्रशासन की ओर से देवी देवताओं के लिए टेंट या बारिश से बचने के लिए किसी तरह की व्यवस्था की गई है । बारिश के कारण देवी देवताओं के अस्थायी शिविरों के अलावा बजंतरियों के शिविर और रसोई घर के लिए लगाए गए टेंट में पानी आ रहा है। लगातार हो रही बारिश से देवलुओं को टेंट में जहां दिक्कत तो हो ही रही है, वहीं, उत्सव स्थलों में सभी जगह पानी और कीचड़ भरा पड़ा है जिससे लोगों को चलने में भी दिक्कत हो रही है।

## बारिश में भी कम नहीं हुई आस्था

बारिश में भी बखूबी देव परंपराओं का निर्वहन हो रहा है। दो दिनों से हो रही बारिश भी भक्तों का उत्साह कम नहीं कर सकी। सुबह शाम जहां अस्थायी शिविरों में पूजा अर्चना का दौर जारी है वहीं देवी देवताओं के यहां जिला सहित देश-विदेश के पर्यटक आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं। इस बार 300 के करीब देवी देवता दशहरा में पहुंचे हैं।

# कुमार साहिल के गानों पर झूमा पंडाल





अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव की चौथी सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते लोक कलाकार।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा की चौथी सांस्कृतिक संध्या में हिमाचली स्टार कलाकार कुमार साहिल के नाम रही। कला केंद्र के मंच पर स्टार कलाकार ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से दर्शकों को खूब झुमाया। सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ साढ़े चार बजे बैंड की प्रस्तुति से हुआ। सांस्कृतिक संध्या में मुख्यातिथि के रूप में विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने शिरकत की। सांस्कृतिक संध्या में कलाकेंद्र के मंच पर प्रदेशभर के कलाकारों ने अपनी अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। कलाकारों ने कुल्लवी, हिंदी, चंबयाली, पंजाबी व फिल्मी गीतों व नृत्यों की प्रस्तुतियों से संध्या को आकर्षक बनाया। इसके बाद स्थानीय कलाकार कर्ण कोंडल, पंडित देवव्रत, गौरी, निशिता, अनिल कुमार, विजय गुलशन, खूब राम, धर्म, संजय चौहान, ओम प्रकाश, शिवम, हरि कृष्ण शर्मा, सतपाल बंसल, चमन लाल, अर्जुन ठाकुर, आशा कंवर, चिंता ठाकुर, मारिया, रंजना कुमारी, बीके चौहान, राजेंद्र वर्मा, कुसुम संजीव दीवान ने भी प्रस्तुति दी, जबकि इस मौके पर लोक गायक किशन वर्मा, हेमंत शर्मा, विशाल जंबाल, ममता भारद्वाज ने भी कुल्लवी गाने पेश कर दर्शकों को झूमने पर विवश किया तथा दशहरा उत्सव की चौथी सांस्कृतिक संध्या स्टार कलाकार कुमार साहिल के नाम रही। दशहरा उत्सव की चौथी सांस्कृतिक संध्या में मुख्यातिथि मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने सहित डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश, पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन, एडीएम अश्वनी कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रोहतांग सहित बारालाचा व शिंकुला दर्रे में भारी हिमपात

## हिमपात के कारण दारचा में फंसे लेह व जांस्कर जाने वाले वाहन, सेब की फसल के लिए आफत बने बर्फ के फाहे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो कुल्लू/केलांग**

जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति में सोमवार को भी बारिश व बर्फबारी का दौर लगातार जारी रहा।

कुल्लू जिला की ऊंची चोटियों सहित मनाली में भी बर्फ के फाहे गिरे। वहीं रोहतांग सहित लाहौल-स्पीति जिले के बारालाचा व शिंकुला दर्रे में गत रात से भारी बर्फबारी हो रही है। इन दर्रे में आधा फुट से अधिक बर्फबारी हो चुकी है। बारिश व बर्फबारी के कारण दोनों जिले ठंड की चपेट में आ गए हैं। बर्फबारी के कारण फंसे लेह व जांस्कर जाने वाले वाहन दारचा में फंस गए हैं, जबकि लेह से मनाली आ रहे वाहन भी उपसी व सरचू में फंस गए हैं। रविवार को भी भारी हिमपात का क्रम शुरू हुआ था, लेकिन रोहतांग दर्रे के बजाए शिंकुला व बारालाचा दर्रे में हिमपात कम होने से दोपहर बाद वाहन अपने गंतव्यों की ओर रवाना हो गए थे। सोमवार को हिमपात की रफ्तार तेज होने से आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई है।



जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति में सोमवार को भी बारिश व बर्फबारी का दौर लगातार जारी रहा।

### पर्यटकों के लिए रोहतांग बंद

**पर्यटकों** की पहली पसंद रहने वाले रोहतांग दर्रे में सोमवार को भी वाहनों की आवाजाही बंद है। आज भी सभी वाहनों को गुलाबा में रोका गया है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि रोहतांग दर्रे में भारी हिमपात हो रहा है। उन्होंने पर्यटकों से आग्रह किया कि पर्यटन स्थल गुलाबा से आगे न जाएं। उन्होंने बताया कि दर्रे पर पर्यटकों की आवाजाही मौसम पर निर्भर रहेगी।

### सरचू की अस्थायी चौकी जिस्पा में स्थापित

**लेह** लद्दाख के लिए आने-जाने वाले वाहन चालकों सहित पर्यटकों की मदद के लिए सरचू में स्थापित अस्थायी चौकी को लाहौल-स्पीति पुलिस ने जिस्पा में स्थापित कर दिया है। हिमपात की रफ्तार तेज होती देख पुलिस जवान सरचू से दारचा आ गए हैं। पुलिस चौकी के हट जाने से लेह लद्दाख की ओर सफर करने वालों के लिए अब जोखिम बढ़ गया है। हालांकि, सरचू में कुछ एक ढाबे व बीआरओ का अस्थायी ट्रांजिट कैंप अभी सहारा बने हुए हैं, लेकिन अब पुलिस जवानों के न होने से उनकी दिक्कत बढ़ेगी। अब वाहन चालकों को अधिक सावधानी पूर्वक लेह मार्ग पर सफर करना होगा।

### हिमपात बढ़ा रहा दिक्कत

**लाहौल** घाटी में सेब की फसल के लिए बर्फ के फाहे आफत बन गए है। हिमपात होने से सेब से लदे पेड़ों की टहनियों के टूटने का खतरा बना हुआ है। बागवान अजीत, पलजोर, अशोक व दोरजे ने बताया कि घाटी में लगातार बर्फ के फाहे गिर रहे है। उन्होंने बताया कि क्रम ऐसा ही रहा तो उनकी परेशान बढ़ सकती है। उन्होंने बताया कि पहले बरसात के कारण सब्जियां मंडियों में नहीं पहुंच पाई, अब हिमपात उनकी दिक्कत बढ़ा रहा है।

# चारों विधानसभा क्षेत्रों में चलाया जाएगा वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान शुरू कर दिया गया है।

वहीं, जिला कुल्लू के चारों विधानसभा क्षेत्र में भी इस अभियान के तहत 2000 नए कार्यकर्ता जोड़े जाएंगे। इसके अलावा हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जाएगा। ढालपुर में पत्रकारों को जानकारी देते हुए मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की ओर से करवाई गई जांच में खुलासा हुआ है कि किस तरह भारत के विभिन्न राज्यों मेंवोट की चोरी हुई, लेकिन चुनाव आयोग सच्चाई जनता के सामने लाने में विफल रहा है। एक ही घर के पते पर सत्तर से भी अधिक मतदाता पंजीकृत हुए, लेकिन यह कैसे संभव हुआ इसे बताने में चुनाव आयोग अक्षम साबित हुआ है। जब तक चुनाव आयोग स्वयं मीडिया के समक्ष आकर सच्चाई जनता के सामने नहीं रखता तब तक कांग्रेस का यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि कांग्रेस जिला कुल्लू के चारों विधानसभा क्षेत्र में घर-घर दस्तक देकर भाजपा व चुनाव आयोग की सच्चाई जनता के समक्ष रखेगी।

विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने बताया कि आज देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए जनमत की रक्षा के लिए सभी को एकजुटता के साथ आना होगा। हरियाणा, महाराष्ट्र और कर्नाटक में भाजपा ने वोट चोरी कर सत्ता हासिल की है। कांग्रेस का यह भाजपा के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान एक जन जागरण अभियान बनाया जाएगा। प्रदेश में इस अभियान को तेज गति से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह हस्ताक्षर अभियान जिला, ब्लॉक से लेकर गांव-गांव तक जाएगा।

# 200 परिवारों को दी राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान, आनी।** सामाजिक संस्था श्रीखंड वेलफेयर एंड चैरिटेबल सोसायटी ने इस वर्ष प्राकृतिक आपदा से प्रभावित कुल्लू जिले के आनी व निरमंड खंड में 200 जरूरतमंद परिवारों तक राहत सामग्री पहुंचाई। संस्था के संस्थापक चंद्रेश ने बताया कि सोसायटी का उद्देश्य केवल सामाजिक उत्थान ही नहीं, बल्कि संकट के समय मानवता की सेवा करना भी है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष भी बागीपुल और समेज क्षेत्र में आपदा के दौरान संस्था ने गूंज संगठन के माध्यम से 200 से अधिक पीड़ित परिवारों तक राहत पहुंचाई थी और लगातार 10 दिनों तक बागीपुल में लंगर सेवा चलाई थी। सोसायटी के अध्यक्ष ईरिक कायथ ने कहा कि इस वर्ष हिमाचल प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा ने असंख्य परिवारों को तबाह कर दिया। कई घर मलबे में समा गए, खेती-बाड़ी और मवेशियों का भारी नुकसान हुआ। इस कठिन समय में संस्था ने फिर से आगे बढ़कर कंबल, तिरपाल, बिछौने, राशन और अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की।

# दशहरा उत्सव में होंगे जागरूकता कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कुल्लू, मंगलवार 7 अक्तूबर से अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के दौरान आपदा प्रबंधन के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक विशेष नुक्कड़ नाटक व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है।

इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य स्थानीय निवासियों को संभावित आपदाओं (जैसे-भू-स्खलन, भूकंप, बाढ़, आग, आदि) के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, प्राथमिक उपचार के तरीकों व सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने की प्रक्रिया के बारे में सरल और प्रभावी तरीके से शिक्षित करना है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग हिमाचल प्रदेश से संबद्ध सांस्कृतिक दल मन्नत कला मंच कुल्लू के ढालपुर मैदान में विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों का प्रदर्शन करेगा। इनमें 7 अक्तूबर को प्रथम कार्यक्रम लाल चंद प्रार्थी कला केंद्र में दोपहर 1:30 बजे तथा द्वितीय कार्यक्रम प्रदर्शनी स्थल में 3 बजे प्रस्तुत किया जाएगा। 8 अक्तूबर को प्रथम कार्यक्रम प्रदर्शनी मैदान में दोपहर बाद 2 बजे तथा द्वितीय कार्यक्रम 3 बजे रथ मैदान में किया जाएगा। जिला राजस्व अधिकारी गणेश ठाकुर ने बताया कि किसी भी आपदा का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए जागरूकता और तैयारी सबसे महत्वपूर्ण हथियार हैं। हमारा यह प्रयास है कि कला और मनोरंजन के माध्यम से लोगों के बीच यह संदेश गहरायी से पहुंचे। हम सभी नागरिकों से इस कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह करते हैं। हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एचपीएसडीएमए) 1 से 31 अक्तूबर तक अपना प्रमुख जन जागरूकता अभियान समर्थ-2025 आयोजित कर रहा है। एक महीने तक चलने वाला यह अभियान पूरे राज्य में आपदा तैयारी व सुरक्षित निर्माण प्रथाओं बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान देते हुए चलाया जाएगा।

# ग्राम पंचायत आनी में पार्किंग की नीलामी 14 अक्तूबर को

**अनंत ज्ञान, आनी।** ग्राम पंचायत आनी की पंचायत क्षेत्र में निर्मित पार्किंग की नीलामी 14 अक्तूबर को की जाएगी। पंचायत प्रधान लाल सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि नीलामी की प्रक्रिया पंचायत स्तर पर गठित समिति द्वारा पूरी की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति 14 अक्तूबर को दोपहर 12 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय आनी में पहुंचकर बोली में भाग ले सकते हैं। नीलामी में भाग लेने वाले को 10,000 की धरौहर राशि पंचायत के नाम जमा करवानी होगी। उन्होंने बताया कि पंचायत ने नीलामी की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली हैं।

# पंचायतों में निर्वाचन कार्य के लिए मतदाता सूचियों को तैयार करने के बारे में दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) व डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने जिले के सभी बीडीओ के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक कर पंचायतों में निर्वाचनकार्य के लिए मतदाता सूचियों को तैयार करने के बारे में निर्देश दिए।

इस संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन 2025-26 के लिए मतदाता सूचियों को तैयार करने के लिए कार्यक्रम जारी किया है। इसमें जिला कुल्लू की समस्त ग्राम पंचायतों में सामान्य निर्वाचन 2025-26 के लिए 1 अक्तूबर 2025 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन 6 अक्तूबर होगा, पुनर्निरीक्षण प्राधिकारी के समक्ष दावे व आपत्तियां दर्ज करने की अवधी 8.10.2025 से 17.10.2025 तक रहेगी। पुनर्निरीक्षण प्राधिकारी द्वारा दावों व आपत्तियों पर निर्णय लेने की अवधि दावे व आपत्तियां दाखिल करने के दस दिनों के भीतर रहेगी अर्थात 27.10.2025 तक। अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील दायर करने की अवधि पुनर्निरीक्षण प्राधिकारी द्वारा पारित आदेश से सात दिनों के भीतर अर्थात 3.11.2025 तक रहेगी।

उन्होंने बताया कि अपीलीय प्राधिकारी द्वारा अपीलों पर निर्णय लेने की अवधि अपील दायर करने के सात दिनों के भीतर अर्थात 10.11.2025 तक रहेगी तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 13 नवंबर को या उससे पहले किया जाएगा। उन्होंने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त पंचायतों की मतदाता सूचियों में नाम सम्मिलित करना हो या कोई दावा या आक्षेप हो तो संबंधित खंड विकास अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। दावे या आक्षेप प्रस्तुत करने के लिए निर्धारित प्रपत्र ग्राम पंचायत तथा खंड विकास अधिकारी के कार्यालयों में निशुल्क उपलब्ध होंगे।

**आयोजन** लाहौल-स्पीति में डीसी की अध्यक्षता में शीतकालीन तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

# किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से रहें तैयार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति जिला मुख्यालय के डीसी कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में शीतकालीन तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता उपायुक्त किरण भड़ाना ने की। यह बैठक आगामी सर्दियों में जिले में संभावित चुनौतियों का सामना करने और समय पर समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

डीसी ने सभी विभागों को आगामी मौसम की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए सघन व प्रभावी तैयारियां करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से थिरोट पावर प्रोजेक्ट की डी-सिल्टिंग को प्राथमिकता देने को कहा, ताकि भारी बर्फबारी के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित न हो और जनता को बिजली की निरंतर सुविधा मिलती रहे। सीमा सड़क संगठन व लोक निर्माण विभाग को बर्फबारी के दौरान सड़कें खुली रखने के लिए मशीनों की तैनाती, रख-रखाव व त्वरित सेवा प्रदान करने की तत्परता पर बारीकी से जानकारी ली गई। विभाग को कहा गया कि वे किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार रहें। खाद्य आपूर्ति विभाग को आवश्यक खाद्यान्न और राहत सामग्री को भंडारित करने के लिए कहा गया, जिससे जरूरतमंदों को समय पर मदद मिल सके।



डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना बैठक के दौरान चर्चा करती हुईं।

### ईंधन लकड़ी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

**शिक्षा** विभाग को स्कूलों में भोजन के लिए पर्याप्त राशन स्टॉक करने के साथ-साथ ईंधन लकड़ी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि बच्चों को शीतकाल में कोई असुविधा न हो। स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दवाओं, विटामिन्स व आपातकालीन चिकित्सा सामग्री की पर्याप्त संख्या में स्टॉक रखने के आदेश दिए गए।

### जागरूकता शिविर किए जाएंगे आयोजित

**जिला** प्रशासन द्वारा संचालित समार्थ कार्यक्रम के तहत विभिन्न जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें स्थानीय नागरिकों को आपातकालीन स्थितियों में सुरक्षित रहने, बचाव कार्यों में सहयोग देने और मौसम के प्रति सतर्क रहने की जानकारी दी जाएगी। आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र सिस्सु, दारचा, मियाड़ एवं कोक्सार जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में स्थापित किए जाएंगे, जहां राहत सामग्री, पौष्टिक राशन किट्स, आवश्यक उपकरण और बचाव सामग्री उपलब्ध रखी जाएगी। इन केंद्रों के माध्यम से स्थानीय पंचायतों एवं लोगों द्वारा तुरंत राहत एवं बचाव कार्य को सुचारु ढंग से चलाया जाएगा।

### जलशक्ति विभाग को विशेष निगरानी रखने के निर्देश

**आईपीएच** विभाग को जिले में हिमस्खलन प्रभावित संभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण करने व पानी की आपूर्ति को प्रभावित करने वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। डीसी ने कहा कि जल स्रोतों के जमने और टूट-फूट को रोकने के लिए आवश्यक मरम्मत कार्य समय रहते पूरे किए जाएं। डीसी ने सभी विभागों को आवश्यक मशीनरी, उपकरणों व सुरक्षा सामग्री की मांग प्रस्तुत करने को कहा, ताकि हिमस्खलन व भारी बर्फबारी के मौसम में सामना कर सकें। विशेष रूप से एचआरटीसी व अन्य विभागों को स्नोचैन सहित अन्य सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने के लिए भी जोर दिया गया।

### सभी विभाग एकजुट होकर करें कार्य

**डीसी** ने समापन में सभी विभागों को एकजुट होकर जिला वासियों की सुरक्षा व सुविधा के लिए समर्पित होकर कार्य करने की अपील की तथा आने वाले समय में सभी चुनौतियों से निपटने के लिए तत्पर रहने के लिए कहा ,ताकि बर्फबारी के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह और घबराहट से बचा जा सके। इस अवसर पर एसपी लाहौल-स्पीति शिवानी मेहला, सीमा सड़क संगठन के ओसी लेफ्टिनेंट कर्नल तेजस मोरे, वनमंडलाधिकारी इंद्रजीत सिंह सीरा, अधिशाषी अभियंता बिजली सूर्या शर्मा, खंड विकास अधिकारी विवेक गुलेरिया सहित सभी कार्यालय प्रमुख उपस्थित थे।

# सीबकथॉर्न आधारित आर्थिक सशक्तिकरण और सतत औद्योगिक विकास पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

उद्योग विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से लाहौल-स्पीति जिले के काजा क्षेत्र में रैंप उद्यम पंजीकरण, स्फूर्ति, एमसई-सीडीपी व ग्रिनिंग ऑफ एमएसएमईएस विषयक जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देना तथा पर्यावरण के अनुकूल आधुनिक औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना था।

इस कार्यक्रम में विधायक लाहौल-स्पीति अनुराधा राणा और कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त काजा शिखा सहित अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे। कार्यशाला में उद्योग विभाग के प्रतिनिधियों ने उपस्थित लोगों को योजनाओं के बारे में विस्तार से समझाया, साथ ही एक संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागियों ने अपने प्रश्न और सुझाव व्यक्त किए। इस अवसर पर विधायक अनुराधा राणा ने अपने भाषण में कहा कि सी-बकथॉर्न क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण संपदा है, जिसका उचित व वैज्ञानिक उपयोग यहां की अर्थव्यवस्था के लिए रोजगार सृजन व आय के स्रोत के रूप में अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकता है। उन्होंने कहा कि सी-बकथॉर्न की उच्च औषधीय गुणों के चलते इसे स्थानीय समुदाय के लिए एक मजबूत पहचान व ब्रांड के रूप में विकसित करना आवश्यक है। ऐसा करने से न केवल स्थानीय लोगों को आर्थिक लाभ होगा, बल्कि इस क्षेत्र का सांस्कृतिक और प्राकृतिक महत्व भी व्यापक रूप से स्थापित होगा।

अनुराधा राणा ने उद्योग विभाग की टीम को इस महत्वपूर्ण कार्यशाला के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य में भी इस प्रकार की जागरूकता कार्यशालाओं के आयोजन के लिए प्रेरित किया। इस कार्यशाला में 60 से अधिक लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने विभिन्न योजनाओं जैसे रैंप के अंतर्गत आने वाले एमएसई-सीडीपी, स्फूर्ति तथा एमएसएमईएस के पर्यावरण संबंधित व ऊर्जा संरक्षित कार्यप्रणालियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। विभागीय अधिकारीयों ने एमएसएमईएस की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने व पारंपरिक कारीगरों के संरक्षण व विकास के लिए चल रही पहलों की विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने एमएसएमईएस क्षेत्र की चुनौतियों व अवसरों पर भी चर्चा की और नवाचार व संसाधन दक्षता बढ़ाने के सुझाव साझा किए। उद्योग विभाग ने भविष्य में भी इस प्रकार की जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन जारी रख कर प्रदेश में एमएसएमईएस क्षेत्र को सुदृढ़ करने का संकल्प व्यक्त किया।



एमएसएमई जागरूकता कार्यशाला के दौरान विधायक अधिकारियों से चर्चा करती हुईं।

## न्यूज ब्रीफ

### पाइनग्रोव आईपीएससी अंडर-19 सॉकर में रनरअप



**अनंत ज्ञान, सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल सोलन ने अखिल भारतीय आईपीएससी अंडर-19 गर्ल्स सॉकर टूर्नामेंट में उपविजेता बनकर उत्कृष्ट कौशल और टीम भावना का प्रदर्शन किया। नृप लेप्चा को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के खिताब से सम्मानित किया गया, जबकि सुबेक्छा लिंबू को सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर के रूप में सम्मानित किया गया। स्कूल टीम के शानदार प्रदर्शन पर कार्यकारी निदेशक कैप्टन एजे सिंह ने खुशी जाहिर की। टीम के स्कूल पहुंचने पर शानदार स्वागत किया गया। कैप्टन एजे सिंह ने टीम की हौसला अफजाई कर भविष्य में भी इसी तरह स्कूल का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी।

### कल छावशा, डुमैहर आदि क्षेत्रों में बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 8 अक्तूबर को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता सोलन राहुल वर्मा ने दी। राहुल वर्मा ने कहा कि 8 अक्तूबर को प्रातः 9 से सायं 5 बजे तक वाकनाघाट, छावशा, डुमैहर, कोट, क्वारग, कोठी बाड़ा, आंजी ब्रह्ममणा, सैंज, गोग, कैथलीघाट, शालाघाट, क्यारी बंगला, बीशा, बाशा, सुरू, जेपी विश्वविद्यालय, डिवेंचर होटल, ज्यूरिक होटल व आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि खराब मौसम व किन्ही अपरिहार्य कारणों से उपरोक्त तिथि व समय में बदलावा किया जा सकता है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की।

### कबड्डी में सोलन कॉलेज की टीम रनरअप

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन के पुरुष वर्ग की कबड्डी टीम ने हिमाचल प्रदेश इंटर कॉलेज कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रनर-अप ट्रॉफी जीतकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के इतिहास में यह पहला अवसर है, जब कबड्डी टीम ने इस उपलब्धि को हासिल किया है। टीम के महाविद्यालय लौटने पर प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली व समस्त स्टाफ ने खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया और सभी छात्रों को उनकी इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों को आगे भी इसी तरह मेहनत और लगन से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रवक्ता डॉ. रवि राम ने जानकारी दी कि यह प्रतियोगिता राजकीय महाविद्यालय नादौन (हिमाचल) में आयोजित हुई। इसमें प्रदेशभर के 64 कॉलेजों के लगभग 780 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सोलन महाविद्यालय की ओर से आयुष, शेखर, ऋतिक, अभिषेक, विक्रम, कृष्णा, अमनदीप, ऋषभ, पैरिश, शौर्य, मनोज तथा आयुष ने एक टीम के तौर पर टीम मैनेजर डॉ. घनश्याम सोनी व कोच परमिंदर के साथ भाग लिया। इन खिलाड़ियों में से ऋषभ व अभिषेक का चयन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो कॉलेज के लिए गर्व का विषय है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर पूरे महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं प्रदान की।

### साइबर क्राइम व नशे के खतरों के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में प्रातःकालीन सभा के दौरान प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर की अध्यक्षता में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से कानून की शिक्षा प्राप्त कर रही छात्रा हिमानी ने बच्चों को साइबर क्राइम और नशे के खतरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अपने संबोधन में हिमानी ने कहा कि विद्यालय से 200 मीटर के दायरे में नशीले पदार्थ बेचना कानूनी अपराध है, जिसके लिए सजा और जुर्माने दोनों का प्रावधान है। उन्होंने छात्रों को चेताया कि नशा जीवन को बर्बादी की ओर ले जाता है और इससे दूर रहना ही समझदारी है। साइबर अपराधों पर बात करते हुए हिमानी ने कहा कि आजकल ऑनलाइन ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए किसी भी अनजान व्यक्ति से मिली कॉल या लिंक पर अपनी निजी जानकारी साझा न करें। उन्होंने छात्रों को सावधानी व सतर्कता बरतने की सलाह दी। अंत में हिमानी ने छात्रों से कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए लक्ष्य निर्धारित करें, कड़ी मेहनत करें और अपने माता-पिता व अध्यापकों का सम्मान करें। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य प्रेम भगत सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### छात्रों में वन्य जीवन संरक्षण की जागरूकता जगाई

**अनंत ज्ञान, सराहां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गागल-शिकोर में फ्रेंड्स ऑफ फॉरेस्ट द्वारा वन्य जीव सप्ताह के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों को वन्य जीवन के संरक्षण में निहित मानव अस्तित्व के बारे में बताया गया व इस अवसर पर स्कूल में एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, जो वन्य प्राणियों के संरक्षण से संबंधित थी, उसका आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के तीनों हाउस के छात्रों ने भाग लिया तथा बहुत ही तनमय्यता से प्रश्नों के उत्तर दिए। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता को वंदना शर्मा टीजीटी (साइंस) द्वारा संचालित किया गया। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पहला स्थान सरस्वति हाउस के अरु पंवार, विकास पंवार तथा दिव्यांश ठाकुर की टीम ने प्राप्त किया, दूसरा स्थान सुभाष हाऊस के स्नेहा ठाकुर, दक्षिता शर्मा तथा नव्या चौहान की टीम ने प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर लक्ष्मी हाऊस के अक्षय ठाकुर, साक्षी ठाकुर तथा नव्या ठाकुर की टीम रही। सभी प्रतिभागियों को फ्रेंड्स ऑफ फारेस्ट द्वारा पारितोषिक प्रदान किए गए। फ्रेंड्स ऑफ फारेस्ट के जिला महासचिव डॉक्टर दीनदयाल वर्मा ने इस अवसर पर स्वयं रचित एक लाख रुपए की पुस्तक स्कूल को भेंट करने की घोषणा की। फ्रेंडस आफ फॉरेस्ट के जिला अध्यक्ष डॉ. प्रदीप शर्मा ने इस अवसर पर छात्रों का पर्यावरण व वन्य प्राणियों के संरक्षण में सहयोग तथा इसे जीवन जीने की राह बनाने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य राकेश शर्मा ने इस अवसर पर छात्रों को वन्य जीवन के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आग्रह किया।

### पपलोल में शहीद रोशन मेमोरियल मेले का आयोजन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** कंडाघाट खंड की ग्राम पंचायत पौधना के पपलोल गांव में शहीद रोशन मेमोरियल मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में कबड्डी व वॉलीबाल की प्रतियोगिताएं करवाई गईं। इसमें खिलाड़ियों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया गया व विजेता टीम को 8100 रुपए व ट्रॉफी व उपविजेता टीम को 5100 रुपए व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मेले में वॉलीबाल की 24 टीम ने भाग लिया। इसमें महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी बद्दी की टीम ने चंडीगढ़ की टीम को रोमांचक मुकाबले में हराकर खिताब अपने नाम किया। वहीं, कबड्डी में 12 टीमों ने भाग लिया। इसमें मानपुरा की टीम ने घुनाई की टीम को फाइनल में हराकर जीत हासिल की। मेले का शुभारंभ जाने माने समाजसेवक कमल कश्यप द्वारा शहीद रोशन लाल के स्मारक पर श्रद्धांजलि देकर किया गया। मेले में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। कमल कश्यप के साथ विशिष्टातिथि के रूप में अधिवक्ता व समाजसेवक देवेंद्र ठाकुर व अमित भारद्वाज भी उपस्थित रहे। देवेंद्र ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि शहीदों की याद में करवाए जा रहे इस तरह के कार्यक्रम शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि है। इस मौके पर समाज में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।

### भारती स्कूल मिहाणी के बच्चों को मिला पुरस्कार

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** चायल के मिहाणी स्थित भारती पब्लिक स्कूल के बच्चों ने शिमला के गेयटी थियेटर में आयोजित बाल रंगमंच महोत्सव में पुरस्कार प्राप्त किया। स्कूल प्रधानाचार्य अंजना वर्मा नें बताया कि गेयटी थियेटर में तीन से पांच अक्तूबर तक बाल रंगमंच महोत्सव में कई नामी स्कूलों के बच्चों नें भाग लिया। इसमें उनके स्कूल के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल के बच्चों ने जमीर नाटक का मंचन किया। इसकी बहुत सराहना की गई। रंगमंच के प्रसिद्ध अभिनेता विनीत कुमार, डॉ जयवंति और हेमंत अत्रि नें पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस नाटक में स्कूल की अंशिका, प्रज्वल, पलक, रिया, अभिनव, वंशिका, इशिता, वंश, आरुहि, परिधि, प्रियांशी, आराध्य, आदित्य, आर्यन, रीना ने अपनी भूमिका निभाई।

### नहीं रहे सोलन के डॉ. भूपेंद्र कुमार भारद्वाज

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के जाने-माने चिकित्सक डॉ. भूपेंद्र कुमार भारद्वाज का सोमवार को चंडीगढ़ में देहावसान हो गया है। वे 73 वर्ष के थे। 1952 में जन्मे डॉ. भूपेंद्र भारद्वाज ने सरकारी सेवा रहते हुए प्रदेश के लोगों की सेवा की। वह धर्मपुर, शिमला, रामपुर और क्षेत्रीय अस्पताल में कार्यरत रहे। सरकारी सेवा के दौरान वह गरीबों व जरूरतमंदों के प्रति समर्पित रहे। सेवा ही उनका धर्म रहा। सरकारी सेवा के उपरांत उन्होंने सोलन में निजी क्लीनिक खोला,वहां भी सेवा भावना से कार्य किया।

# सोलन में झमाझम बारिश से बढ़ी ठंड, जनजीवन प्रभावित

## मुख्यालय की सड़कों में पानी भरने से खुली नगर निगम के इंतजामों की पोल

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश में फिर से बारिश का दौर शुरू होने के साथ ही ठंड का आगाज हो गया है। सोलन में सोमवार को हुई जोरदार बारिश से जहां समूचे क्षेत्र में तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वहीं, इससे जनजीवन भी प्रभावित हुआ। सोमवार सुबह और दोपहर बाद जोरदार बारिश हुई। तापमान में आई गिरावट से ठंड का भी आगाज हो गया। बारिश के बाद लोग गर्म वस्त्र पहनने को मजबूर हो गए।

जिला मुख्यालय की सड़कों में पानी भर जाने से वाहन चालक परेशान हुए। इससे एक बार फिर से नगर निगम के इंतजामों की पोल खुल गई। शहर में बारिश के बाद नालियों का पानी सड़क पर बहता नजर आया। वार्ड क्षेत्रों के बारिश का पानी सड़कों पर जमा होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं, मौसम विभाग के अनुसार ऊंचे इलाकों में हल्की बर्फबारी और निचले क्षेत्रों में बारिश हो रही है, जिससे तापमान में गिरावट आई है। सोलन में करीब 20 दिन मौसम ड्राई रहने के बाद बारिश ने दस्तक दी। अचानक आई इस बारिश से मौसम में ठंडक बढ़ गई और लोगों ने धूल मिट्टी से राहत की सांस ली। बारिश से वायरल की बीमारी से लोगों को निजात मिलेगी। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में और बारिश की संभावना जताई है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। इस समय जिले में घास काटने का काम चल रहा है, लेकिन लगातार बारिश के कारण खेतों में पानी भरने और काम रुकने से पैदावार पर असर पड़ने की आशंका है। सोलन में आज का अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। बारिश की संभावना दिनभर बनी रहेगी, विशेषकर दोपहर और शाम के समय में। मौसम विभाग ने सोमवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया था, जिसमें भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मंगलवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है, जिसमें हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।



सोलन में हुई बारिश से प्रभावित हुआ जनजीवन।

> कृषि विभाग सोलन के उपनिदेशक डॉ. देवराज कश्यप के मुताबिक बारिश लहसुन की बुआई के लिए उपयुक्त है। किसान कुछ दिनों में गेहूं की बिजाई भी शुरू कर सकते हैं। इसके लिए किसान खेत तैयार रखें।

## नगर निगम के सभी वार्डों की मतदाता सूचियां तैयार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (नगर निगम) व उपमंडलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश नगर निगम निर्वाचन नियम, 2012 के अनुसार नगर निगम सोलन के सभी 17 वार्डों की मतदाता सूचियां तैयार कर ली गई हैं। डॉ. पूनम बंसल ने कहा कि नगर निगम सोलन के वार्ड नंबर 1 से 17 तक के सभी मतदाताओं के लिए यह सूचियां उपमंडलाधिकारी सोलन, आयुक्त नगर निगम सोलन तथा तहसीलदार सोलन के कार्यालय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगी।

उन्होंने कहा कि किसी मतदाता को मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने, दर्ज नाम में कोई आपत्ति तथा किसी प्रविष्टि पर कोई आपत्ति हो तो वह प्रारूप 4, 5 व 6 भरकर 17 अक्तूबर तक या इससे पूर्व उपरोक्त कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। डॉ. पूनम बंसल ने कहा कि कोई भी दावे व आपत्तियां आयुक्त नगर निगम सोलन व पुनरीक्षण प्राधिकारी के कार्यालय में स्वयं, एजेंट व डाक के माध्यम से 17 अक्तूबर तक जमा करवा सकते हैं।

## 2 करोड़ 66 लाख रुपए का ऋण न चुकाने पर सुबाथू निवासी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**



गैर कृषक ऋण व बचत सहकारी सभा सुबाथू से लिए करीब 2 करोड़ 66 लाख रुपए का ऋण न चुकाने पर पुलिस ने सुबाथू निवासी भूपेश गर्ग का गिरफ्तार किया है।

जानकारी के मुताबिक कलेक्टर-सह-सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सोलन के न्यायालय ने भूमेश गर्ग पुत्र नरेश गर्ग निवासी आढ़त बाजार सुबाथू तहसील व जिला सोलन के खिलाफ 75 (ए) भूमि राजस्व अधिनियम 1954 के तहत गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इसके अनुसार भूमेश गर्ग द्वारा गैर कृषक ऋण व बचत सहकारी सभा सुबाथू से ऋण लिया था, लेकिन वह उक्त ऋण को तयसीमा के भीतर वापस करने में नाकाम रहा, जिस पर उसे सोसायटी द्वारा डिफॉल्टर घोषित कर दिया गया था, जिसकी ब्याज सहित कुल देनदारी 2,66,39,483/ रुपए बनती है। उक्त देनदारी को न चुकाने पर भूमेश के खिलाफ सह-सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सोलन कोर्ट लोन रिकवरी का मामला चल रहा है और भूमेश गर्ग को कोर्ट द्वारा बार-2 नोटिस दिए जा रहे थे, लेकिन यह कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था, जिस पर कलेक्टर-सह-सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सोलन का न्यायालय द्वारा इसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था, जिसकी अनुपालना करते उक्त मामले में संलिप्त आरोपी भूमेश गर्ग पुत्र नरेश गर्ग निवासी आड़त बाजार सुबाथू तह. व जिला सोलन को सुबाथू पुलिस चौकी की टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। इसे सहायक पंजीयक सभाएं सोलन के कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

## असफलता से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए : अमिताभ

**अनंत ज्ञान, सोलन**

द लॉरेंस स्कूल सनावर का 178 वां फाउंडर्स डे समारोह का तीन दिवसीय उत्सव भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में अमिताभ कांत (आईएएस) भारत सरकार के पूर्व जी-20 शेरपा और नीति आयोग के पूर्व सीईओ ने विद्यार्थियों और अतिथियों को प्रेरणादायी संबोधन दिया। उन्होंने अपने संबोधन में व्यक्तिगत अनुभवों के माध्यम से चार महत्वपूर्ण बातें छात्रों से साझा की।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि असफलता से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार केरल में मिली पनीशमेंट पोस्टिंग ने उन्हें विश्व प्रसिद्ध गॉड्स ओन कंट्री पर्यटन अभियान शुरू करने की प्रेरणा दी। उन्होंने छात्रों को लंबी अवधि की सोच विकसित करने और ऐसे संस्थान बनाने की सलाह दी जो आने वाले दशकों तक टिके रहें। जी20 की उच्चस्तरीय वार्ताओं के अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि साहसिक निर्णय, ठोस तैयारी और मजबूत गठजोड़ ही बड़ी सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि भविष्य को आशावाद के साथ अपनाएं। यह पीढ़ी अभूतपूर्व संभावनाओं के युग में जी रही है। तकनीक उनकी पहुंच बढ़ा सकती है, लेकिन वह समझ, ईमानदारी और मेहनत की जगह नहीं ले सकती। इस अवसर पर हेडमास्टर हिम्मत सिंह ढिल्लों ने स्कूल रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए वर्षभर में स्कूल की शैक्षणिक, खेल और अन्य गतिविधियों की उपलब्धियों के साथ-साथ शिक्षकों के समर्पण की सराहना की।


कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था ट्रूपिंग ऑफ द स्कूल फ्लैग परेड, जिसमें कैडेट छात्रों ने अत्यंत अनुशासन और सम्मान के साथ स्कूल ध्वज को सलामी दी। चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ ट्रॉफी गायत्री सूद और हर्ष कुमार को दी गई। इसके बाद विभिन्न बैचों के पूर्व छात्र (ओल्ड सनावेरियन) गर्व से मार्च पास किया।

## रंगारंग प्रोग्राम से एनएसएस कैंप की शुरुआत

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान अर्की।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलेरा में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शुभारंभ मुख्यातिथि प्रधान ग्राम पंचायत बलेरा आशीष कौशल द्वारा किया गया और इस मौके पर पूर्व प्रधान जीतराम ठाकुर भी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य नरेश ठाकुर द्वारा मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। बच्चों ने रंगारंग प्रोग्राम द्वारा कैंप की शुरुआत की। एनएसएस कैंप के मुख्य प्रशिक्षक संजय ने अपने संबोधन में कहा कि आशीष कौशल के द्वारा विद्यालय में एनएसएस का यूनिट मंजूर हुआ था। पिछले तीन वर्षों से यह कैंप सुचारू रूप से चलाया जा रहा है। इसके बाद मुख्यातिथि आशीष कौशल ने अपने संबोधन में एनएसएस कैंप की विशेषताएं बच्चों को बताईं और आशीर्वाद दिया। साथ ही बच्चों के लिए 1100 रुपए की धन राशि और एक दिन का पूरा भोजन देने की घोषणा की।

## दो प्रविष्टियां सेफ कंस्ट्रक्शन मॉडल प्रतियोगिता के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, नाहन**



जिला स्तरीय सेफ कंस्ट्रक्शन मॉडल प्रतियोगिता में सिरमौर जिले से दो प्रविष्टियां राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किए गए। इनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पबियाना और राजकीय मध्य विद्यालय कुरिया करंग शामिल हैं।

ये प्रतिभागी 8 अक्तूबर को समर्थ 2025 शिमला में जिला सिरमौर का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यालय और कॉलेज स्तर पर बच्चों को आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षित निर्माण तकनीकों की व्यावहारिक समझ देना है, ताकि प्रशिक्षण का प्रभाव सीधे तौर पर ग्राउंड लेवल पर महसूस किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह अभियान विद्यार्थियों में जागरूकता और व्यावहारिक सीख को बढ़ावा देने के लिए चलाया जा रहा है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर से चयनित सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियां प्रस्तुत की गईं। हाई स्कूल व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्तर की श्रेणियों में कुल 12 मॉडल्स शामिल हुए, जिनमें लगभग 14 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के दौरान डीसी सिरमौर प्रियंका वर्मा तथा जिला विकास अधिकारी सिरमौर विनय कुमार, डीडीएमए सिरमौर के डॉक्यूमेंटेशन को-ऑर्डिनेटर अरविंद चौहान, पीडब्ल्यूडी विभाग से दलीप सिंह, सहायक अभियंता, ददाहू विशेष रूप से मौजूद रहे।

## जिलास्तरीय अंडर 19 गर्ल्स टूर्नामेंट शुरू

**संजय राजन, अनंत ज्ञान, सराहां।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराहां के प्रांगण में 3 दिवसीय जिलास्तरीय अंडर-19 लड़कियों के टूर्नामेंट का शुभारंभ उच्च शिक्षा उपनिदेशक सिरमौर हिमेंद्र चंद द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में जिला सिरमौर के 8 जॉन की लगभग 308 छात्राएं विभिन्न खेलों में अपना दमखम प्रदर्शित करेंगी। 8 जॉन में नाहन, नौहराधार, पांवटा, राजगढ़, संगड़ाह, सतौन, शिलाई व सराहां शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में कबड्डी, वॉलीबॉल, खो खो, योगा व थोड़ो खेल शामिल हैं। प्रतियोगिता का समापन 8 अक्तूबर को एसडीएम पच्छाद डॉ. प्रियंका चंद्रा द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य रचना अग्रवाल, बाग पशोग वार्ड से जिला परिषद सदस्य नीलम शर्मा, प्रतियोगिता प्रभारी भाग सिंह चौहान सहित कई लोग मौजूद थे। यह जानकारी सतीश पुंडीर महासचिव डीपीई एसोसिएशन जिला सिरमौर ने दी।

## राज्य स्तरीय शरद महोत्सव में यमुना घाट की आरती रही आकर्षण का केंद्र

**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**पांवटा साहिब।** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एलआर वर्मा ने पांवटा साहिब में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय यमुना शरद महोत्सव की दूसरी संध्या में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।


एलआर वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर दूसरी सांस्कृतिक संध्या का विधिवत शुभारंभ किया। इससे पूर्व उन्होंने यमुना घाट पर यमुना आरती में भी भाग लिया। यह पल सभी के आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने क्षेत्रवासियों को राज्य स्तरीय यमुना शरद महोत्सव की शुभकामनाएं दीं तथा उन्होंने कहा कि इस वर्ष शरद महोत्सव को अलग अंदाज में मनाने का प्रयास किया गया है, जो कि सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों को यह प्रयास अच्छा लगे ऐसी कामना करता हूं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से सौहार्द व आपसी भाईचारे की भावना सुदृढ़ होती है। किसी भी सुदृढ़ समाज की नींव उसकी समृद्ध संस्कृति पर ही निर्भर करती है। मेलों व त्योहारों के माध्यम से जहां हमें अपने रीति-रिवाजों व परंपराओं को संजोए रखने का मौका मिलता है। वहीं, भावी पीढ़ी को भी अपनी संस्कृति को देखने व जानने का मौका मिलता है। इस अवसर पर एसडीएम पांवटा साहिब गुंजीत सिंह चीमा ने टोपी शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्यातिथि को सम्मानित किया। इस अवसर पर तहसीलदार ऋषभ शर्मा, नगर परिषद की चेयरपर्सन निर्मल कौर, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश कटारिया तथा नगर परिषद के पार्षदों सहित अध्यक्ष हिमोत्कर्ष राजेंद्र तिवारी व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



यमुनाघाट की आरती करते अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एलआर वर्मा।

## प्रदेश में हर जगह वादा चोर-गद्दी छोड़ के नारे की गूंज : अभिषेक ठाकुर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** प्रदेश में वादा चोर-गद्दी छोड़ के नारे आज हर जगह गूंज रहे हैं। यह नारा पूरी तरह से वर्तमान सुक्खू की कांग्रेस सरकार पर लागू होता है। जनता का विश्वास इस सरकार से उठ चुका है, क्योंकि चुनाव से पहले किए गए बड़े-बड़े वादे आज तक अधूरे हैं। भाजपा सोलन के जिला प्रवक्ता अभिषेक ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू की सरकार ने युवाओं, कर्मचारियों, पेंशनरों और किसानों को निराश किया है। रोजगार देने, पुरानी पेंशन लागू करने, महंगाई कम करने और विकास को गति देने जैसे वादे केवल चुनावी जुमले बनकर रह गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब इन झूठे वादों से तंग आ चुकी है और वादा चोर-गद्दी छोड़ का नारा उनके मन की भावना को दर्शा रहा है। अभिषेक ने कहा कि मुख्यमंत्री को जनता से माफी मांगनी चाहिए और अगर उनमें थोड़ी भी नैतिकता बाकी है, तो उन्हें अपने पद से त्यागपत्र देना चाहिए।



## सुमित ठाकुर बने पटवारी व कानूनगो महासंघ के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**



डीसी कार्यालय सोलन में जिला पटवारी एवं कानूनगो महासंघ सोलन के पुनर्गठन को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में सुमित ठाकुर (पटवारी) को जिला अध्यक्ष, कृष्ण प्रकाश (कानूनगो) को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रितु (कानूनगो) को महासचिव तथा प्रतीक शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अतिरिक्त अमनदीप सिंह साहिबी, कपिल देव चौहान व दिनेश कपिला को राज्य कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। चंदन गुप्ता को प्रेस सचिव, जबकि जगदीप, मंदीप, श्रुति, दिव्या, एवं देवेंद्र को उपप्रधान बनाया गया। गुरमीत कौर, विक्की और विनीत को संयुक्त सचिव, विक्रम एवं नवीन कुमार को सलाहकार, प्रवीण शर्मा को मुख्य सलाहकार, तथा रवि और अनमोल को लेखा परीक्षक नियुक्त किया गया। कोमल गर्ग को प्रचार सचिव तथा स्नेहा, लक्ष्य गुप्ता और बेअंत सिंह को संगठन सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर संघ के सेवानिवृत्त वरिष्ठ सदस्य रमेश चंदेल, सूरज प्रकाश पाल एवं जियालाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके सानिध्य में यह चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई और नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया।

## आयोजन वर्टेक्स आईटीआई सोलन में कौशल दीक्षांत समारोह

# प्रतिभाशाली छात्रों का किया सम्मान

**अनंत ज्ञान, सोलन**

वर्टेक्स आईटीआई सोलन में कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन जोश और गरिमामयी माहौल में हुआ। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन सुभाष अत्री, चिकित्सक डॉ. शशि भास्कर, मनीषा अत्री, कुमारी गुंजन मेहता, कुमारी निकिता ठाकुर, मुकुल कुमार, लोकेश रंजना और अन्य कर्मचारी शामिल रहे।



सदस्य वर्टेक्स आईटीआई सोलन में कौशल दीक्षांत समारोह में सम्मानित किए गए मेधावी छात्र।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती की वंदना से किया गया। इसके बाद छात्रों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम ने पर्यावरण को जीवंत बनाया। मुख्य आकर्षण उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र रहे, जिसमें विभिन्न ट्रेडों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किए गए। इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रथम स्थान रवि (91.4%) द्वितीय स्थान मोहित (90%) तृतीय स्थान अक्षित ठाकुर (85%) कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग ट्रेड में श्रेष्ठ उपलब्धियां प्रथम स्थान आकाश (88.8%) दूसरा स्थान भारती एवं कपिल (88.5%) तृतीय स्थान आदित्य (88%) चेयरमैन सुभाष अत्री ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि कौशल ही आत्मनिर्भर भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। वर्टेक्स आईटीआई के छात्र आज जिस लगन व निष्ठा से ट्रेनिंग ले रहे हैं, वह हमारे देश के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है। हमें गर्व है कि हमारे संस्थान के छात्र उद्योग जगत की शुरुआत का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

## एनवाईपी के वालंटियर ने मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से ग्रस्त लोगों के साथ बिताया समय

**अनंत ज्ञान, सोलन**

नेशनल युवान सेवा फैलोशिप के तहत नेशनल यूथ प्रोजेक्ट (एनवाईपी) हिमाचल प्रदेश के वालंटियर ने देश के एकमात्र इंटीग्रेटेड मस्कुलर डिस्ट्रॉफी रिहेबिलिटेशन सेंटर (मानव मंदिर) में मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से ग्रस्त लोगों के साथ समय बिताया और उन्हें फूड पैकेट्स भी बांटे।

इससे त्योहारी सीजन में बच्चों के चेहरे पर रौनक लौटी और उन्हें अपनेपन का एहसास हुआ। इस मौके पर एनवाईपी हिमाचल के समन्वयक यशपाल कपूर, मोहित कश्यप,कमलराज चौहान, संजीव अवस्थी, सिरमौर कल्याण मंच के प्रधान प्रदीप मंमगाई समेत अन्य मौजूद रहे। आईएएमडी के प्रधान संजना गोयल ने कहा कि नेशनल युवान सेवा फैलोशिप के तहत नेशनल यूथ प्रोजेक्ट (एनवाईपी) हिमाचल प्रदेश ने उनके संस्थान को इसके लिए चुना। इस कार्य के लिए एनवाईपी की समस्त टीम बधाई की पात्र है। उन्होंने बताया कि मस्कुलर डिस्ट्रॉफी मांसपेशियों से जुड़ी बीमारी है और अभी देश दुनिया में इसका कोई ईलाज नहीं है। सोलन में इंडियन एसोसिएशन ऑफ मस्कुलर डिस्ट्रॉफी ने मानव मंदिर का निर्माण किया है। इसमें देश-विदेश से आने वाले रोगियों को फीजियोथैरेपी और हाइड्रोथैरेपी के माध्यम से राहत देने का पुनीत कार्य किया जा रहा है। इस समय करीब 30 मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से ग्रस्त रोगी, जो हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हैदराबाद, असम समेत देश क अन्य क्षेत्रों के हैं, यहां उपचार ले रहे हैं।

संजना गोयल ने कहा कि संस्था आईएएमडी तीन दशकों से अधिक समय से मस्कुलर डिस्ट्रॉफी देखभाल और अनुसंधान में सबसे आगे रहा है। इंडियन एसोसिएशन ऑफ मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के महासचिव विपुल गोयल ने कहा कि मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के बारे में जागरूकता जरूरी है, ताकि इस लाइलाज बीमारी से जूझ रहे हजारों लोगों को भविष्य में उपचार की सुविधा मिल सके और वह घर से बाहर निकल सकें। इस दुर्लभ बीमारियों के लिए रोगी देखभाल में परिवार और समुदाय के समर्थन की भूमिका पर केंद्रित होंगी। एनवाईपी ने जो मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से ग्रस्त बच्चों व रोगियों से मिले और अपनेपन का एहसास दिलाया वह काबिले तारीफ है।

## अनुशासन व राष्ट्रभक्ति से समाज परिवर्तन संभव: सूबेदार ज्ञान

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान, नाहन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कालाअंब में खंड एकत्रीकरण और पथ संचलन का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम में अनुशासन व सामाजिक समरसता पर जोर दिया गया। मुख्यातिथि सेवानिवृत्त सूबेदार ज्ञान बहादुर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संघ ने अपने स्वयंसेवकों के अंदर राष्ट्रभक्ति का भाव कूट-कूटकर भरा है। उन्होंने 1947 के कश्मीर आक्रमण और 1962 के भारत-चीन युद्ध में स्वयंसेवकों के सहयोग को याद किया। उन्होंने समाज से संघ के सेवा कार्यों में सहयोग करने की अपील भी की। मुख्य वक्ता सोलन विभाग प्रचारक अनिल ने कहा कि संघ की स्थापना 1925 में डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने हिंदू समाज को संगठित करने के उद्देश्य से की थी। उन्होंने कहा कि संस्कार ही राष्ट्र को महान बनाते हैं और संघ की शाखाएं इन्हीं संस्कारों का केंद्र हैं। उन्होंने वर्तमान में पश्चिमी सभ्यता की कुरीतियों से निपटने के लिए संघ के शताब्दी वर्ष के लक्ष्य पंच परिवर्तन-परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता और स्वदेशी को अपनाने का आह्वान किया।

## न्यूज ब्रीफ

### हरियाणा सरकार गो सेवा को समर्पितः कृष्ण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि राज्य सरकार गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि गौशालाओं के चारे के लिए सरकार ने 83 करोड़ रुपए की राशि जारी की है, जिससे गायों को पर्याप्त पोषण मिल सके। सोमवार को पानीपत के गांव नौल्था स्थित बाबा लाठे वाले गौशाला के 25वें स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मंत्री ने अपने निजी कोष से गौशाला के लिए 11 लाख रुपये की सहायता की घोषणा की। अब तक वे इस गौशाला को एक करोड़ रुपये से अधिक की मदद दे चुके हैं। उन्होंने 7 चौपालों का शिलान्यास, एक ई-लाइब्रेरी का भूमि पूजन, 100 फुट ऊंचे तिरंगे का अवलोकन किया और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के रूप में एक वृक्ष अपनी मां के नाम रोपित किया। मंत्री ने बताया कि प्रदेश में 51 शेड गौशालाओं की स्वीकृति दी जा चुकी है। यदि कोई पंचायत गौशाला हेतु भूमि खरीदेगी, तो उसे स्टांप ड्यूटी नहीं देनी होगी। उन्होंने बताया कि 110 पंजीकृत गोशालाओं के गोबर गैस प्लांट के प्रस्ताव केंद्र को भेजे गए हैं। इसके अलावा 336 गोशालाओं में सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं।

### 1503 मामलों का निपटारा सफलतापूर्वक किया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के सहयोग से पूरे भारत में 90 दिनों तक 'राष्ट्र के लिए मध्यस्थता' अभियान सफलतापूर्वक चलाया है। इस दौरान अभी तक हरियाणा के जिला न्यायालयों में लंबित विभिन्न श्रेणियों के 1503 मामलों का निपटारा सफलतापूर्वक किया गया। इसके अलावा पुलिस थानों, बिजली निगमों, वाणिज्यिक विवादों आदि के 3880 मामलों का निपटारा मुकदमे-पूर्व चरण में मध्यस्थता के माध्यम से किया गया। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश और हरस्र एवं स्स्क्राट के कार्यकारी अध्यक्ष, न्यायमूर्ति सूर्यकांत के मार्गदर्शन में इस अभियान का उद्देश्य मध्यस्थता को एक प्रभावी वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र के रूप में बढ़ावा देना था। इस अभियान में वादियों, अधिवक्ताओं, मध्यस्थों और आम जनता की उल्लेखनीय भागीदारी होनी है। इस पहल को पूरे भारत में सभी राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों (स्स्स्र) और जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के समन्वय से क्रियान्वित किया गया। हरियाणा में यह अभियान हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की मुख्य संरक्षक, मुख्य न्यायाधीश शील नागू और हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यकारी अध्यक्ष, न्यायमूर्ति लिसा गिल के नेतृत्व में चलाया गया। सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों ने विवादों के शांतिपूर्ण समाधान को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से मध्यस्थता बैठकें, जागरूकता शिविर और जनसंवाद आयोजित किए गए हैं।

### हरियाणा देश का ग्रोथ इंजनः डॉ. अरविंद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के सहकारिता, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा देश का ग्रोथ इंजन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने में हरियाणा अन्य राज्यों के लिए उदाहरण प्रस्तुत करेगा। आज स्वदेशी के लक्ष्य को साकार करने के लिए भाजपा सरकार हर युवा को नौकरी करने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बनाने की दिशा में काम कर रही है। सोमवार को सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान पर गोहाना में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत निर्माण का जो लक्ष्य रखा है, उसका प्राप्ति मार्ग आत्मनिर्भरता से होकर गुजरता है। उन्होंने कहा कि वोकल फॉर लोकल का अभियान आज पूरे देश का मंत्र बन गया है, जो प्रत्येक भारतीय के स्वाभिमान, सामर्थ्य और संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान अब जन आंदोलन का रूप ले रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितंबर से प्रारंभ होकर भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान में हरियाणा, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान स्वदेशी, स्वभूषा और स्वभाषा के स्तंभों पर आधारित है। आज देश में 1 लाख 60 हजार स्टार्टअप्स के माध्यम से हमारे युवा विदेशी कंपनियों को कड़ी टक्कर देते हुए गुणवत्तापूर्ण उत्पाद और सेवाएं न केवल देश में, बल्कि विदेशों में भी उपलब्ध करवा रहे हैं।

# हरियाणा-जापान साझेदारी से विकास को नई उड़ान

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जापान की कंपनियों के साथ किए 6 एमओयू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

विकसित भारत-विकसित हरियाणा विज़न के तहत हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जापान के दौरे पर गए प्रतिनिधिमंडल ने पहले ही दिन जापान की बड़ी कंपनियों के साथ 6 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। इन एमओयू के माध्यम से कंपनियों द्वारा हरियाणा में लगभग 1185 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा और लगभग 13000 से अधिक युवाओं के लिए रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त होगा।

प्रतिनिधिमंडल में हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, विदेश सहयोग विभाग की आयुक्त एवं सचिव अमनीत पी. कुमार, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल, एचएसआईआईडीसी के प्रबंध निदेशक डॉ. यश गर्ग और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।

हरियाणा में जापानी निवेश को आकर्षित करने के लिए मुख्यमंत्री ने एआईएसआईएन, एयर वाटर, टीएसआई, नंबू, डेंसो, सोजित्ज, निसिन, कावाकिन और टोप्पन सहित प्रमुख जापानी कंपनियों के साथ बैठकें कीं। इन बैठकों के परिणामस्वरूप 1185 करोड़ रुपए के 6 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए, जिससे हरियाणा में लगभग 13000 लोगों के लिए रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त हुआ। मुख्यमंत्री ने कंपनियों के साथ बैठकें कर हरियाणा और जापान के मध्य द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा करने पर जोर दिया। उन्होंने छोटे और मध्यम उद्योगों के बीच साझेदारी बढ़ाने की पहल का सुझाव दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में उपकरण, औद्योगिक पुर्जे, मेटल वर्किंग उद्योगों के साथ-साथ ऑटो, ऑटो पार्ट्स और इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्षेत्र में बड़ी संभावनाएं हैं। इन क्षेत्रों में जापान और हरियाणा के बीच परस्पर सहयोग से व्यापारिक गतिविधियों के काफी फायदा मिलेगा।

## गीता का संदेश संपूर्ण मानव जाति का मार्गदर्शन करने वाला ग्रंथ : सैनी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में भगवान श्री कृष्ण के श्रीमुख से निकले गीता के संदेश को विश्व पटल पर स्थापित करने के प्रयासों को आज एक नई ऊंचाई मिली, जब जापान की पवित्र धरा पर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन हुआ।

इस ऐतिहासिक अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेकर भारत की सनातन संस्कृति और अध्यात्म का संदेश विश्व तक पहुंचाया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि यह जीवन जीने की कला है। इसमें निहित कर्मयोग, सत्य, कर्तव्य और आत्मबल के संदेश आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने हजारों वर्ष पूर्व थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार का लक्ष्य गीता के सार्वभौमिक सिद्धांतों को दुनिया के हर कोने तक पहुंचाना है, ताकि मानवता को शांति, सद्भाव और सहयोग का मार्ग मिल सके। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि भारत के विदेश मंत्रालय के प्रयास से जापान की धरती पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर भगवान श्रीकृष्ण जी ने 5162 वर्ष पहले गीता का अमर संदेश दिया था। उस संदेश के प्रसार और गीता में श्रद्धा व्यक्त करने के लिए हर साल कुरुक्षेत्र में अनेक श्रद्धालु गीता जयंती के अवसर पर एकत्र होते आए हैं। उन्होंने कहा कि अब अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव भारत से बाहर अनेक देशों में मनाया गया है। यह मॉरीशस, लंदन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, यूके और




इंडोनेशिया में मनाया जा चुका है। इसी श्रृंखला में अब विदेश मंत्रालय द्वारा 40 देशों के भारतीय दूतावास में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि जापान और भारत के संबंध सदियों पुराने हैं। छठी शताब्दी में जापान में बौद्ध धर्म का आगमन भारत से ही हुआ था। तभी से भारतीय और जापानी लोग साझी संस्कृति में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि गीता एक ऐसा अलौकिक प्रकाश पुंज है, जो काल, देश और सीमाओं से परे है। यह ज्ञान भगवान श्रीकृष्ण जी ने भले ही भारत भूमि पर दिया है, लेकिन यह पूरे संसार के लिए है। यह किसी एक धर्म का ग्रंथ नहीं है। यह सम्पूर्ण मानव जाति का मार्गदर्शन करने वाला ग्रंथ है। दुनिया के बड़े-बड़े विचारक और दार्शनिक गीता में अपनी समस्याओं का समाधान ढूंढ लेते हैं।

## नए आपराधिक कानूनों पर प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि भारत के नए आपराधिक कानूनों पर कुरुक्षेत्र में लगाई गई ऐतिहासिक प्रदर्शनी को देखने के लिए जनता, विशेषकर छात्र और युवाओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा 3 अक्तूबर को कुरुक्षेत्र में इस प्रदर्शनी को उदघाटन किया गया था। यह प्रदर्शनी 11 अक्तूबर तक चलेगी।

डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग प्रदर्शनी देखने आ रहे हैं, जिनमें स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय के छात्र, पंचायत सदस्य और महिला प्रतिनिधि शामिल हैं। यह प्रदर्शनी यह देखने का अवसर प्रदान करती है कि किस प्रकार सुधारित आपराधिक कानून भारत में पुलिसिंग, जांच और न्यायिक प्रक्रियाओं को नया रूप दे रहे हैं। प्रदर्शनी में सात प्रमुख विभागों का प्रतिनिधित्व करने वाले 10 स्टॉल हैं, जिनमें से प्रत्येक स्टॉल आपराधिक न्याय प्रणाली के संचालन का एक इंटरैक्टिव दृश्य प्रस्तुत करता है।

## चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल के 82 केंद्रों पर आयोजित हुई एलन टैलेन्टेक्स परीक्षा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

देश के होनहार विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और उनकी प्रतिभा की पहचान करने के उद्देश्य से एलन करियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित एलन टैलेन्टेक्स परीक्षा के बारहवें संस्करण का पहला चरण रविवार, 5 अक्तूबर को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

यह परीक्षा चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के 82 केंद्रों पर आयोजित की गई, जबकि देशभर में यह परीक्षा 10 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों के 313 शहरों और कस्बों में हुई। कुल मिलाकर 1.25 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया। इंस्टीट्यूट के उपाध्यक्ष और उत्तर क्षेत्र प्रमुख श्री सदानंद वाणी ने छात्रों और अभिभावकों को उनकी उत्साहपूर्ण भागीदारी के लिए बधाई दी। उन्होंने



कहा कि चंडीगढ़, पंचकूला और मोहाली क्षेत्र से प्राप्त प्रतिक्रिया ने सिद्ध कर दिया है, कि यहां के विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति लगन और जिज्ञासा अद्वितीय है। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों की इतनी बड़ी संख्या में भागीदारी एलन की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता पर लोगों के विश्वास को और सुदृढ़ करती है। एलन टैलेन्टेक्स परीक्षा के राष्ट्रीय प्रमुख श्री पंकज अग्रवाल ने बताया कि परीक्षा दोपहर एक बजे से तीन बजे तक दो प्रकार से – केंद्र पर उपस्थित होकर तथा ऑनलाइन माध्यम से – आयोजित की गई।

## नशे की ओवरडोज से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** सिरसा जिले में नशे से मरने वालों का सिलसिला कम होने का नाम ही नहीं ले रहा। इसी कड़ी में कालांवाली कस्बे के गांव गदराना में नशे की ओवरडोज से एक युवक की मौत का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही कालांवाली पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी थी। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार करीब 24 वर्षीय प्रगट सिंह जोकि दिहाड़ी मजदूरी का काम करता था और कालांवाली में रहता था। उसके पिता व दादा की मौत हो चुकी है। मृतक की मां कालांवाली में रहती है। जबकि दादी गांव गदराना में रहती है। वह रविवार को अपनी दादी से मिलने आया हुआ था। देर शाम को उसका शव गांव के जलघर में संदिग्धावस्था में पड़ा मिला।

## क्रैक अकादमी ने कांगड़ा जिले में नए सेंटर व साझेदारी की घोषणा की

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

क्रैक अकादमी ने टियर-2 और टियर-3 शहरों के बच्चों तक किफायती और बेहतर शिक्षा पहुंचाने के उद्देश्य से आज कांगड़ा जिला के ज्वालामुखी, इंदौरा, जयसिंहपुर, जसवां और परागपुर में नए सेंटर और साझेदारी के अवसर की घोषणा की है।

इसी मिशन के तहत अकादमी ने हिमाचल के अन्य जिलों में कई सेंटर शुरू किए हैं, जिन्हें छात्रों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। क्रैक अकादमी के सीईओ व फाउंडर, नीरज कंसल ने कहा, हमारा मकसद हमेशा से छात्रों के सपनों और अवसरों के बीच की दूरी को खत्म करना रहा है। हिमाचल के छात्रों से मिला उत्साहजनक रिस्पॉन्स हमें और तेज़ी से आगे बढ़ने की प्रेरणा दे रहा है। वहीं क्रैक अकादमी के को-फाउंडर आशीष मित्तल ने बताया कि ज्वालामुखी, इंदौरा, जयसिंहपुर, जसवां और परागपुर में फ्रेंचाइजी और साझेदारी के अवसर खोले गए हैं। इसके जरिए स्थानीय उद्यमी और शिक्षा से जुड़े लोग इस मुहिम का हिस्सा बन सकते हैं। यह न सिर्फ छात्रों के लिए फायदेमंद होगा,



बल्कि शिक्षा क्षेत्र में एक स्थायी और मजबूत व्यवसाय का रास्ता भी खोलेगा। क्रैक अकादमी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए छात्रों को विशेषज्ञ फैकल्टी, पर्सनल मेंटरशिप और टेक-ड्रिवन लर्निंग सॉल्यूशंस प्रदान करती है। एकेडमी का मकसद उन छात्रों तक बेहतर संसाधन पहुंचाना है, जिन्हें बड़े शहरों जैसी सुविधाएं नहीं मिल पातीं। आशीष मित्तल ने कहा कि साझेदारी के ज़रिये स्थानीय उद्यमियों को शिक्षा के क्षेत्र में लाभकारी कारोबार का मौका मिलेगा।

## देश-विदेश

# अमेरिका में भारतीय मूल के कारोबारी की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी वाशिंगटन**

अमेरिका के पिट्सबर्ग के ईस्ट हिल्स इलाके में शुक्रवार को रॉबिन्सन टाउनशिप में भारतीय मूल के व्यापारी और मोटल संचालक राकेश एहागाबन को गोली मार दी गई।

संदिग्ध ने उनके सिर पर गोली मारी। 50 वर्षीय राकेश एहागाबन की मौके पर मौत हो गई। इस दौरान संदिग्ध ने एक महिला को भी गोली मार दी। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार घटना की जांच के दौरान की गई गोलीबारी में एक पुलिस अधिकारी और संदिग्ध घायल हो गए।

एलेघेनी काउंटी पुलिस विभाग ने शुक्रवार रात कहा कि 38 वर्षीय स्टेनली वेस्ट पर इस घातक गोलीबारी के सिलसिले में हत्या सहित कई आरोप हैं। संदिग्ध स्टेनली वेस्ट को गिरफ्तार कर लिया गया है। एलेघेनी काउंटी पुलिस के अनुसार दोपहर लगभग 2:30 बजे जासूस स्टुबेनविले मोटल संचालक राकेश की गोली मारकर हत्या करने और एक महिला को घायल करने के आरोपित व्यक्ति की तलाश कर रहे थे। इस दौरान शहर और काउंटी के जासूसों ने ईस्ट हिल्स के विल्नर ड्राइव पर संदिग्ध की कार का पता लगाया, जैसे ही वे कार के पास पहुंचे, संदिग्ध ने गोली चला दी। गोली पिट्सबर्ग के एक जासूस के पैर में धंस गई। एलेघेनी काउंटी के अधीक्षक क्रिस्टोफर किर्न्स ने इस घटना की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

## ओली की गिरफ्तारी के लिए सोशल मीडिया पर अभियान

**एजेंसी, काठमांडू।** सोशल मीडिया पर केपी ओली को गिरफ्तार करो अभियान शुरू किया गया है। जेन जी आंदोलन के नेताओं ने नेपाल के निवर्तमान प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की गिरफ्तारी के लिए दबाव देने के लिए यह अभियान शुरू कर दिया है। जेन जी प्रदर्शन से जुड़े आंदोलनकारियों का कहना है कि तत्कालीन ओली सरकार ने आंदोलन का दमन करने के लिए गोली चलाने का आदेश दिया, जिसमें अनेक युवाओं की जान चली गई और हजारों युवा घायल हुए। जेन जी नेता रक्षा बम ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लिखा, जिस अहंकार के साथ अपने अधिकारों की मांग करने गए निहत्थे छात्रों पर गोलियां चलाई गईं, उसके लिए ओली और गृहमंत्री रमेश लेखक को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

# बंगाल के दार्जिलिंग में लैंडस्लाइड, 28 मौतें, कई लापता, हजारों टूरिस्ट फंसे

**एजेंसी, दार्जिलिंग**

पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में रविवार को तेज बारिश के बाद हुई लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 28 हो गई है।

इनमें 7 बच्चे हैं। कई लोग अब भी लापता हैं। लैंडस्लाइड में कई घर बह गए। दार्जिलिंग और सिक्किम का सड़क संपर्क देश के बाकी हिस्सों से टूट गया है। इसके कारण हजारों पर्यटक फंसे हैं। दार्जिलिंग और कर्सियांग के बीच नेशनल हाइवे टूट गया है। मिरिक और दूधिया के पास लोहे का ब्रिज टूटने से दार्जिलिंग से सिलीगुड़ी का वैकल्पिक रास्ता भी बंद है। अलीपुरदुआर में रेल ट्रैक डूबने से तीन गाड़ियां रद्द की गईं। दार्जिलिंग और कालिम्पोंग में चाय के बागान डूब गए हैं। बंगाल के दार्जिलिंग और अन्य जिलों में 24 घंटे में लगभग 16 इंच बारिश हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार इतनी बारिश 1998 के बाद पहली बार हुई है। दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी और कूचबिहार में मंगलवार सुबह तक भारी बारिश की आशंका है। इससे लैंडस्लाइड का खतरा बना हुआ है। इधर, जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश का अलर्ट है। (अनंत ज्ञान)

### आज भी स्कूल बंद रहेंगे

**इसके** चलते स्कूल शिक्षा निदेशालय जम्मू ने सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों को 6 और 7 अक्तूबर के लिए बंद करने का आदेश दिया है। माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने वैष्णो देवी यात्रा 5 से 7 अक्तूबर तक सस्पेंड करने की घोषणा की है।

## फ्रांस के पीएम सेबेस्टियन लेकोर्नू का इस्तीफा



**एजेंसी, पेरिस।** फ्रांस के प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू ने अपने मंत्रिमंडल के औपचारिक रूप से गठन के एक दिन के अंदर ही सोमवार को इस्तीफा दे दिया। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि सोमवार सुबह लेकोर्नू ने राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ एक घंटे तक बैठक की, जिसके बाद एलिसी पैलेस ने प्रधानमंत्री के इस्तीफे की घोषणा की। यह घटनाक्रम पूर्व प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बेयरू की पिछली सरकार के पतन के बाद लेकोर्नू को प्रधानमंत्री नियुक्त किए जाने के मात्र 26 दिन के भीतर हुआ है। फ्रांस की नेशनल असेंबली में सभी दलों ने लेकोर्नू के मंत्रिमंडल के गठन की कड़ी आलोचना की थी, जिसमें अधिकतर सदस्य बेयरू के मंत्रिमंडल के थे और उसी मंत्रिमंडल को हटाने के लिए ही दबाव बनाया गया था। राजनीतिक दलों ने लेकार्नू सरकार को मतदान के जरिए अपदस्थ करने की धमकी दी थी। अब कई दल जल्द चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। कुछ राष्ट्रपति मैक्रों के इस्तीफे की भी मांग कर रहे हैं। हालांकि मैक्रों ने स्पष्ट किया है कि वह 2027 में अपना कार्यकाल समाप्त होने से पहले पद नहीं छोड़ेंगे। (अनंत ज्ञान)

## भारतीय छात्रा को मरणोपरांत ब्रिटेन का वीरता पुरस्कार

**एजेंसी, लंदन।** भारतीय मूल की ब्रिटिश किशोरी ग्रेस ओ मैली कुमार को सोमवार को मरणोपरांत जॉर्ज मेडल से सम्मानित किया गया। यह ब्रिटेन का सर्वोच्च नागरिक वीरता पुरस्कारों में से एक है। दो साल पहले नॉटिंघम में चाकू से हमले के दौरान ओ मैली कुमार ने अपने दोस्त को बचाने की कोशिश में जान गंवा दी थी। ग्रेस की तब उम्र 19 साल थी। जून 2023 में वह अपने दोस्त बार्नबी वेबर (19 वर्षीय) के साथ नॉटिंघम में विश्वविद्यालय से लौट रही थीं। तभी वाल्डो कालोकैन ने दोनों पर चाकू से हमला कर दिया था। इस हमले में दोनों की मौत हो गई थी। बाद में कालोकैन को मानसिक रूप से अस्वस्थ घोषित किया गया और उसे एक उच्च-सुरक्षा वाले अस्पताल में हिरासत में रखने का आदेश दिया गया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने जॉर्ज मेडल की घोषणा करते हुए कहा, मैं सभी सम्मान प्राप्त करने वालों को श्रद्धांजलि देना चाहता हूं, जिसमें ग्रेस ओ मैली कुमार भी शामिल हैं, जिन्होंने अपने दोस्त की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। (अनंत ज्ञान)

## तमिलनाडु के पूर्व सीएम एमजी रामाचंद्रन की मूर्ति तोड़ी

**एजेंसी चेन्नई।** मदुरै में सोमवार को एआईएडीएमके के संस्थापक और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एमजी रामाचंद्रन की 35 साल पुरानी मूर्ति को तोड़ दिया गया। मूर्ति टूटने के बाद उनकी पार्टी के कार्यकर्ता गुस्से में आ गए। उन्होंने पुलिस से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। यह 3.5 फुट ऊंची मूर्ति अवनीपुरम के थिरुप्परनकुंद्रम निर्वाचन क्षेत्र में थी। यह जगह प्रसिद्ध जलीकट्टू अखाड़े के बहुत पास है। स्थानीय लोग दशकों से इस मूर्ति का बहुत सम्मान करते आ रहे हैं। उनके लिए यह जगह एक मंदिर जैसी थी। लोगों का कहना है कि इस नुकसान से उनकी भावनाएं बहुत आहत हुई हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी की मदद से इस मामले की जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

# ओडिशा में दुर्गा विसर्जन के दौरान हिंसा, 25 घायल

**एजेंसी, कटक**

ओडिशा के कटक में रविवार को दुर्गा पूजा विसर्जन के दौरान 2 गुटों में हुई झड़पों के बाद हालात तनावपूर्ण बने हैं।

प्रशासन ने रात 10 बजे से पूरे शहर में कर्फ्यू लगा दिया है। इंटरनेट सर्विस बंद है। इस हिंसा में 25 लोग घायल हुए हैं। अब तक 6 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। विश्व हिंदू परिषद ने सोमवार को सुबह से शाम तक 12 घंटे का बंद बुलाया है। वीएचपी के प्रवक्ता ने कहा- प्रशासन बार-बार अनुरोध के बावजूद शांतिपूर्ण विसर्जन सुनिश्चित नहीं करा पाया। दरअसल, कटक के दरागाबाजार इलाके से विसर्जन शोभायात्रा देबीगारा में नदी के तट तक जा रही थी। रात के करीब 1:30 बजे से 2 बजे के बीच हाती पोखरी इलाके में हिंसा हुई।

पुलिस के अनुसार, झगड़ा तब शुरू हुआ जब कुछ स्थानीय लोगों ने जुलूस में बज रहे तेज आवाज वाले संगीत का विरोध किया। थोड़ी ही देर में विवाद बढ़ गया। छतों से पत्थर और बोतलें फेंकी जाने लगीं, जिससे कई लोग घायल हुए। घायलों में डीसीपी खिलाड़ी ऋषिकेश ज्ञानदेव भी शामिल हैं। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज भी करना पड़ा। कई गाड़ियां और दुकानें तोड़ दी गईं।

लगभग तीन घंटे तक विसर्जन रुका रहा। बाद में कड़ी सुरक्षा में विसर्जन दोबारा शुरू हुआ और सुबह 9:30 बजे तक सभी मूर्तियों का विसर्जन पूरा कर लिया गया। असिस्टेंट फायर ऑफिसर संजीब कुमार बेहेरा ने कहा कि दंगाइयों ने गौरीशंकर पार्क के पास कई जगहों पर आग लगाई। (अनंत ज्ञान)

### सीएम बोले-दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का आरोप है। दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी। घायलों का मुफ्त इलाज किया जाएगा।

# सीरिया में 14 साल बाद चुनाव

**एजेंसी, दमिश्क**

सीरिया में लगभग 14 साल बाद संसदीय चुनाव हुए हैं। एक ऐसा देश जो बशर अल-असद की तानाशाही और 13 साल लंबे गृहयुद्ध से तबाह हुआ।

रविवार सुबह दमिश्क में मतदान शुरू हुआ तो इसे असद युग के अंत के बाद नए दौर की शुरुआत बताया गया। पिछले साल दिसंबर में तख्तापलट किए जाने के बाद अहमद अल-शरा ने अंतरिम राष्ट्रपति के तौर पर सत्ता संभाली थी। इसके बाद उन्होंने अमेरिका और पश्चिमी देशों से संबंध बेहतर किए। अल-शरा को अमेरिका ने मई



2013 में स्पेशल डेसिग्नेटेड ग्लोबल टेररिस्ट घोषित किया था। 12 साल बाद अमेरिका ने जुलाई 2025 को उनका नाम आतंकियों की सूची से बाहर किया। अपने आप में यह एक अनोखा मामला है। अल-शरा ने पिछले साल अंतरिम राष्ट्रपति का पद संभलाने के बाद वादा किया था कि यह चुनाव लोकतांत्रिक बदलाव की दिशा में पहला कदम होगा, मगर हकीकत में जनता को वोट देने का अधिकार ही नहीं मिला। 210 सदस्यीय संसद में दो-तिहाई यानी 140 सीटों पर मतदान 7 हजार चयनित चुनावी कॉलेज सदस्यों ने किया, जिन्हें सरकार द्वारा नियुक्त जिला समितियों ने चुना था। शेष 70 सीटें खुद शरा की नियुक्ति से भरी जाएंगी। आम जनता और राजनीतिक दल दोनों ही चुनाव प्रक्रिया से बाहर हैं। सबसे बड़ा विवाद जनता की अनुपस्थिति का है। आलोचकों के मुताबिक यह चुनाव शरा सरकार की वैधता मजबूत करने की कवायद है, न कि जनता की इच्छा का प्रतीक। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका के शिकागो में नेशनल गाड्र्स से भिड़े प्रदर्शनकारी, 1000 से ज्यादा गिरफ्तार

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को इलिनॉय राज्य के शिकागो में बढ़ते अपराध और प्रदर्शनों को देखते हुए 300 नेशनल गाड्र्स तैनात किए। इसके बाद इन गाड्र्स और प्रदर्शनकारियों में झड़प हो गई।

व्हाइट हाउस की प्रवक्ता अबिगेल जैक्सन ने कहा-ट्रंप शहरों में गड़बड़ी को रोकना चाहते हैं। ये सैनिक हमारे अधिकारियों और सामान की रक्षा करेंगे। अब तक 1000 से ज्यादा प्रदर्शनकारी गिरफ्तार किए गए हैं। यह कार्रवाई होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट के ऑपरेशन मिडवे ब्लिट्ज के तहत की जा रही है। इसे सितंबर 2025 में शुरू किया गया था। इसके तहत अपराधियों और अवैध अप्रवासियों को



गिरफ्तार किया जा रहा है। यह ऑपरेशन केटी अब्राहम नाम की एक लड़की की मौत के बाद शुरू किया गया। एक अवैध अप्रवासी ने पिछले महीने नशे हालात में तेज रफ्तार कार से केटी को कुचल दिया था। शिकागो में कई जगह प्रदर्शनकारियों और नेशनल गाड्र्स के बीच झड़प भी हुई, जिसमें पेपर स्प्रे और रबर की गोलियां इस्तेमाल की गईं। (अनंत ज्ञान)

## समझौता

### प्रशांत महासागर में चीन के दबदबे को चुनौती देने की कोशिश कर रहे

# ऑस्ट्रेलिया और पापुआ न्यू गिनी के बीच रक्षा संधि

**एजेंसी, मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलिया और पापुआ न्यू गिनी के नेताओं ने सोमवार को ऐतिहासिक रक्षा संधि पर हस्ताक्षर कर दिए। इस रक्षा संधि के जरिए दोनों देश प्रशांत महासागर में चीन के दबदबे को चुनौती देने की कोशिश कर रहे हैं।

चीन का भी मानना है कि यह संधि उसे अनुचित रूप से निशाना बनाती है। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज और पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे ने इस समझौते को एक पारस्परिक रक्षा संधि बताया जो उनके रक्षा बलों और सैन्य कर्मियों के बीच एकीकरण करेगी।

यह ऑस्ट्रेलिया और उसके सबसे करीबी पड़ोसी और पूर्व उपनिवेश पापुआ न्यू गिनी के बीच इस तरह की पहली संधि है। इस रक्षा संधि के अलावा ऑस्ट्रेलिया का, अमेरिका और न्यूजीलैंड के साथ भी गठबंधन स्तरीय सुरक्षा समझौता है, जो साल 1951 में हुआ था। ऑस्ट्रेलिया और पापुआ न्यू गिनी की संसद से मंजूरी मिलने के बाद इस संधि पर दोनों देशों के नेताओं ने हस्ताक्षर किए। (अनंत ज्ञान)

### चीन की चिंताओं को पापुआ न्यू गिनी ने खारिज किया

मारापे ने सोमवार को कहा पापुआ न्यू गिनी की विदेश नीति सभी के मित्र, किसी के शत्रु नहीं की रही है और ये संधि भी उस नीति को कमजोर नहीं करती है। उन्होंने कहा कि हम पारदर्शी रहे हैं। हमने चीन को बताया है कि ऑस्ट्रेलिया, हमारा पसंदीदा सुरक्षा साझेदार बन गया है और वे इसे समझते हैं। गौरतलब है कि हाल के वर्षों में अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया, दोनों ने पापुआ न्यू गिनी के साथ सैन्य संबंध बढ़ाए हैं, जिसे प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने में एक रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण साझेदार के रूप में देखा जाता है। चीन ने सोलोमन द्वीप समूह के साथ एक सुरक्षा समझौता किया, जिससे दक्षिण प्रशांत क्षेत्र में एक चीनी नौसैनिक अड्डा स्थापित होने की संभावना बढ़ गई है। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया ने साल 2022 से पापुआ न्यू गिनी के साथ अपने संबंधों को मजबूत करना शुरू कर दिया।

# बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, निफ्टी 25000 के पार

**एजेंसी, मुंबई**



हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 582.95 अंक उछलकर 81,790.12 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 639.25 अंक की बढ़त के साथ 81,846.42 अंक पर पहुंच गया। वहीं] 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 183.40 अंक की बढ़त के साथ 25,077.65 पर आ गया। निवेशकों की वैल्यू लिवाली के चलते सोमवार को निफ्टी तीन सत्रों में 466 अंक बढ़कर 25,000 के स्तर पर पहुंच गया। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### सेंथिलकुमार, वीर चोटरानी ने बनाई न्यूयॉर्क स्क्वाश के फाइनल में जगह

**एजेंसी, न्यूयॉर्क।** भारत के वेलावन सेंथिलकुमार और वीर चोटरानी ने न्यूयॉर्क में चल रहे 74 हजार डॉलर इनामी पीएसए कांस्य प्रतियोगिता ओपन स्क्वाश क्लासिक के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। गत राष्ट्रीय चैंपियन और दुनिया के 45वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिलकुमार ने पाकिस्तान के मोहम्मद असब इरफान को रविवार को पहले दौर में 11-2, 11-8, 14-12 से हराया। चोटरानी ने हमवतन अभय सिंह के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए 6-11, 11-6, 11-5, 11-5 से जीत दर्ज की। टूर स्तर पर इन दोनों खिलाड़ियों के बीच यह पहला मुकाबला था। आठवें वरीय रमित टंडन को पहले दौर में बाई मिली। (अनंत ज्ञान)

### और अधिक तेज गति से गेंदबाजी करना चाहती हैं क्रांति गौड़

**एजेंसी, कोलंबो।** पांच महीने से भी कम समय पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाली क्रांति गौड़ तेजी से भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआ बन गई हैं और यह युवा तेज गेंदबाज अब और अधिक तेज गति से गेंदबाजी करना चाहती है। रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ महिला विश्व कप के बेहद अहम मुकाबले में इस तेज गेंदबाज ने 10 ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट चटकाए। उन्होंने तीन मेडन ओवर भी फेंके जिससे 247 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 88 रन से हार गई। क्रांति ने कहा कि मेरा भारत के लिए पदार्पण भी श्रीलंका में हुआ था और आज मैं यहां मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनी हूं। यह मेरे और मेरे परिवार के लिए गर्व का क्षण है। मैं बहुत खुश हूं। भारत के गेंदबाजी कोच आविष्कार साल्वी के साथ बातचीत के बारे में पूछे जाने पर, क्रांति ने कहा, 'अभी गेंदबाजी कोच ने मुझे मेरी गति के बारे में कुछ नहीं कहा है।' (अनंत ज्ञान)

### महिला सीनियर टी-20 प्रतियोगिता के लिए हिमाचल टीम की घोषणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** बीसीसीआई महिला सीनियर (टी-20) एलीट टूर्नामेंट 2025-26 के लिए हिमाचल की महिला सीनियर टीम की घोषणा कर दी गई है। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) ने महिला वरिष्ठ खिलाड़ियों का चयन कर टीम की सोमवार को घोषणा कर दी है। टीम का जिम्मा वरिष्ठ खिलाड़ी एवं पूर्व में भारतीय टीम का हिस्सा रही सुषमा वर्मा को दिया गया है। चयनित टीम के खिलाड़ियों में नैंसी शर्मा चंबा, ज्योति ठाकुर कांगड़ा, प्रीती देवी कांगड़ा, सुष्मिता कुमारी किन्नौर, मोनिका कुल्लू, यमुना देवी कुल्लू, नीना चौधरी मंडी, निकिता मंडी, शिवानी मंडी, सोनल मंडी, देवांशी वर्मा शिमला, मनीषा शिमला, निकिता चौहान शिमला, प्राची चौहान शिमला, सुषमा वर्मा (कप्तान) शिमला, वासुवी फिश्टा शिमला शामिल हैं। इसके अलावा टीम में सहायक कर्मचारियों में योगिंदर पुरी कोच, प्रेम सिंह सहायक कोच, शिवानी शर्मा फील्डिंग कोच, मनीषा फिजियो, वीना देवी प्रशिक्षक, आशुतोष पांडे वीडियो विश्लेषक, सोनाली ठाकुर मसाजर तथा शिव कपूर को बतौर प्रबंधक नियुक्त किया गया है। (अनंत ज्ञान)


### विश्व जूनियर चैंपियनशिप में भारत की शानदार शुरुआत

**एजेंसी, गुवाहाटी।** मेजबान भारत ने सोमवार को बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप के पहले दिन सुहांदिनाता कप में अपने मिश्रित टीम अभियान की शुरुआत पड़ोसी देश नेपाल पर शानदार जीत के साथ की, जबकि श्रीलंका ने यूएई को रोमांचक मुकाबले में हराकर चौंका दिया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारत ने अपनी टीम में प्रयोग किया लेकिन फिर भी ग्रुप एच के अपने पहले मैच में 45-18, 45-17 से जीत हासिल की जबकि श्रीलंका ने यूएई पर 30-45, 45-34, 45-44 से जीत हासिल की। (अनंत ज्ञान)

### पाक की सिदरा को आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन पर लगी फटकार

**एजेंसी, कोलंबो।** पाकिस्तान की सलामी बल्लेबाज सिदरा अमीन को भारत के खिलाफ महिला विश्व कप मैच के दौरान आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ने फटकार लगाई और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक जुड़ गया। अमीन ने रविवार को भारत के खिलाफ आर प्रेमदासा स्टेडियम में 81 रन की पारी खेली, लेकिन उनकी टीम जीत के लिए 247 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 159 रन पर आउट हो गई। अमीन की संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी के बावजूद भारत ने मैच 88 रन से जीता। आईसीसी ने कहा कि सिदरा को खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। (अनंत ज्ञान)

### शुभंकर डनहिल लिंक्स में संयुक्त 61वें स्थान पर, मैकिंटायर को खिताब



**एजेंसी, कार्नोस्टी (स्कॉटलैंड)।** भारत के शुभंकर शर्मा मौसम से प्रभावित अल्फर्ड डनहिल लिंक्स गोल्फ टूर्नामेंट के अंतिम दौर में एक अंडर 71 के स्कोर से संयुक्त रूप से 61वें स्थान पर रहे। खराब मौसम के कारण प्रतियोगिता को तीन दौर और 54 होल तक सीमित कर दिया गया। शुभंकर ने अंतिम दौर में दो बर्डी और एक बोगी की। उनका कुल स्कोर पांच अंडर रहा। इंडियन ओपन के बाद वह पहली बार कट हासिल करने में सफल रहे। राइडर कप विजेता रॉबर्ट मैकिनटायर ने लगातार तीसरे दौर में छह अंडर 66 के स्कोर से कुल 18 अंडर के स्कोर के साथ चार शॉट से खिताब जीता। (अनंत ज्ञान)

### वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर बर्नार्ड जूलियन का 75 वर्ष की उम्र में निधन



**वलसेन (त्रिनिदाद)।** वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर और 1975 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य बर्नार्ड जूलियन का शनिवार को 75 वर्ष की उम्र में वलसेन (त्रिनिदाद) में निधन हो गया। उन्होंने वेस्टइंडीज की ओर से 24 टेस्ट और 12 वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों में हिस्सा लिया था। जूलियन ने 1975 के पहले विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था। श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने 4 विकेट पर 20 रन, न्यूजीलैंड के खिलाफ 4 विकेट पर 27 रन और फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 37 गेंदों में 26 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली थी। वह बाएं हाथ की तेज गेंदबाजी, बेहतरीन स्ट्रोकप्ले और जीवंत फील्डिंग के लिए जाने जाते थे। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान क्लाइव लॉयड ने उन्हें 1975 की विजेता टीम का अहम स्तंभ बताया। उन्होंने एक बयान में कहा कि वह हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देते थे। मैंने कभी उन्हें जिम्मेदारी से पीछे हटते नहीं देखा। वह एक सच्चे टीम खिलाड़ी थे, जिन पर मैं हमेशा भरोसा कर सकता था-बल्ले और गेंद दोनों से। वे एक बेहतरीन क्रिकेटर थे। (अनंत ज्ञान)

# लंका प्रीमियर लीग में पहली बार हिस्सा लेंगे भारतीय खिलाड़ी

## टी-20 टूर्नामेंट: 24 मैच होंगे, 20 लीग मैच और चार नॉकआउट मैच शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के आयोजकों ने सोमवार को घोषणा की कि भारतीय क्रिकेटर पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे, जिसका छठा सत्र एक दिसंबर से शुरू होगा।

**एक दिसंबर से शुरू होगा छठा सत्र**

इस टी-20 टूर्नामेंट में कुल 24 मैच होंगे, जिसमें 20 लीग मैच और चार नॉकआउट मैच शामिल हैं। ये मैच तीन प्रमुख स्थलों कोलंबो के आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, कैंडी के पाल्लेकल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और दांबुला के रनगीरी दांबुला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। 'पहली बार भारतीय क्रिकेटरों के इस टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद है। उनके नामों की घोषणा जल्द ही की जाएगी जिससे पूरे क्षेत्र के प्रशंसकों में उत्साह का एक नया स्तर जुड़ जाएगा।' इस प्रारूप के अनुसार लीग चरण के दौरान सभी पांच फ्रेंचाइजी एक-दूसरे के खिलाफ दो बार प्रतिस्पर्धा करेंगी। राउंड रोबिन चरण के अंत में शीर्ष चार में रहने वाली टीम प्लेऑफ में जगह बनाएंगी। शीर्ष दो टीम क्वालीफायर एक में खेलेंगी, जिसका विजेता सीधे फाइनल में जगह बनाएगा। तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम एलिमिनेटर में आमने-सामने होंगी। इस मुकाबले का विजेता क्वालीफायर एक में हारने वाली टीम से क्वालीफायर दो में भिड़ेगा जिससे, फाइनल में जगह बनाने वाली दूसरी टीम का फैसला होगा। (अनंत ज्ञान)

## 23 सदस्यीय अंडर-17 भारतीय महिला फुटबाल टीम घोषित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** अंडर-17 महिला फुटबाल टीम के मुख्य कोच जोकिम एलेक्जेंडरसन ने सोमवार को 2026 एएफसी अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की। यह क्वालीफायर 13 से 17 अक्तूबर तक किर्गिस्तान के बिश्केक में खेला जाएगा। तीन टीम के ग्रुप जी में भारत का सामना 13 अक्तूबर को मेजबान किर्गिस्तान और 17 अक्तूबर को उज्बेकिस्तान से होगा।

ग्रुप विजेता अगले साल चीन में होने वाले 12 टीम के फाइनल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेगा। अगस्त में भूटान में सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप जीतने के बाद भारतीय टीम ने बेंगलुरु में ट्रेनिंग शिविर जारी रखा और फिर गोवा में ट्रेनिंग की। भारतीय टीम पहले मैच से छह दिन पूर्व मंगलवार को बिश्केक पहुंचेगी, जिससे कि किर्गिस्तान की राजधानी के अपेक्षाकृत ठंडे मौसम के अनुकूल हो सके। (अनंत ज्ञान)

**टीम**

**गोलकीपर:** मुन्नी, सूरजमुनि कुमारी, थमीना फातिमा।

**डिफेंडर**

एलेना देवी सारंगथेम, अलीशा लिंगदोह, बिनीता होरो, दिव्यानी लिंडा, एलिजाबेद लाकड़ा, जॉयशिनी चानू हुइड्रोम, रितु बडाईक, तानिया देवी टोनंबम।

**मिडफील्डर**

अभिस्ता बासनेट, अनिता डुंगडुंग, बोनिफिलिया शुल्लाई, जुलान नोंगमैथेम, प्रीतिका बर्मन, श्वेता रानी, थंडामोनी बास्की।

**फारवर्ड**

अनुष्का कुमारी, अनविता रघुरमन, नीरा चानू लोंगजाम, पर्ल फर्नांडिस, वैलेना फर्नांडिस।

## शंघाई मास्टर्स 2025: डिफेंडिंग चैंपियन जैनिक सिनर चोटिल

**एजेंसी, शंघाई**



शंघाई मास्टर्स 2025 में मौजूदा चैंपियन जैनिक सिनर को नीदरलैंड्स के टैलन ग्रीकस्पूर के खिलाफ तीसरे राउंड के मुकाबले में पैर की चोट के कारण मैच से रिटायर होना पड़ा। विश्व नंबर दो सिनर को तीसरे सेट के चौथे गेम के दौरान पैर में तकलीफ महसूस हुई। उन्होंने खेल जारी रखने की कोशिश की, लेकिन स्कोर 6-7(3), 7-5, 3-2 के समय उन्होंने मुकाबला छोड़ दिया। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला।

सिनर ने टाईब्रेक में शानदार खेल दिखाया और दो ऐस लगाकर शुरुआती बढ़त हासिल की। दूसरे सेट में रोमांच और बढ़ गया। डच खिलाड़ी ग्रीकस्पूर ने दूसरे गेम में तीन ब्रेक प्वॉइंट बचाए और आखिरकार 11वें गेम में बैकहैंड शॉट से ब्रेक करते हुए सेट जीतकर मुकाबले को आधी रात के बाद तक खींच लिया। तीसरे सेट के चौथे गेम में सिनर दर्द से झुक गए और कोर्ट पर लंगड़ाते हुए चलते दिखे। उनकी स्थिति अगले गेम में और बिगड़ गई, जिसके बाद उन्होंने कुछ आसान शॉट्स नेट में मारे और ग्रीकस्पूर को आसान ब्रेक मिल गया। अंततः उन्हें सहायता लेकर कोर्ट छोड़ना पड़ा और उन्होंने मैच से रिटायर होने का फैसला किया। सिनर की यह चोट गंभीर बताई जा रही है और अब यह देखना होगा कि वह आगे आने वाले टूर्नामेंट्स में कितनी जल्दी वापसी कर पाते हैं। (अनंत ज्ञान)

## बोपन्ना करेंगे टेनिस प्रीमियर लीग सीजन 7 की अगुवाई

### विश्व के दिग्गज खिलाड़ी लुसियानो डार्डेरी, कोरेंटिन मौटे और एलेक्जेंड्रे मुलर भी लेंगे हिस्सा

**एजेंसी, मुंबई**



टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) का सातवां सीजन इस साल 9 से 14 दिसंबर तक अहमदाबाद के गुजरात यूनिवर्सिटी टेनिस स्टेडियम में खेला जाएगा। यह सीजन भारतीय टेनिस के लिए एक ऐतिहासिक और रोमांचक उत्सव बनने जा रहा है, जिसमें भारत के दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन रोहन बोपन्ना, विश्व नंबर 29 लुसियानो डार्डेरी (इटली), विश्व नंबर 38 कोरेंटिन मौटे (फ्रांस) और विश्व नंबर 39 एलेक्जेंड्रे मुलर (फ्रांस) जैसे दिग्गज खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

9 अक्तूबर को मुंबई में होने वाली सीजन 7 की नीलामी के लिए आठों फ्रेंचाइजी अपनी टीमों को इन स्टार खिलाड़ियों के इर्द-गिर्द तैयार करने में जुटी हैं। भारत के अनुभवी स्टार और दो बार के ग्रैंड स्लैम विजेता रोहन बोपन्ना, जिन्होंने पिछले साल अपना टीपीएल डेब्यू किया था, इस बार एसजी पाइपर्स बेंगलुरु टीम की ओर से खेलते नजर आएंगे। ग्रैंड स्लैम और एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी 45 वर्षीय बोपन्ना लीग के उस विजन को आगे बढ़ा रहे हैं, जिसमें भारतीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाओं का संगम दिखता है।

**लुसियानो डार्डेरी राजस्थान रेंजर्स से खेलेंगे**

इटली के लुसियानो डार्डेरी (विश्व रैंक 29) इस बार राजस्थान रेंजर्स से खेलेंगे, जबकि फ्रांस के कोरेंटिन मौटे (विश्व रैंक 38) गुरुग्राम ग्रैंड स्लैमर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं, एलेक्जेंड्रे मुलर (विश्व रैंक 39) गुजरात पैंथर्स से और आर्थर रिंडरकनेक (विश्व रैंक 54) हैदराबाद स्ट्राइकर्स से खेलेंगे। इसके अलावा दामीर जुमहूर (बोस्निया और हर्जेगोविना, पूर्व विश्व रैंक 23, मौजूदा 67) यश मुंबई ईगल्स की अगुवाई करेंगे। अर्जेंटीना के टोमास मार्टिन एटचेवेरी (विश्व रैंक 58) जीएस दिल्ली एसेस से और चेक गणराज्य के युवा स्टार डालीबोर स्वर्शिना (विश्व रैंक 91) चेन्नई स्मैशर्स से खेलेंगे। अब अपने लगातार सातवें संस्करण में प्रवेश कर चुकी टेनिस प्रीमियर लीग भारत की सबसे सफल खेल प्रतियोगिताओं में से एक बन गई है। यह देश की केवल चौथी ऐसी लीग है, जिसने सात सीजन का मुकाम हासिल किया है। लीग को टेनिस के दिग्गज लिएंडर पेस, सानिया मिर्जा, महेश भूपति (सीईओ- एसजी पाइपर्स) और बॉलीवुड हस्तियों रकुल प्रीत सिंह व सोनाली बेंद्रे बेहल का समर्थन प्राप्त है। टीपीएल अपने अनोखे फॉर्मेट, विश्व स्तरीय खिलाड़ियों और डिजिटल सहभागिता के जरिए भारत में टेनिस को एक नए रूप में पेश कर रहा है। टीपीएल के सह संस्थापक कुनाल ठाकुर ने कहा कि इस साल हमारे पास लुसियानो डार्डेरी, कोरेंटिन मौटे और एलेक्जेंड्रे मुलर जैसे विश्व स्तरीय नाम हैं, जो हमारे अपने ग्रैंड स्लैम चैंपियन रोहन बोपन्ना के साथ खेलेंगे। ऐसे खिलाड़ियों की मौजूदगी न केवल प्रतियोगिता के स्तर को ऊंचा करती है, बल्कि भारतीय टेनिस के युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरित करती है। जीएस दिल्ली एसेस के ब्रांड एंबेसडर लिएंडर पेस ने कहा कि टेनिस प्रीमियर लीग भारत की सबसे प्रतिष्ठित खेल संपत्तियों में से एक बन गई है। (अनंत ज्ञान)

## बांग्लादेश के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा इंग्लैंड

**एजेंसी, गुवाहाटी**

**अनुभवी** खिलाड़ियों से सजी चार बार की चैंपियन इंग्लैंड की टीम मंगलवार को यहां आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप लीग मैच में बांग्लादेश के खिलाफ जीत की प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी।

दोनों टीम ने अपने-अपने शुरुआती मैच जीतकर टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की है। बांग्लादेश ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया, जबकि इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 69 रन पर ढेर करने के बाद 10 विकेट से जीत दर्ज की। हालांकि, अगर स्तर और उपलब्ध विकल्पों पर गौर करें तो इंग्लैंड अपने एशियाई प्रतिद्वंद्वियों से काफी आगे है।

**इंग्लैंड की तिकड़ी कर सकती है विरोधी टीम के लिए मुश्किलें पैदा**

टैमी ब्यूमोंट, एमी जोन्स, हीथर नाइट, नैट स्किवर-ब्रंट, सोफी एकलेस्टोन, लॉरेन बेल और सोफिया डंकले जैसी क्षमतावान खिलाड़ियों के साथ इंग्लैंड की टीम काफी मजबूत नजर आ रही है।

ये वैश्विक स्तर पर महिला क्रिकेट में बहुत बड़े नाम हैं और विश्व कप जैसी प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा की चुनौतियों से परिचित हैं। दूसरी ओर कप्तान और विकेटकीपर दोनों की भूमिका निभाने वाली निगार सुल्ताना, रुबिया हैदर, निशिता अख्तर निशी और सुमैया अख्तर जैसी खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में बांग्लादेश की उम्मीदों का भार संभाल रही हैं, लेकिन बांग्लादेश की टीम इंग्लैंड की टीम जितनी अनुभवी या मजबूत नहीं है, जिसकी नजरें अपने पांचवें एकदिवसीय विश्व खिताब पर टिकी हैं। इंग्लैंड ने पिछली बार 2017 में इस टूर्नामेंट को जीता था। चार दिन पहले इसी मैदान पर दक्षिण अफ्रीका को हराने और अपने पहले मैच से पूर्व यहां कुछ समय तक अभ्यास करने के बाद पारंपरिक रूप से मजबूत इंग्लैंड यहां की परिस्थितियों से परिचित हो गया है। हालांकि इंग्लैंड-दक्षिण अफ्रीका के मैच में इंग्लैंड की गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत 150 से कम रन बने, लेकिन बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम की पिच को बल्लेबाजों के अनुकूल माना जाता है और यहां अक्सर बड़े स्कोर वाले मुकाबले देखने को मिलते हैं। उछाल आमतौर पर समान रहता है और गेंद बल्ले पर अच्छी तरह आती है जिससे बल्लेबाजों को अपने शॉट खेलने का आत्मविश्वास मिलता है। मैच आगे बढ़ने के साथ हालांकि पिच धीमी होती जा रही है जिससे स्पिनरों और धीमी गति के गेंदबाजों के अनुकूल हालात हो जाते हैं। इंग्लैंड की गेंदबाजों का अनुभव काम आएगा, क्योंकि लिंसे स्मिथ, सोफी एक्लेस्टोन और चार्ली डीन की स्पिन तिकड़ी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने सफल प्रदर्शन के बाद एक बार फिर विरोधी टीम के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती हैं। (अनंत ज्ञान)

**संभावित टीमें**

**इंग्लैंड:** नेट स्किवर ब्रंट (कप्तान), एम आर्लोट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एकलेस्टोन, लॉरेन फाइलर, सारा ग्लेन, एमी जोन्स, हीथर नाइट, एम्मा लैम्ब, लिन्से स्मिथ, डैनी वॉट-हॉज।

**बांग्लादेश:** निगार सुल्ताना जोटी (कप्तान), नाहिदा अख्तर, फरजाना हक, रुब्या हैदर झेलिक, शर्मिन अख्तर सुप्ता, सोभना मोस्तरी, रितु मोनी, शोर्ना अख्तर, फाहिमा खातून, राबेया खान, मारुफा अख्तर, फरिहा इस्लाम त्रिस्ना, शंजीदा अख्तर माघला, निशिता अख्तर निशी और सुमैया अख्तर।

**समय: मैच आज दोपहर तीन बजे शुरू होगा।**

### महिला वनडे विश्व कप: पाक पर मिली जीत पर बोलीं हरमनप्रीत

## बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी पिच

**एजेंसी, कोलंबो**



कोलंबो में खेले गए महिला वनडे विश्व कप 2025 के मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 88 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैच के बाद कहा कि यह टीम के लिए 'बहुत अहम मुकाबला' था और जीत से वह बहुत खुश हैं, लेकिन यह आसान नहीं रहा। भारत की बल्लेबाजी फिर एक बार लड़खड़ाई और टीम एक समय 203 रन पर 7 विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी। हालांकि, ऋचा घोष ने अंत में नाबाद 35 रन (20 गेंदों पर) की ताबड़तोड़ पारी खेलकर स्कोर को 247 तक पहुंचाया। मैच के बाद हरमनप्रीत ने कहा कि सच कहूं तो इस पिच पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था। हमने बस यह सोचा कि जितना लंबा खेल सकें, उतना अच्छा रहेगा।

पिछली बार जब हम यहां त्रिकोणीय सीरीज में खेले थे, तब विकेट अलग थे। लेकिन पिछले दो दिनों की बारिश से पिच में पकड़ आ गई थी। हमारी योजना थी कि आखिरी तक विकेट बचाए रखें, ताकि अंतिम ओवरों में रन बना सकें। (अनंत ज्ञान)

**गेंदबाजी में क्रांति गौड़ का शानदार प्रदर्शन**

**गेंदबाजी** में भारत की क्रांति गौड़ ने शानदार प्रदर्शन किया। तेज गेंदबाज गौड़ ने पाकिस्तान की शुरुआत बिगाड़ते हुए शुरुआती दस ओवरों में सदफ शमास और आलिया रियाज के विकेट झटके। उन्होंने 20 रन देकर तीन विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गईं। यह वही मैदान था जहां क्रांति ने इसी साल मई में अपना वनडे डेब्यू किया था। घरेलू वनडे फाइनल में उन्होंने चार गेंदों पर चार विकेट लेकर सभी को चौंका दिया था। कप्तान हरमनप्रीत ने उनकी तारीफ करते हुए कहा कि क्रांति ने शानदार गेंदबाजी की। रेनुका भी दूसरे छोर से अच्छी लाइन-लेंथ रख रही थीं, जिससे हमें शुरुआती ब्रेक थ्रू मिले।

**फील्डिंग में सुधार की जरूरत**

भारत ने फील्डिंग में कई मौके गंवाए। टीम ने चार कैच छोड़े, जिनमें तीन कैच सिदरा अमीन के थे, जो पाकिस्तान की सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। हरमनप्रीत ने माना कि फील्डिंग में सुधार की जरूरत है।

**ला लीगा 2025-26** बार्सिलोना की अपराजेय शुरुआत पर लगाया विराम, अभी दूसरे स्थान पर

# सेविला ने बार्सिलोना को 4-1 से रौंदा

**एजेंसी, सेविला**



**सेविला** ने मौजूदा चैंपियन बार्सिलोना को 4-1 से हराकर ला लीगा में उसकी अपराजेय शुरुआत पर विराम लगा दिया और उसे अंक तालिका में शीर्ष पर लौटने से रोक दिया। 2015 के बाद सेविला की बार्सिलोना पर पहली लीग जीत रही, जिससे उसने आठ मैचों में 13 अंकों के साथ अस्थायी रूप से चौथा स्थान हासिल कर लिया। वहीं, 19 अंकों के साथ बार्सिलोना दूसरे स्थान पर बनी रही, जो शीर्ष पर मौजूद रियल मैड्रिड से दो अंक पीछे है। बार्सिलोना ने धीमी शुरुआत की और शुरुआती आधे घंटे में एक भी शॉट ऑन टारगेट नहीं लिया, जबकि सेविला ने शुरुआती पलों में ही अलेक्सिस सांचेज को लंबी गेंदों से मौके देने की कोशिश की।

**शीर्ष पर रियल मैड्रिड मौजूद सिर्फ दो अंक पीछे**

सेविला को 13वें मिनट में बढ़त मिली, जब इसाक रोमरो बार्सिलोना के रोनाल्ड अराउजो से टकरा गए और वीएआर समीक्षा के बाद रेफरी ने पेनल्टी दी। सांचेज ने अपने पूर्व आर्सेनल साथी वोज्शिच शेजनी को गलत दिशा में भेजते हुए गोल दाग दिया। 27वें मिनट में शेजनी ने रोमरो के शॉट को रोककर सेविला की बढ़त को दोगुना होने से बचाया, लेकिन 37वें मिनट में रूबेन वर्गास के शानदार क्रॉस पर रोमरो ने पहला ही टच लेते हुए गोल कर दिया और स्कोर 2-0 कर दिया। हाफ टाइम से ठीक पहले मार्कस रैशफोर्ड ने पेड्री के ऊंचे पास को बाएं पैर से नेट में पहुंचाकर बार्सिलोना की ओर से एक गोल वापस किया और स्कोर 2-1 कर दिया। (अनंत ज्ञान)

**90वें मिनट में बार्सिलोना की सारी उम्मीदें खत्म**

**दूसरे** हाफ में बार्सिलोना ने जोर लगाया और 76वें मिनट में बराबरी का मौका भी मिला, जब अडनान जानुजाज ने अलेजांद्रो बाल्डे को बॉक्स में गिरा दिया, लेकिन रॉबर्ट लेवांडोव्स्की की पेनल्टी किक गोलपोस्ट के बाहर चली गई। बार्सिलोना की उम्मीदें 90वें मिनट में खत्म हो गई, जब कारमोना ने डिफेंडर के पैरों के बीच से शॉट लगाकर स्कोर 3-1 कर दिया। इंजरी टाइम में सब्स्टीट्यूट एकोर एडम्स ने चिडेरा एजूके के पास पर गोल दागकर स्कोर 4-1 कर दिया। सेविला, जिसने लगातार दूसरा मैच जीता है, अब अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के बाद 18 अक्तूबर को मल्लोर्का के खिलाफ खेलेगी, जबकि उसी दिन बार्सिलोना का मुकाबला गिरोना से होगा।

## हिमाचल के नवीन पहलवान ने अंडर-23 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण



20 से 26 अक्तूबर तक सर्बिया में करेगा भारत का प्रतिनिधित्व।

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

**हनुमान** अखाड़ा लखनपुर के नवीन पहलवान ने अंडर-23 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 70 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

इस उपलब्धि के साथ ही ट्रायल के आधार पर नवीन का चयन भारतीय कुश्ती टीम में हुआ है और वह अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्बिया में 20 से 26 अक्तूबर तक भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। नवीन की इस सफलता से हिमाचल प्रदेश में खुशी की लहर दौड़ है। यह उपलब्धि प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। हनुमान अखाड़ा लखनपुर कोच बलबीर चिल्ला एवं बिलासपुर के लोगों ने नवीन पहलवान को शुभकामनाएं व बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।